आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश-विदेश 4 | अभिव्यक्ति 9 | राजनीतिक सरगर्मी 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, मंगलवार 26 सितंबर 2023, शुक्ल पक्ष दशमी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-9 अंक- 177 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

मोदी-अडानी का रिश्ता पूछा तो मेरी सांसदी छीन ली: राहुल

बिलासपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी सोमवार को बिलासपुर पहुंचे। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा आयोजित आवास न्याय योजना सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा मोदी जी, अडानी-अंबानी के जहाज में जाते हैं, आखिर ये रिश्ता क्या है। मैंने जब इस रिश्ते के बारे में पूछा तो जवाब तो नहीं आया, बल्कि मेरी लोकसभा की सदस्यता रद्द कर दी। इस मंच से राहुल गांधी ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदुस्तान की सरकार को एमएलए और एमपी नहीं चलाते, बल्कि कैबिनेट ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मेरे बात रखते ही घूम जाता है कैमरा

कांग्रेस नेता ने कहा कि जैसे ही मैं लोकसभा में कास्ट सेंसेस की बात करता था, तो कैमरा उधर हो जाता था। कोई फर्क नहीं पड़ता, हम सच्चाई रखते हैं, आपके पास, अपना वादा पूरा करते हैं। हम जो कहते हैं वो करके दिखाते हैं। मैंने आंकड़े निकाले, हिंदुस्तान की सरकार को एमएलए एमपी नहीं चलाते हैं, सेक्रेटरी और कैबिनेट सेक्रेटरी चलाते हैं। जो 90 सेक्रेटरी हैं वो डिसाइड करते हैं। मैंने चेक किया कि नरेंद्र मोदी जी की सरकार में 90 लोगों में से सिर्फ 5 लोग ओबीसी समाज से हैं। क्या हिंदुस्तान में 5 परसेंट लोग ओबीसी हैं, इस सवाल का जवाब कास्ट सेंसेस से मिल सकता है।

ट्रेन से रायपुर लौटे राहुल

राहुल गांधी ने सोमवार को ट्रेन में सफर किया। उन्होंने बिलासपुर से रायपुर तक 117 कि.मी. तक का सफर किया। इस दौरान पैसेंजर्स से उनकी समस्याओं पर बात भी की। बिलासपुर में हुए कांग्रेस के आवास सम्मेलन में शामिल होने के बाद राहुल बिलासपुर से इंटरसिटी एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में सवार हुए। वे शाम करीब पौने छह बजे रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे। राहुल ने ट्रेन में सामान्य यात्रियों की तरह सफर किया और घूम-घूमकर लोगों से भी मिले और उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

जातिगत गणना भारत का एक्सरे

राहुल गांधी ने कहा कि जातिगत जनगणना हिंदुस्तान का एक्सरे है। इससे पता लग जाएगा कि देश में ओबीसी कितने हैं। आदिवासी कितने हैं। सामान्य वर्ग से कितने हैं। एक बार आंकड़ा आ जाएगा, तो देश सबको लेकर आगे चल पाएगा। महिलाओं को भागीदारी देनी है, सबको भागीदारी देनी है तो जातिगत जनगणना करानी होगी। नरेंद्र मोदी जी जहां भी जाते हैं, ओबीसी वर्ग की बात करते हैं, कांग्रेस पार्टी ने कॉस्ट सेंसेस किया था, उसमें हिंदुस्तान में हर जाति के कितने लोग हैं, ये डेटा सरकार के पास पड़ा हुआ है। नरेंद्र मोदी जी वो डेटा पब्लिक को दिखाना नहीं चाहते हैं।

कांग्रेस का ठेका अब अर्बन नक्सलियों के पास: मोदी

भोपाल/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भोपाल में कहा, 'मोदी यानी हर गारंटी पूरी होने की गारंटी है। जब मोदी गारंटी देता है, तो वो जमीन पर उतरती है। घर-घर पहुंचती है।' कांग्रेस पर बड़ा हमला करते हुए मोदी ने कहा, 'कांग्रेस को अब कांग्रेस के नेता नहीं चला रहे। अब कांग्रेस एक कंपनी बन गई है। नारों से लेकर नीतियों तक हर चीज आउटसोर्स कर रही है। ये ठेका अब कुछ अर्बन नक्सलियों के पास है। कांग्रेस में अब अर्बन नक्सलियों की चल रही है।' मोदी ने जंबूरी मैदान में भाजपा के कार्यकर्ता महाकुंभ को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस ने अपनी सारी इच्छाशक्ति खो दी है। कांग्रेस के जमीन से जुड़े नेता चुपचाप मुंह पर ताला लगाकर बैठ गए हैं। कांग्रेस पहले बर्बाद हुई, बैंक करप्ट हुई, अब अपना ठेका दूसरे लोगों को दे दिया है। ये ग्राउंड पर कांग्रेस का हर कार्यकर्ता महसूस कर रहा है। कांग्रेस जमीन पर लगातार खोखली हो रही है।' मोदी ने आग्रह करते हुए कहा, '2 अक्टूबर को बापू की जयंती है। इससे पहले 1 अक्टूबर को स्वच्छता से जुड़ा कार्यक्रम पूरे देश में होने वाला है। मेरा आग्रह है कि आप सभी इस स्वच्छता के कार्यक्रम में जुड़िए।

त्योहारों में हमें 'वोकल फॉर लोकल' याद रखना है। खादी के कपड़े खरीदने हैं। जो गिफ्ट खरीदें, वो लोकल हो, भारत में बना हो, यह बात हमें कभी भी भूलनी नहीं है।'

सिर झुकाकर समर्थन किया

मोदी ने आपको जो गारंटी दी थी, वो पूरी हो गई। लोकसभा-राज्यसभा में 33 प्रतिशत सीट आरक्षित करने का कानून 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पारित हुआ। दशकों से देश की माताएं-बहनें इसका इंतजार कर रही थीं। यह तक कहा जाने लगा था कि शायद यह कभी नहीं हो पाएगा। कांग्रेस और उसके नए घमंडिया गठबंधन ने मजबूरी में इस बिल का समर्थन बहुत खट्टे मन से किया। इनके गठबंधन में जितने लोग हैं, वही लोग हैं, जिन्होंने 30 साल तक इस कानून को पारित नहीं होने दिया। पार्लियामेंट में हुड़दंग किया, बिल फाड़ दिए, स्पीकर पर हमले बोल दिए। इनको नारी शक्ति वंदन अधिनियम का मजबूरी में समर्थन इसलिए करना पड़ा, क्योंकि मेरी माताएं-बहनें जाग गई हैं। उन्होंने अपनी शक्ति का परिचय करवा दिया है। ये माताओं-बहनों से डरे हुए हैं। इसलिए सिर नीचा कर हाउस में बेमन से अंगुली दबा दी।

आज बेबाक

पड़ोसी देश आतंकिस्तान जो कंगालिस्तान ही नहीं बल्कि भिखारिस्तान भी बन चुका है ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र में बेसुरा कश्मीर राग अलापा है। पाक अधिकृत कश्मीर के लोग भारत में विलय की मांग कर रहे हैं और पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में जनमत संग्रह कराने की जिद पर अड़ा है। संयुक्तराष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान को जमकर लताड़ा और दो टूक शब्दों में कहा है कि वह जम्मू-कश्मीर की चिंता छोड़े और पाक अधिकृत कश्मीर को खाली करें। वैसे भी पीओके में बगावत की आंधी चल पड़ी है। बहुत जल्द पाक अधिकृत कश्मीर में तिरंगा फहराता नजर आ सकता है।

एआईडीएमके ने बीजेपी और एनडीए से तोड़ा नाता

चेन्नई (एजेंसी)। अन्नाद्रमुक (एआईएडीएमके) ने भाजपा और एनडीए से आधिकारिक तौर पर नाता तोड़ लिया है। पार्टी अगला लोकसभा और विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। पार्टी नेताओं ने सोमवार को हुई एक मीटिंग में इस संबंध में एक प्रस्ताव भी पारित किया है। पार्टी के डिप्टी कोर्डिनेटर केपी मुनुसामी ने मीडिया को बताया कि अन्नाद्रमुक आज से भाजपा और एनडीए से सभी संबंध तोड़ रही है। भाजपा के लोग पिछले एक साल से पार्टी नेताओं खासकर महासचिव ई पलानीसामी के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं। एआईएडीएम के प्रवक्ता शशिरेखा ने कहा- सदस्यों की राय के आधार पर हम यह प्रस्ताव लाए। यह अन्नाद्रमुक के लिए खुशी का क्षण है। हम आगामी लोकसभा या विधानसभा चुनाव अकेले अपने दम पर लड़ेंगे। 18 सितंबर को अन्नाद्रमुक नेता डी जयकुमार ने कहा था- तमिलनाडु के भाजपा प्रमुख के अन्नामलाई हमारी पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्रियों सीएन अन्नादुरई और जयललिता पर बयानबाजी करते हैं। हमारे कार्यकर्ता इस बात को कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। तमिलनाडु विधानसभा में भाजपा के सिर्फ4 एमएलए हैं। एक रिपोर्ट के

मुताबिक, जब एआईएडीएम में ई पलानीसामी और ओ पन्नीरसेल्वम के बीच विवाद गहरा गया था तो भाजपा ने खुद को प्रदेश में मुख्य विपक्षी दल के रूप में प्रोजेक्ट करना शुरू कर दिया था। इसी के बाद से दोनों सहयोगी दलों में मतभेद शुरू हो गए। बिहार, महाराष्ट्र, पंजाब के बाद तमिलनाडु चौथा राज्य है, जहां भाजपा के सहयोगी पार्टी से अलग हुए हैं। इससे पहले बिहार से नीतीश कुमार की जेडीयू, महाराष्ट्र से शिवसेना उद्धव गुट, पंजाब से शिरोमणि अकाली दल एनडीए से अलग हो चुके हैं।

सत्येंद्र जैन की जमानत 8 अक्टूबर तक बढ़ी

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने 25 सितंबर को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को मेडिकल आधार पर दी गई अंतरिम जमानत 8 अक्टूबर तक बढ़ा दी। जस्टिस एएस बोपन्ना और बेला एम त्रिवेदी की बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए सत्येंद्र जैन को राहत दी है। ईडी ने सुनवाई के दौरान कोर्ट से मांग की है कि जैन को सरेंडर करने को कहा जाए। हालांकि, जैन के वकील अभिषेक मनु सिंघवी कोर्ट में पेश नहीं हुए थे। इसीलिए कोर्ट ने मामले को 9 अक्टूबर को सुनवाई के लिए लिस्ट कर लिया। कोर्ट ने जैन को 26 मई को मेडिकल ग्राउंड पर 11 जुलाई तक की जमानत दी थी। इसके बाद से कोर्ट उनकी जमानत कई बार बढ़ा चुका है।

भाजपा ने नगालैंड, मेघालय और पुडुचेरी में बदले अध्यक्ष

नई दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा ने बेंजामिन येपथोमी को नगालैंड का अध्यक्ष बनाया है। साथ ही रिकमैन मोमिन को मेघालय और एस सेल्वगनबथी को पुडुचेरी का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। पहले मेघालय में अर्नेस्ट मावरी, नगालैंड में तेमजेन इमना अलॉन्ग और पुडुचेरी में वी सामिनाथन यह जिम्मेदारी संभाल रहे थे। नगालैंड और मेघालय में फरवरी 2023 में विधानसभा चुनाव हुए थे। वहीं, पुडुचेरी में 2021 में चुनाव हुए थे।

स्कॉर्पियो का एयरबैग नहीं खुला आनंद महिंद्रा समेत 13 पर केस दर्ज

कानपुर (एजेंसी)। यूपी के कानपुर में आनंद महिंद्रा समेत 13 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज हुई है। आरोप है कि स्कॉर्पियो का एयरबैग नहीं खुलने की वजह से युवक की हादसे में मौत हो गई थी। पीड़ित ने बताया कि थाने और चौकी में कंपनी की इस लापरवाही को लेकर सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद कोर्ट की मदद से रायपुरवा थाने में एफआईआर दर्ज कराई। कानपुर के जूही इलाके में रहने वाले राजेश मिश्रा ने बताया कि 2 दिसंबर 2020 को जरीब चौकी स्थित तिरुपति ऑटो से एक ब्लैक स्कॉर्पियो 17.39 लाख रुपए में खरीदी थी। कंपनी की ओर से गाड़ी की खूबियों और सुरक्षा के बारे में बताया गया था। इतना ही नहीं, कई सोशल मीडिया पर आनंद महिंद्रा द्वारा दिखाए गए ऐड देखकर इकलौते बेटे डॉ. अपूर्व मिश्रा को कार गिफ्ट की। 14 जनवरी 2022 को अपूर्व दोस्तों के साथ लखनऊ से कानपुर लौट रहे थे। कोहरे के चलते गाड़ी डिवाइडर से टकराकर

रायपुर में इनके खिलाफ एफआईआर

रायपुर व थाने में महिंद्रा कंपनी के मालिक आनंद गोपाल महिंद्रा, तिरुपति आटो के मैनेजर, मुंबई स्थित महिंद्रा कंपनी के निदेशक चंद्र प्रकाश गुरनानी, विक्रम सिंह मेहता, राजेश गणेश जेजुरिकर, अनीश दिलीप शाह, थोथला नारायणनासामी, हैग्रेव खेतान, मुथैया मुरुगप्पन मुथैया, विशाखा नीरुभाई देसाई, निसबाह गोदरेज, सिखासंजय शर्मा और विजय कुमार शर्मा के खिलाफ गैर इरादतन हत्या, धोखाधड़ी, जान से मारने की धमकी देना और साजिश रचने समेत कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज कराया गया है।

पलट गई और अपूर्व की मौके पर ही मौत हो गई थी। राजेश मिश्रा ने मीडिया को बताया कि बेटे ने सीट बेल्ट लगा रखा था। शरीर पर कोई जाहिरा चोट का निशान नहीं था, लेकिन एयरबैग नहीं खुलने की वजह से बेटे की मौत हो गई। राजेश का सीधा आरोप है कि धोखाधड़ी करके उन्हें गाड़ी बेची गई। इस बात को लेकर पहले ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एनडीए में जाने के सवाल पर नीतीश बोले - फालतू बात

पटना (एजेंसी)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार क्या फिर से एनडीए में जाएंगे? पटना में सोमवार को मीडिया के सवाल पर नीतीश ने कहा- ये सब फालतू बात है। इसमें मेरी कोई दिलचस्पी नहीं है। मेरा सिर्फ एक ही लक्ष्य है- विपक्ष को एकजुट करना। नीतीश कुमार सोमवार को पटना में जनसंघ (वर्तमान में भाजपा) के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती में शामिल होने पहुंचे। नीतीश कुमार ने इस कार्यक्रम के लिए हरियाणा में विपक्ष के महाजुटान से दूरी बना ली। नीतीश की एनडीए में वापसी

के सवाल पर बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और भाजपा सांसद सुशील मोदी ने कहा- नीतीश कुमार एक राजनीतिक बोझ बन गए हैं और अब वे नाक भी रगड़ लेंगे तो उनकी एंट्री एनडीए में नहीं होने जा रही है। इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) ने कैथल में हरियाणा के पूर्व सीएम चौधरी देवीलाल की जयंती के कार्यक्रम में नीतीश समेत विपक्षी गठबंधन के नेताओं को आमंत्रित किया था। इसमें नीतीश कुमार नहीं गए और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती में शामिल होने पहुंचे। इस पर नीतीश कुमार ने कहा- हम तो कितना जगह जाते हैं। कई जगह जाते हैं जहां जाना होता है वहां जाते ही हैं, इसमें कोई बड़ी बात थोड़े हैं। वहां पार्टी का कार्यक्रम तो पहले से तय है। नीतीश के साथ डिप्टी सीएम तेजस्वी भी इस कार्यक्रम में आए थे।

देश से मानसून की विदाई शुरू सामान्य से 6% कम बारिश

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश से सोमवार (17 सितंबर) मानसून की विदाई शुरू हो गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, इस साल मानसून सामान्य से आठ दिन की देरी से वापस जा रहा है। विभाग के मुताबिक, दक्षिण पश्चिमी मानसून आज दक्षिण पश्चिमी राजस्थान से विद-ड्रॉ हो गया है। इसके विदा होने की सामान्य तारीख 17 सितंबर थी। आईएमडी के मुताबिक, यह लगातार 13वां साल है, जब मानसून देरी से विदा हो रहा है। उत्तर पश्चिम भारत से मानसून के लौटने के साथ ही भारतीय उपमहाद्वीप से मानसून की विदाई की शुरुआत हो जाती है। मानसून की विदाई में देरी का मतलब है कि बारिश का सीजन लंबा रहा है, जिसका खेती पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। आमतौर पर दक्षिण पश्चिमी मानसून 1 जून तक केरल में दस्तक दे देता है और 8 जुलाई तक पूरे देश पर छा जाता है। वहीं, 17 सितंबर तक यह उत्तरपश्चिमी भारत से लौटना शुरू हो जाता है और 15 अक्टूबर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

1500 रुपए के लिए महादलित महिला को निर्वस्त्र कर पीटा

पटना (एजेंसी)। पटना में एक महादलित महिला की नग्न अवस्था में बेरहमी से पिटाई कर दी गई। गांव का ही एक दबंग पहले उस महिला को अपने घर ले गया। फिर बेटे के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर दी। इसके साथ ही दबंग ने अपने बेटे से महिला के मुंह पर पेशाब भी करवाया। मारपीट के बाद महिला के सिर पर गंभीर चोट आई है। महिला का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। घटना शनिवार की रात खुसरुपुर थाना क्षेत्र की है। पीड़िता ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि पंचायत के दबंग

प्रमोद सिंह से मेरे पति ने 1500 रुपए कर्ज लिया था। यह पैसा लौटा भी दिया गया था। पीड़ित महिला ने बताया कि शनिवार रात 10 बजे अपने घर के बाहर लगे नल से पानी ले रही थी। इसी दौरान प्रमोद सिंह वहां पहुंचे और जबरन उठाकर अपने घर ले गए। इसके बाद प्रमोद सिंह अपने बेटे अंशु कुमार के साथ मिलकर लाठी-डंडे से पिटाई की। प्रमोद सिंह ने अपने बेटे अंशु कुमार से मेरे मुंह पर पेशाब भी करवाया। किसी तरह नग्न अवस्था में जान बचाकर अपने घर की ओर भागी। पीड़िता ने बताया कि रास्ते में हमारे जेठ मिल गए। वह शरीर ढकने के लिए कपड़ा दिया और घर ले गए। इसके बाद घटना की सूचना स्थानीय थाने को दी। पीड़िता की शिकायत पर खुसरुपुर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

जस्टिस.... स्कूल में सांप्रदायिक आधार पर हिंसा गलत, बच्चे की काउंसिलिंग हो

मुजफ्फरनगर थप्पड़ कांड... यूपी सरकार को सुप्रीम फटकार

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में एक विशेष समुदाय के स्कूली छात्र को उसके सहपाठी के एक शिक्षिका के आदेश पर थप्पड़ मारे जाने के मामले में टिप्पणी करते हुए सोमवार को कहा कि यह घटना जिस प्रकार से घाटी, उससे सरकार की अंतरात्मा झकझोर जानी चाहिए। 'न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने उत्तर प्रदेश के स्कूलों में दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल किया और उस शिक्षिका के छात्रों से एक मुस्लिम छात्र को थप्पड़ मारने के लिए कहने की कथित घटना की जांच निगरानी के लिए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के एक अधिकारी को तैनात करने का राज्य सरकार को आदेश दिया। पीठ ने कहा, यह मामला गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से संबंधित है, जिसमें संवेदनशील शिक्षा भी शामिल है। जिस तरह से यह हुआ है, उससे राज्य की अंतरात्मा झकझोर देनी चाहिए। पीठ ने एक छात्र को दी गई यह सजा 'सबसे खराब शारीरिक सजा' हो सकती

है। अदालत ने प्रथम दृष्टया राज्य सरकार को शिक्षा का अधिकार अधिनियम और उन नियमों के अनुपालन में विफल पाया, जो छात्रों के शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न और धर्म और जाति के आधार पर उनके भेदभाव को रोकते हैं। न्यायमूर्ति ओका ने कहा, 'हम हमेशा यह स्वतः संज्ञान ले सकते हैं, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राज्य सरकार देगी जवाब

शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार से अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हुए कहा कि राज्य को इस महत्वपूर्ण प्रश्न का उत्तर देना होगा कि वह (आरटीई अधिनियम के तहत) अपराध के पीड़ित को उसकी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए क्या सुविधाएं प्रदान करेगी। इस अधिनियम में कहा गया है कि राज्य बच्चे से उसी स्कूल में पढ़ाई जारी रखने की उम्मीद नहीं कर सकता। शीर्ष अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 30 अक्टूबर की तारीख मुकर्रर की है। श्री गांधी की याचिका में 24 अगस्त ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वरिष्ठ आईपीएस से जांच का आदेश

पीठ ने नटराज से कई सवाल करते हुए कहा, जांच की निगरानी वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी को करने दें। आरोपपत्र कब दाखिल किया जाएगा? गवाहों और बच्चे को क्या सुरक्षा दी जाएगी? हम जानना चाहते हैं। काउंसलिंग पेशेवर होनी चाहिए। पीठ ने पूछा, पिता (पीड़िता छात्र के) ने एक बयान दिया था, जिसमें आरोप लगाए गए थे कि उन्हें धर्म के कारण पीटा गया था। इस आरोप का मुकदमा में उल्लेख नहीं है। शीर्ष अदालत ने यह भी नोट किया गया कि काफी समय बीतने बाद 6 सितंबर 2023 को किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 75 और आईपीसी की धारा 323 और 503 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

रॉ की खुफिया सूचना प्रकाशित करने के आरोपी मेजर जनरल वीके सिंह की याचिका खारिज

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) वी के सिंह की ओर से सुरक्षा एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) की कई 'गोपनीय' जानकारियां प्रकाशित करने के आरोप में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से उन पर दर्ज मुकदमा और इससे संबंधित आरोप पत्र रद्द करने की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस फैसले के खिलाफ मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) सिंह की की ओर से दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें 2007 में उनके खिलाफ करवाई रद्द करने की गुहार लगाई गई थी। उच्च न्यायालय ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्होंने उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए विशेष अनुमति याचिका के जरिए सिर्फ अदालत का दरवाजा खटखटा आया था। शीर्ष अदालत की पीठ ने हालांकि, इस मामले में

याचिकाकर्ता को निचली अदालत में जाने की अनुमति दी। आरोप है कि सिंह ने अपनी पुस्तक 'इंडियाज एक्सटर्नल इंटेलिजेंस- सीक्रेट्स ऑफ रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ)' की अनेक गोपनीय जानकारियां प्रकाशित कर सार्वजनिक की थीं। शीर्ष अदालत में सुनवाई के दौरान पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता ने दलील दी कि पूरा मामला बदले की भावना से जुड़ा हुआ है। याचिकाकर्ता सिंह ने अपनी याचिका में दलील दी है कि उन्होंने दो प्रमुख मुद्दों को उजागर करने की मांग की है, वह है देश की बाहरी खुफिया एजेंसी रॉ में जवाबदेही की कमी और भ्रष्टाचार। इस पर पीठ ने उनसे पूछा,तो क्या आप देश से बदला लेंगे। दिल्ली उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने 31 मई, 2023 को? रॉ अधिकारी के नाम, स्थान और मंत्रियों के समूह की सिफारिशों आदि के खुलासे के संबंध में सीबीआई की शिकायत पर गौर किया था। पीठ ने कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा पर कौन से पूर्वाग्रह हैं, इसका निर्णय अदालतें नहीं कर सकतीं...इस प्रकार, गवाहों की जांच के बाद यह परीक्षण का विषय होगा कि क्या याचिकाकर्ता द्वारा अपनी पुस्तक में किए गए खुलासों से भारत की संप्रभुता और अखंडता और/या राज्य की सुरक्षा पर असर पड़ने की संभावना है। भारत सरकार के कैबिनेट सचिवालय के उप सचिव बी भट्टाचार्जी की शिकायत पर सीबीआई ने 20 सितंबर 2007 को आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

न्यूज गैलरी

विश्व बैंक ने पाकिस्तान को दी चेतावनी देश में लगातार बढ़ रही गरीबी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में महंगाई से हालात और बदतर होते जा रहे हैं, इस बीच विश्व बैंक ने चेतावनी जारी कर दी है। खराब आर्थिक स्थिति

की वजह से पिछले वित्त वर्ष में यहां गरीबी 39.4 प्रतिशत बढ़ गई है। वहीं 1 करोड़ 20 लाख से ज्यादा लोग गरीबी की चपेट में आ गए हैं। विश्व बैंक द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पाकिस्तान एक साल में ही गरीबी बढ़कर 39.4 प्रतिशत पहुंच गई है। देश में 1 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा के नीचे पहुंच गए हैं। विश्व बैंक के अनुसार पाकिस्तान में लगभग 9.50 करोड़ लोग गरीबी में जीवन बिता रहे हैं।

पाकिस्तान में मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। विश्व बैंक के अनुसार पाकिस्तान में आर्थिक माडल गरीबी को कम नहीं कर पा रहा है। विश्व बैंक ने पाकिस्तान में नकदी संकट से निपटने के लिए तुरंत कदम उठाने के लिए कहा है। पाकिस्तान में गरीबी के हालात को देखकर विश्व बैंक काफी चिंतित है। पाकिस्तान के लोग आर्थिक स्थिति की वजह से कई मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। विश्व बैंक के नेजी बेन्हासिन के अनुसार पाकिस्तान में नीतिगत बदलाव करने के लिए यह बड़ा ही महत्वपूर्ण क्षण हो सकता है।

भारत-कनाडा के बीच तनाव, पंजाब के होटल उद्योग पर असर

अमृतसर। भारत और कनाडा के बीच बिगड़े रिश्तों का बड़ा असर पंजाब के होटल उद्योग पर देखने को मिल रहा है। हर साल अक्टूबर और नवंबर महीने में कनाडा से एनआरआइ धार्मिक यात्रा, शादी समारोह सहित अन्य कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए पंजाब पहुंचते है। लेकिन दोनों देशों के बीच तनाव से अब वे अपना कार्यक्रम कैंसिल कर रहे हैं।

पंजाब में होटल, मैरिज पैलेस और रिजार्ट एसोसिएशन के अनुसार तीन दिन में ही करीब 20 प्रतिशत से अधिक कार्यक्रमों के लिए बुकिंग कैंसिल हो गई है। इन सभी में कनाडा से आने वाले एनआरआई शामिल होने वाले थे। इन सभी को यह आशंका सता रही है कि उनके भारत आने के बाद दोनों देशों में तनाव बढ़ गया तो वो यहीं फंस सकते हैं। अमृतसर होटल एंड रेस्त्रां एसोसिएशन के एपीएस चट्ठा ने बताया कि कनाडा सहित अन्य देशों में बसे पंजाबी अमृतसर के श्री हरिमंदिर साहिब में माथा टेकने आते हैं। इसके लिए वे पहले से ही होटल बुक करवा लेते हैं। इस बार कनाडा से जिन एनआरआई ने होटलों में बुकिंग करवाई थी वे इसे कैंसिल करवा रहे हैं। जानकारी के अनुसार अमृतसर में 850 से अधिक छोटे-बड़े होटल हैं। इनमें करीब 9 हजार से अधिक रूम हैं। अब यहां स्थानीय लोग तो आ रहे हैं, लेकिन कनाडा से आने वाले लोग बुकिंग कैंसिल करवा रहे हैं। उधर एक होटल में बुकिंग कैंसिल करवाने वाले गुरिंदर शर्मा ने कहा कि हम नवंबर महीने में पंजाब आने वाले थे, लेकिन अब दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए प्रोग्राम कैंसिल कर दिया।

आईएमडी ने जारी किया बारिश का अलर्ट

नई दिल्ली। बिहार, झारखंड, उप हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम और मेघालय में आज भारी से बहुत भारी वर्षा हो सकती है। इसके अलावा पूर्वी भारत में 2 से 3 दिनों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने इस बारे में अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक, बिहार, कोंकण, गोवा, दक्षिण गुजरात क्षेत्र, मध्य महाराष्ट्र और

उत्तर आंतरिक कर्नाटक में सोमवार को भारी से भी बहुत भारी बारिश होने की आशंका है। मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि दिल्ली में मौसम सुहावना बना रहेगा। आज आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। राजधानी में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग के मुताबिक, 24 सितंबर को सबसे ज्यादा बारिश बिहार के बसुआ में 29 सेमी और पश्चिम बंगाल के गंगारामपुर में 19 सेमी दर्ज की गई। इसके अलावा 25, 27 और 28 सितंबर को कर्नाटक, केरल और उत्तर आंतरिक कर्नाटक में मध्यम बारिश हो सकती है।

भाजपा अध्यक्ष नड्डा से मिले रमेश बिधूड़ी

नई दिल्ली। भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने पार्टी हेड क्वॉर्टर में मिले। पार्टी ने उन्हें शो कॉज नोटिस जारी करके 15 में जवाब देने कहा था। जिसके बाद बिधूड़ी ने नड्डा से मिलने का समय मांगा था। सूत्रों के हवाले से न्यूज एजेंसी ANI ने बताया कि संसद में किए गए अभद्र व्यवहार पर अपनी बात रखी। स्पेशल सेशन के दौरान लोकसभा में 21 सितंबर को BSP सांसद दानिश अली पर BJP सांसद रमेश बिधूड़ी ने अभद्र टिप्पणी की थी। जिसके बाद से यह विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। विपक्ष भी बिधूड़ी पर कार्रवाई की मांग कर रहा है। इधर, बीएसपी सांसद दानिश अली का कहना है कि भाजपा उनकी लिंचिंग कराना चाहती है। ये लोगों को उकसाकर मेरी हत्या करवाना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के नेता झूठ फैला रहे हैं कि मैंने प्रधानमंत्री के बारे में अपशब्द कहे हैं। दरअसल, भाजपा की तरफ से दानिश अली पर आरोप लगाए जा रहे हैं। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने स्पीकर को लेटर लिखा। इसमें कहा गया कि दानिश ने पीएम मोदी के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल किया था। यह सुनकर रमेश बिधूड़ी खुद को रोक नहीं पाए और बसपा सांसद को उन्हीं की भाषा में जवाब दिया। इसके बचाव में दानिश ने कहा कि वह इतने गिरे हुए नहीं हैं कि देश के प्रधानमंत्री के लिए गलत भाषा का इस्तेमाल करें। ये आरोप निराधार हैं, मैं इन्हें गंभीरता से नहीं लेता क्योंकि भाजपा-आरएसएस में तो ट्रेनिंग ही दी जाती है कि एक झूठ को 100 बार बोलो और उसे सच बना दो।

मुंबई हाईकोर्ट ने पूछा : गणपति विसर्जन के लिए कितने कृत्रिम तालाब होंगे पर्याप्त

नई दिल्ली। बॉम्बे हाई कोर्ट ने सोमवार को संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान (एसजीएनपी) की निगरानी समिति को यह तय करने का निर्देश दिया कि क्या आरे में एक कृत्रिम तालाब गणपति विसर्जन के लिए पर्याप्त होगा? अदालत ने कहा है कि उनका प्रयास है कि किसी की धार्मिक भावनाएं आहत न हों।

मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर की खंडपीठ ने कहा कि यदि समिति को लगता है कि अधिक कृत्रिम तालाबों की आवश्यकता होगी, तो आवश्यक व्यवस्था की जायेगी। अदालत ने आगे कहा कि ये सभी विषय विशेषज्ञों द्वारा विचार किए जाने वाले मामले हैं। क्या पर्याप्त होगा, चाहे वह एक कृत्रिम तालाब हो या छह या फिर ट्रक पर लगे टैंक, यह निगरानी समिति पर निर्भर है।

सीजे उपाध्याय ने कहा कि कोशिश यह है कि किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचे। हम समिति से विचार करने और उचित निर्णय लेने के लिए कहेंगे। यदि एक तालाब पर्याप्त है, तो ठीक है, यदि नहीं, तो हम केवल यह कह रहे हैं कि व्यवस्था की जा सकती है।

सीईओ ने किया था इनकार

दरअसल, पीठ विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के एक नेता द्वारा दायर एक आवेदन पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें आरे कॉलोनी में झीलों में विसर्जन की अनुमति मांगी गई थी। कॉलोनी के सीईओ ने इस साल झीलों पर विसर्जन की अनुमति देने से इनकार कर दिया था।

राहुल को हैदराबाद से चुनाव लड़ने की चुनौती देने पर कांग्रेस का पलटवार

नई दिल्ली। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी को आगामी लोकसभा चुनाव में वायनाड से नहीं बल्कि हैदराबाद से चुनाव लड़ने की चुनौती पर कांग्रेस ने पलटवार किया। उसका कहना है कि ओवैसी हमेशा वहीं कहते हैं, जिससे भाजपा की मदद हो सके।

कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि असदुद्दीन ओवैसी अप्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है, यह एक संयोग है कि जब भाजपा को जरूरत पड़ती है तो ओवैसी वे सभी बयान देते हैं जो भगवा पार्टी की मदद करते हैं। तिवारी ने आगे कहा कि ऐसा लगता है कि नागपुर में कुछ लिख दिया हो और जुबान ओवैसी की होती है। उन्होंने कहा, 'तभी मैं बोलता हूं कि ओवैसी और भाजपा दोस्त नहीं हैं, बल्कि जुड़वा भाई हैं।

एक साथ पकड़े गए दो लोगों के पास से बरामद नशीले पदार्थ की जब्ती को अलग-अलग माना जाए : हाईकोर्ट

नई दिल्ली। बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को गांजे की तस्करी के एक आरोपी की जमानत देते वक्त बड़ा बयान दिया। कोर्ट ने कहा है कि जब दो व्यक्तियों के एक साथ पकड़े जाने पर उनके पास से अलग-अलग नशीले पदार्थ बरामद हुए हैं तो जब्ती भी अलग ही मानी जानी चाहिए।

बता दें कि गांजा तस्करी के आरोप में पिछले वर्ष दो युवकों की गिरफ्तारी हुई थी, जिनमें से एक आरोपी सागर बोरकर की सोमवार को जमानत याचिका पर सुनवाई हुई और इस दौरान एचसी का बयान सामने आया है। आरोपी सागर ने इस आधार पर जमानत मांगी थी कि पुलिस ने कथित तौर पर उसके पास से केवल 10 किलोग्राम प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किया था, जो मध्यवर्ती मात्रा का था। हालांकि, पुलिस ने दावा किया कि बोरकर और मामले के सह-अभियुक्तों के पास 22 किलोग्राम वजन का प्रतिबंधित पदार्थ पाया गया, जो एक वाणिज्यिक मात्रा है। इसमें आगे दावा किया गया कि चूंकि दोनों एक साथ यात्रा कर रहे थे, इसलिए मामले में साजिश का आरोप भी लगाया गया।

अलग-अलग गांजा की मात्रा तय

जस्टिस एसजी डिगे की एकल पीठ ने 15 सितंबर के अपने आदेश में पुलिस की दलील को मानने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि पुलिस ने बोरकर से 10.319 किलोग्राम और सह-अभियुक्तों से 11.24 किलोग्राम गांजा बरामद किया था।

बरामदगी पर हो अलग से विचार

अदालत के कहा कि आरोप के मुताबिक आवेदक और सह-अभियुक्त दोनों एक साथ यात्रा कर रहे थे, और उनके कब्जे से बरामद किया गया प्रतिबंधित पदार्थ वाणिज्यिक मात्रा में था। आवेदक और सह-अभियुक्त एक साथ पाए गए थे, वे व्यक्तिगत रूप से प्रतिबंधित पदार्थ ले जा रहे थे। आवेदक (बोरकर) और सह-अभियुक्तों के कब्जे से प्रतिबंधित पदार्थ की बरामदगी पर अलग से विचार किया जाना चाहिए।

कावेरी जल विवाद पर भावुक हुए पूर्व पीएम देवगौड़ा

किया केन्द्र से अनुरोध, कर्नाटक में भेजें एक टीम

बंगलूरू। जनता दल सेक्युलर (जेडीएस) सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा कावेरी जल बंटवारे के मुद्दे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भावुक हो गए। इस दौरान उन्होंने केंद्र से अनुरोध किया राज्य में पानी की वर्तमान स्थिति की जांच के लिए कर्नाटक में एक टीम भेजें।

देवगौड़ा ने कहा, 'मैं केंद्र से अनुरोध करता हूं कि वह कर्नाटक में एक टीम भेजें और उन्हें राज्य में पानी की वर्तमान स्थिति की जांच करने दें।' उन्होंने आगे कहा कि वह राजनीति या सत्ता के लिए जिंदा नहीं हैं। वह यहां राज्य के लोगों को बचाने के लिए हैं, उनकी पार्टी भी इसी के लिए है।

पूर्व पीएम ने कावेरी जल बंटवारे के मुद्दे पर कहा कि उन्होंने

मौजूदा स्थिति को लेकर प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है। उनसे अपील की है कि जल शक्ति विभाग को एक समीक्षा याचिका दायर करनी चाहिए। साथ ही पानी और खड़ी फसल की स्थिति का अध्ययन करने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति को कर्नाटक भेजा जाना चाहिए।

यह है मामला

गौरतलब है, सीडब्ल्यूआरसी ने 12 सितंबर को दिए अपने आदेश में कर्नाटक को अगले 15 दिन तक तमिलनाडु को हर दिन 5,000 क्यूसेक पानी देने का निर्देश दिया था। सीडब्ल्यूआरसी ने इस आदेश को बरकरार रखा था। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इन आदेशों में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया था। वहीं, कर्नाटक सरकार ने पानी देने से इनकार कर दिया है।

कर्नाटक का कहना है कि वह कावेरी नदी घाटी क्षेत्रों में खड़ी फसलों के लिए सिंचाई के पानी और पेयजल की अपनी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पानी छोड़ने की स्थिति में नहीं है, क्योंकि मानसून में कम बारिश के कारण पानी की कमी हो गई है। शुक्रवार को इसके चलते चित्रदुर्ग, बल्लारी, दावणगेरे, कोप्पल और विजयपुरा जैसे जिलों में भी विरोध प्रदर्शन हुआ।

मैक्सिको में 'शैतानी गुड्डा' अरेस्ट

■ **हाथों में चाकू लेकर लोगों को डराने का आरोप**

मेक्सिको सिटी। मैक्सिको में एक हैरतअंगेज मामला सामने आया है, जहां पुलिस ने एक गुड्डे को गिरफ्तार किया है। हालांकि, यह कोई ऐसा वैसा गुड्डा नहीं है, बल्कि यह एक डरावना गुड्डा है, जिसका नाम चकी है। दरअसल, गुड्डे का मलिक चकी का इस्तेमाल लोगों को डराने के लिए करता था। अमेरिकी मीडिया के अनुसार पुलिस ने गुड्डे को गिरफ्तार करने के साथ उसके मालिक को भी पकड़ लिया है।

इस गुड्डे को शैतानी गुड्डे के नाम से जाना जाता है। लोगों को डराने के लिए इसके हाथ में एक असली चाकू दे दी जाती है। चकी और उसके मालिक के ऊपर 11 सितंबर को उत्तरी मैक्सिको के कोहुइला राज्य के शहर

मोनक्लोवा में लोगों को डराने का आरोप लगा है। गुड्डे का मालिक इससे पहले भी लोगों को डराने और उनसे पैसे लेने के लिए गुड्डे का इस्तेमाल करता आया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान कार्लोस के तौर पर हुई है, जो शहर के मेन स्क्वायर पर नशे की हालत में था और लोगों को डराने के लिए उसने अपने चेहरे पर गुड्डे को रखा हुआ था। उन्होंने आगे बताया कि यह एक अपराध है, और इसी वजह से आरोपी और उसके गुड्डे को गिरफ्तार किया गया है।

इमरान खान को अब जेल में मिलेगी उच्च स्तरीय सुविधा

अदियाला जेल में अब होंगे ट्रांसफर

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एक शीर्ष अदालत ने सोमवार को अधिकारियों से पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को पंजाब प्रांत के अटोक जेल से निकालकर रावलपिंडी के गैरीसन शहर के उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में रखने का आदेश दिया है। अगस्त में तहरीक-ए-इस्लाम पार्टी ने इस्लामाबाद हाई कोर्ट में पूर्व पीएम को उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में रखने के लिए याचिका दायर की थी।

हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने इमरान खान को अटोक जेल से निकालकर रावलपिंडी के अदियाला जेल में रखने का निर्देश दिया। 70 वर्षीय इमरान खान को

तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में सजा के तौर पर पांच अगस्त से ही अटोक जेल में रखा गया है। हालांकि, इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने उनकी सजा निलंबित कर दी थी, लेकिन उन्हें गुप्त दस्तावेजों को लीक करने के मामले में अटोक जेल में ही रखा गया।

सरकारी गोपनीयता अधिनियम के अंतर्गत एक विशेष अदालत ने गुप्त दस्तावेजों को लीक करने के मामले में 13 सितंबर को इमरान खान की रिमांड बढ़ाकर 26 सितंबर तक कर दी। इस्लामाबाद अदालत ने पूर्व पीएम को तीन साल की सजा सुनाई है और अधिकारियों को उन्हें अदियाला जेल में रखने का भी आदेश दिया है। बता दें कि गिरफ्तारी के बाद से ही इमरान खान को अटोक जेल में रखा गया है।

यूके : मरीजों के अधिकारों के लिए 'पेशेंट लाइव्स मैटर' नामक अभियान की शुरुआत

लंदन। ब्रिटेन में एक भारतीय मूल के व्यक्ति ने मरीजों के अधिकारों के लिए 'पेशेंट लाइव्स मैटर' नामक अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान को शुरू करने वाले जय पटेल के बेटे की बीते दिनों मौत हो गई थी। जय पटेल का मानना है कि डॉक्टरों की लापरवाही के कारण उनके बेटे की मौत हुई। इसकी जांच चल रही है। बता दें कि जय पटेल का आरोप है कि इस महीने की शुरुआत में उनके 30 वर्षीय बेटे बलराम की लंदन स्थित अस्पताल में सही इलाज ना मिलने और सही देखभाल ना मिलने के चलते जान चली गई थी।

अभियान की शुरुआत में

अपने बयान में जय पटेल ने कहा कि उनका बेटा बलराम बहुत दर्द और परेशानी में मरा और समय से पहले उसकी जान चली गई। इसकी वजह इलाज और देखभाल में कमी थी। हमारा मानना है कि सरकार इस दिशा में मजबूत कदम उठा रही है कि रोगी की देखभाल में क्या गलत हुआ। यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि रोगी को कोई नुकसान ना हो। जय पटेल ने इस मामले में लोगों से अपनी राय और सुझाव देने की अपील की है।

जय पटेल ने कहा कि अपने बलराम के जाने से हम बहुत दुखी हैं। पेशेंट लाइव्स मैटर अभियान के तहत हम चाहते हैं कि संसद में भी इस पर चर्चा हो और बदलाव आए। इससे पहले ब्रिटेन में मार्था रूल नाम से भी एक अभियान चलाया गया था, जिसमें दूसरी सलाह लेने की स्वतंत्रता देने की मांग की गई है। 13 साल की मार्था की साल 2021 में सेप्सिस के कारण मौत हो गई थी, जिसके बाद उसकी मां ने इस अभियान की शुरुआत की। ब्रिटेन की सरकार ने भी इस अभियान को समर्थन दिया है।

मां ने बच्चे को पानी से भरे फ्रीजर में रखा

कहा- देखना चाहती थी पिता का प्यार, अब हुई जेल की सजा

वाशिंगटन। अमेरिका से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां के ओरेगॉन में एक महिला को 30 दिनों के लिए जेल की सजा सुनाई गई है। दरअसल, महिला ने यह देखने के लिए अपने बच्चे को फ्रीजर में रख दिया कि उसके पिता को उसकी परवाह है या नहीं।

तुम्हें कोई मतलब नहीं...

मामला साल 2021 का है। ओरेगॉन में पुलिस को एक बच्चे को फ्रीजर में रखे जाने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस जब वहां पहुंची तो उसने शारडे मैकडोनाल्ड को बच्चे के पिता पर चिल्लाते हुए सुना। महिला जोर-

जोर से चिल्ला रही थी, 'मैं तुम्हें बहुत जल्दी दिखाने वाली हूं। तुम उसे नहीं चाहते? रुको, मैं तुम्हें दिखाती हूं इस छोटे बच्चे के साथ क्या कर सकती हूं। तुम्हें कोई मतलब नहीं।'

जब पुलिस ने अपार्टमेंट का दरवाजा खटखटाया, तो महिला बच्चे को कंबल में लपेटे हुए बाहर आई। अधिकारियों ने पूछताछ की तो उसने बताया कि वह बच्चे को पानी से भरे फ्रीजर में रखककर उसे नुकसान पहुंचाने की कोशिश नहीं कर रही थी।

तस्वीरें सामने आईं

बच्चे को पानी में डुबोते हुए उसकी तस्वीरें भी थीं। अधिकारियों ने कहा कि तस्वीरों को देखकर लग रहा था कि बच्चे को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी, जबकि उसके मूंह पर पानी बह रहा था। जब पुलिस मैकडोनाल्ड को पकड़कर ले जा रही थी, तो उसने कहा कि यह देखने के लिए ऐसा किया था कि क्या उसके पति नील को बच्चे से फर्क पड़ता है या नहीं।

30 दिन की सजा

बता दें, 28 अक्तूबर, 2021 को जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि बच्चे के साथ दुर्व्यवहार किया गया था। इसके बाद 30 वर्षीय शारडे मैकडोनाल्ड को आपराधिक दुर्व्यवहार, आईडी चोरी और एक गवाह के साथ छेड़छाड़ का दोषी ठहराया गया। अब, महिला को 30 दिन की जेल की सजा सुनाई गई है। मुल्नोमा काउंटी डिटेंशन सेंटर के अनुसार, मैकडॉनल्ड्स को 6 अक्तूबर को रिहा किया जाएगा। महिला ने 28 जुलाई को इन आरोपों को स्वीकार कर लिया था।

जंग के लिए बच्चों को तैयार कर रहा रूस

मॉस्को। रूस जंग के लिए बच्चों को तैयार कर रहा है। सीएनएन के मुताबिक, ब्लैक सी के आस-पास वाले इलाकों के स्कूलों में बच्चों को बम फेंकना और हथियार चलाना सिखाया जा रहा है। उन्हें देश की मिट्टी की रक्षा करने की सीख दी जा रही है। सिलेबस में भी बदलाव किए गए हैं। अगस्त 2023 में रूसी सरकार ने बच्चों के लिए नई हिस्ट्री बुक रिलीज की थी। इसमें यूक्रेन पर हमले को सही ठहराया गया है। रूस-यूक्रेन जंग छिड़ने के बाद से रूस के पब्लिक स्कूलों का सैन्यीकरण बढ़ा है।

सीएनएन के मुताबिक, 7-8 साल के बच्चों को बेसिक मिलिट्री ट्रेनिंग दी जा रही है। इनमें उन्हें ऑटोमेटिक गन चलाना, मशीन गन को असेंबल करना और किसी तरह की बाधा को पार करना सिखाया जा रहा है। स्कूलों में रोजाना मॉक ड्रिल करवाई जा रही हैं। कई स्कूलों में बच्चों को आर्मी और नेवी की यूनिफॉर्म में परेड करवाई जा रही है। जंग शुरू होने के बाद एक ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाइजेशन ने आरोप लगाया था कि रूस 16 साल के बच्चों को सेना में भर्ती कर रहा है। एक अधिकारी ने कहा था- क्रेमलिन पूर्वी यूक्रेन में अपने सैनिकों की संख्या बढ़ाने के लिए बच्चों की भर्ती का सहारा ले रहा है।

युवा सामर्थ्य से विकसित भारत का संकल्प हो रहा और सशक्त

10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने के लिए **रोजगार मेला**

देश भर में **46 स्थानों** पर सरकारी नौकरियों में चयनित **51 हजार** से अधिक अभ्यर्थियों को **नियुक्ति-पत्रों** का वितरण

प्रधानमंत्री

नरेन्द्र मोदी

द्वारा

26 सितम्बर, 2023 | प्रातः 10:30 बजे

(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

- भारत सरकार और सहयोगी राज्य सरकारों द्वारा मिलकर रोजगार के लाखों अवसरों का सृजन
- सरल, निष्पक्ष और पारदर्शी चयन प्रक्रिया
- ऑनलाइन सिस्टम से खाली पदों और भर्ती प्रक्रिया की निरंतर निगरानी
- महिलाओं, दिव्यांगजन और आकांक्षी जिलों के अभ्यर्थियों को विशेष लाभ
- सभी नियुक्तियाँ यूपीएससी, एसएससी, रेलवे भर्ती बोर्ड, आईबीपीएस जैसी एजेंसियों के माध्यम से
- सभी अभ्यर्थियों की ऑनलाइन ट्रेनिंग के लिए कर्मयोगी प्रारंभ मॉड्यूल

CBC 06301/13/0002/2324

DD NEWS डीडी न्यूज़ पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखें।

प्रशिक्षण सम्बन्धी अधिक जानकारी के लिए कर्मयोगी मॉड्यूल वेबसाइट https://igotkarmayogi.gov.in/ पर जाएं या QR कोड को स्कैन करें

संपादकीय

अपने ही जाल में फंसे जस्टिन ट्रूडो

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो अपने ही बुने जाल में फंसकर रह गए है। एक खालीस्तानी आतंकवादी की हत्या का आरोप भारत पर लगाकर उन्होंने आ बैल मुझे मार वाली कहावत को चरितार्थ कर दिया है। जस्टिन ट्रूडो के खिलाफ अब उनके ही देश में आवाज उठने लगी है। कनाडा के प्रमुख विपक्षी दल ने उन्हें आड़े हाथों लिया है वहीं भारत के खिलाफ जस्टिन ट्रूडो ने अमेरिका, ब्रिटेन और इटली जैसे देशों से मदद की गुहार लगाई थी लेकिन किसी ने भी भारत के खिलाफ जाने से साफ मना कर दिया। कुल मिलकार जस्टिन ट्रूडो इस मुदद्दे पर दुनिया से अलग-थलग पड़ते जा रहे है। अब तो उनकी स्थिति ऐसी हो रही है कि बहुत जल्द वे ना घर के रहेंगे ना घाट के जिन खालिस्तानियों का वे समर्थन करते रहे हैं वहीं एक दिन उनके लिए मुसिबत का कारण बन सकते हैं। जस्टिन ट्रूडो को यह नहीं भूलना चाहिए कि इसी तरह पाकिस्तान ने भी आतंकवाद की आग को हवा देने का काम किया था और आज वह अपनी लगाई आग में खुद ही झुलस रहा है। पाकिस्तान में चाहे सरकार किसी की रही हो वह आतंकवादियों को प्रश्रय देती रही है और उनका उपयोग भारत के खिलाफ करती रही है। आज पाकिस्तान की स्थिति यह है कि भारत से पंगा लेकर वह नंगा हो चुका है। वहां के लोग दाने-दाने को मोहताज हो रहे हैं और दुनिया का कोई भी देश पाकिस्तान की मदद करने के लिए तैयार नहीं है। आतंकवाद विश्वव्यापी समस्या है और ऐसा कोई भी देश जो आतंकवादियों का समर्थन करता है। वह दुनिया से अलग-थलग पड़ जाता है। फिर उसकी मदद के लिए कोई भी अपना हाथ आगे नहीं बढ़ाता। जस्टिन ट्रूडो भी कनाडा को पाकिस्तान की राह पर ले जा रहे है। खालीस्तानियों की हिमायत कर वे भारत के साथ अपने संबंध तो खराब कर ही रहे है।

विश्व समुदाय का समर्थन भी खो रहे हैं। अब तो कनाडा की अर्थव्यवस्था भी चरमराने का खतरा उत्पन्न हो गया है। कनाडा से कई वैश्विक कंपनियों ने अपना कारोबार समेटने का मन बना लिया है। इंफोसिस, टीसीएस, महेन्द्र, जिंदल और विप्रो सहित अनेक वैश्विक कंपनियों ने कनाडा से अपना करोबार समेटेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कोई भी कंपनी ऐसे देश में कारोबार कैसे कर सकती है। जहां की सरकार आतंकवाद को बढ़ावा देती हो। जाहिर है इन वैशिवक कंपनियों के कनाडा से हटने के बाद कनाडा की अर्थव्यवस्था चौपट हो जाएगी। भारत से भी उसका व्यापार प्रभावित होगा। पता नहीं कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो क्यों आग से खेलने की कोशिश कर रहे हैं। उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि आज की तारिख में भारत एक बड़ी ताकत बन गया है। विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था भारत बन चुका है और भारत विश्व का सबसे बड़ा बाजार भी भारत ही है। ऐसी स्थिति में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रासं जर्मनी और इटली सहित सभी देश भारत के साथ अपने संबंध मजबूत करना चाहते है जबकि कनाडा भारत के साथ रिश्ते बिगाड़ रहा है।

भारत ने भी कनाडा को करारा जवाब दिया है और स्पष्ट कर दिया है कि यदि कनाडा खालीस्तानी आतंकवादियों को प्रश्रय देता रहा तो भारत भी कड़े कदम उठाने के लिए बाध्य होगा। भारत की इस चेतावनी के बाद कनाड़ा के प्रधानमंत्री जस्टीन ट्रूडो के सुर थोड़े बदले है और उन्होंने भारत के साथ बेहतर संबंध बनाए रखने की बात कहीं है, लेकिन कहते है ना कि हाथी के दांत खाने के दात और दिखाने के अलग होते है। कनाडा भी पाकिस्तान की राह पर चल रहा है और बहुत जल्द पाकिस्तान की तरह ही पछताएगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि वक्त की नजाकत को देखकर कनाडा भारत विरोध गतिविधियों से परहेज करेगा। यदि वह ऐसा नहीं करता है तो उसे इसके गंभीर दूष्परिणाम भोगने के लिए तैयार रहना चाहिए।

40% सांसद और 46% विधायक दागी

क्या होगा देश का भविष्य है?

शशांक खरे

देश की सत्ता और देश को बचाने दागी नेताओं को निकाल-बाहर करना ही पड़ेगा. ये समय की मांग और लोकतंत्र का तक़ाज़ा है. आरोपी सांसदों, विधायकों पर सुप्रीम कोर्ट में पेश न्याय मित्र वरिष्ठ अधिवक्ता विजय हंसारिया की रिपोर्ट पर गंभीरता से ग़ौर करना ही होगा. उन्होंने कहा है कि आपराधिक मामलों में कोर्ट से दोषी क़रार दिए जाने वाले नेताओं के चुनाव लडऩे पर आजीवन प्रतिबंध लगाने चाहिए. सुप्रीम कोर्ट की ओर नियुक्त न्याय मित्र (एमिकस क्यूरी) के वरिष्ठ अधिवक्ता विजय हंसारिया ने हाल में सुप्रीम कोर्ट में पेश अपनी रिपोर्ट में कहा है कि वर्तमान में जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के अनुसार , सजा की अवधि पूरी होने के बाद दाग़ी नेताओं के अगले छह साल तक चुनाव लडऩे पर रोक है. जबकि हंसारिया ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा है कि ऐसे लोगों को चुनाव लडऩे की अयोग्यता के मामले में छह साल की तय अवधि, न्याय संगत तो है ही नहीं, समानता के अधिकार का उल्लंघन है. देश के संविधान में अनु'छेद -14 समानता का अधिकार देता है. इन्हे आजीवन प्रतिबंधित किया जाना देशहित में होगा.

न्याय मित्र हंसारिया की रिपोर्ट को सतही तौर पर लेने का मतलब, लोकतंत्र को कमज़ोर करना ही होगा. कारण, राजनीति में शुचिता अवसान की ओर है. सत्ता हासिल करने नेता साम, दाम, दंड और भेद, सभी तरह के हथकंडे अपनाते हैं. कैसे भी करके विधानसभाओं और संसद तक पहुंच जाते हैं. सत्ता मिलते ही फिर ये अपना रंग दिखाना शुरू कर देते हैं. इन्हें देश के हित-अहित का ध्यान नहीं होता. ये मौक़ापरस्त लोग अपने हिसाब से देशहित की नीति को स्वहित में बदल देते हैं. ये दाग़ी नेता बहुमत की स्थिति में ऐसे किसी भी क़ानून को बदल सकते हैं, जो क़ानून उनके पैरों की बेडिय़ां साबित हों. ऐसी स्थिति में लोकतंत्र का विशाल भवन कैसे खड़ा रह सकता है. जबकि, ऐसे लोगों के कंधों पर देश की बड़ी जवाबदारी होती है. इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि ऐसे दाग़ी और भ्रष्ट राजनेता केवल और केवल रिश्तेदारों, भाई-भतीजावाद के अनुगामी होंगे. हंसारिया की इस चिंता को हाशिए में नहीं डाला जा सकता, कि ऐसे दाग़ी नेता की वजह से क़ानून की धज्जियां उड़ सकती हैं. जो छह साल की अवधि पूरी होने के बाद संसद या विधानसभाओं में प्रवेश करेंगे, तो ऐसे क़ानून भी बदल सकते हैं, भले ही वो क़ानून देशहित में क्यों न हो. भारतीय लोकतंत्र बाहर से जितना समृद्ध और वैभव लिए हुए है, उसका आंतरिक हिस्सा उतना ही जर्जर होता जा रहा है. इन सबका कारण राजनेताओं की ग़लत छवि है. नैतिक मूल्यों का क्षरण है. रूतबा और अकूत संपत्ति की चाह ने नेताओं को भ्रष्ट कर दिया है. मीडिया के प्रकाश में आई एक रिपोर्ट के अनुसार देश के सांसदों, विधायकों पर 5,175 मामले कोर्ट में लंबित हैं. इसमें 2.116 मामले यानी 40 फ़ीसदी केस पांच सालों से 'यादा पुराने हैं. न्याय मित्र ने ये भी सिफ़ारिश की है, कि ऐसे मामलों को निपटारे के लिए रोज़ सुनवाई की ज़रूरत है. उन्होंने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा है कि जिन न्यायाधीशों के पास इन नेताओं के ऐसे कैसे पड़े हैं, उन्हें दूसरे केस न दिए जाएं. हाईकोर्ट अधीनस्थ न्यायालयों को निर्देश दें कि, वह किसी भी कारण से इन केसों की सुनवाई न टालें. कम से कम दो लोक अभियोजकों की नियुक्ति की जाए. देश के कुल 763 सांसदों में से 306 यानी 40 फ़ीसदी पर आपराधिक केस हैं. इनमें 194 पर हत्या, हत्या की कोशिश, अपहरण और महिलाओं पर अत्याचार जैसे गंभीर आपराधिक मामले हैं. कुल 4001 विधायकों में से 1777 यानी 44 फीसदी के ख़िलाफ़ आपराधिक केस हैं. इसमें 1136 यानी 28 फ़ीसदी पर हत्या, अपहरण और महिलाओं पर अत्याचार जैसे गंभीर आपराधिक केस दर्ज हैं. केरल में स्वांधिक 135 विधायकों में से 95 यानी 70 फ़ीसदी विधायकों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं. पांच साल से लंबित पुराने मामलों में टॉप -10 में उत्तर प्रदेश का नाम सबसे ऊपर है. यहां लंबित मामले- 1377, पांच साल पुराने मामले-719 है. इसी तरह बिहार में लंबित मामले 546 और पांच साल पुराने केस 381, महाराष्ट्र में 482-169, मध्यप्रदेश में 329-169, झारखंड में 198-72, पंजाब 91-16, छत्तीसगढ़ में 10-02, हरियाणा में 48-18 केस हैं.

जनता के सामने भी कोई विकल्प नहीं है. किसी न किसी एक को चुनना है. जबकि, इस हम्माम में सभी निर्वस्त्र हैं. हर बार चुनाव में बड़े-बड़े वादे, प्रलोभनों की बारिश होती है. सत्ता में पांच साल तक अमन -चैन की ज़िंदगी। आम जनता तंगहाल, बदहाल, जनता अपने को ठगी सी महसूस कर करती है। ये सिलसिला पिछले 75 सालों से जारी है. देश की जनता मूक दर्शक बनी हुई है। कश्मीर से कन्या कुमारी तक पूरे भारत की दशा एक सी है. कहीं, कम तो कहीं 'यादा. लेकिन, साढ़े सत्तर दशक में वही भुखमरी, लाचारी, ग़रीबी, कुपोषण, हिंसा और ख़ून-ख़राबा. देश के लोकतंत्र को अपराधियों से कम, इन सफ़ेदपोश नेताओं से 'यादा ख़तरा है. इस सूरत में देश की जनता, कार्यपालिका, व्यवस्थापिका से नहीं, न्यायपालिका से आशाभरी उम्मीद से देख रही है, कि सुनहरे कल के लिए न्यायपालिका अपनी अहम भूमिका निभाए।

पर्यावरणीय स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना सबकी जिम्मेदारी

योगेश कुमार गोयल

बढ़ते प्रदूषण और प्रकृति से खिलवाड़ के कारण ग्रीनहाउस प्रभाव, जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण इत्यादि के कारण हमारे भोजन, पानी और वायु की गुणवत्ता पर सीधा प्रभाव पड़ता है, जिसके कारण लोगों को सांस लेने में तकलीफ, त्वचा संबंधी रोग सहित कई तरह की गंभीर बीमारियां भी हो रही हैं। पर्यावरण का स्वास्थ्य खराब होने से हमारा स्वास्थ्य भी खराब हो रहा है, जिसका सीधा असर हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ता है। ऐसी ही समस्याओं के मद्देनजर लोगों में पर्यावरणीय स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए 'इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफएनवायरनमेंटल हैल्थ' (आईएफईएच) द्वारा 26 सितम्बर 2011 को विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस की शुरूआत की गई थी। इसकी शुरुआत 2011 में डेनपास, बाली (इंडोनेशिया) में हुए पर्यावरण स्वास्थ्य शिखर सम्मलेन और आईएफईएच की बैठक के दौरान हुई थी और इस दिन को दुनियाभर में चिन्हित करने का मुख्य उद्देश्य लोगों की भलाई और स्वास्थ्य की तरफउनका ध्यान आकर्षित करना था।

पर्यावरणीय स्वास्थ्य का मानव स्वास्थ्य से गहरा संबंध है। हमारा पर्यावरण जितना स्वस्थ होगा, हमारा स्वास्थ्य भी उतना ही अच्छा होगा। इसका सीधा सा अर्थ है कि हम अपने स्वास्थ्य के लिए काफी हद तक पर्यावरण के प्रति उत्तरदायी हैं और इसलिए पर्यावरणीय स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्रमुख जिम्मेदारी है। उत्तम स्वास्थ्य के साथ प्रकृति और पर्यावरण हमें भोजन, कपड़े इत्यादि जीवित रहने के लिए भी हर चीज प्रदान करते हैं, इसलिए न केवल स्वस्थ रहने के लिए बल्कि धरती पर जीवन का अस्तित्व बचाए रखने के लिए प्रकृति और पर्यावरण का ध्यान रखा जाना बेहद जरूरी है लेकिन गहन चिंता का विषय यही है कि अब प्रकृति के साथ मानव जाति द्वारा किए जा रहे खिलवाड़ के कारण ही वैश्विक पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है, जिसका खामियाजा अब दुनिया के लगभग तमाम देश भुगत भी रहे हैं। विकास के नाम पर प्रकृति के साथ किए जा रहे भयानक खिलवाड़ के ही कारण धरती लगातार गर्म हो रही है। चक्रवाती तूफानों का बढ़ता सिलसिला, बाढ़, सूखा, जंगलों में लगने वाली भीषण आग तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं में तेजी, ये सब पर्यावरण का स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण जलवायु में हो रहे बदलावों का ही परिणाम हैं। वैश्विक तापमान में निरंतर हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का बिगड़ता मिजाज समस्त मानव जाति के लिए गंभीर चिंता बनता जा रहा है। भारत के ही संदर्भ में देखें तो अब सर्दियां कम हो रही हैं और गर्म दिन बढ़ रहे हैं, बारिश के मौसम में भी कहीं सूखे जैसी स्थिति बनी रहती है तो कहीं चारों तरफतबाही ही तबाही नजर आती है। इस वर्ष भी हिमाचल, उत्तराखण्ड, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश से लेकर देश के अनेक हिस्सों में जल तबाही का भयानक नजारा देखा जाता रहा है।

पर्यावरण को हो रहे गंभीर नुकसान की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने, पर्यावरण की स्थिति के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने तथा लोगों को इसे और बदतर होने से रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 26 सितम्बर को एक विशेष थीम के साथ 'विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है। इस वर्ष यह दिवस 'वैश्विक पर्यावरणीय सार्वजनिक स्वास्थ्यः हर दिन हर किसी के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए खड़ा होना' थीम के साथ मनाया जा रहा है जबकि 2022 की थीम थी 'सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन के लिए पर्यावरणीय स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करना', जिसका अर्थ था पर्यावरणीय स्वास्थ्य तंत्र को इस प्रकार मजबूत बनाया जाए ताकि लंबे समय तक पर्यावरण और मानव की लंबी उम्र तथा अच्छी सेहत के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। इस दिन पर्यावरण के कारण मनुष्यों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाई जाती है। प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना अब पहले के मुकाबले ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। दरअसल पर्यावरणीय परिस्थितियों को बिगड़ने से रोकने के लिए कुछ भी नहीं करके हम न केवल पर्यावरण को बल्कि स्वयं को भी खतरे में डाल रहे हैं क्योंकि हमारा स्वास्थ्य हमारे पर्यावरण से जुड़ा है और पर्यावरण को हो रहे निरंतर नुकसान से मानव जीवन को भी नुकसान झेलना पड़ता है।

बढ़ते प्रदूषण और प्रकृति से खिलवाड़ के कारण ग्रीनहाउस प्रभाव, जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण इत्यादि के कारण हमारे भोजन, पानी और वायु की गुणवत्ता पर सीधा प्रभाव पड़ता है, जिसके कारण लोगों को सांस लेने में तकलीफ त्वचा संबंधी रोग सहित कई तरह की गंभीर बीमारियां भी हो रही हैं। पर्यावरण का स्वास्थ्य खराब होने से हमारा स्वास्थ्य भी खराब हो रहा है, जिसका सीधा असर हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ता है। ऐसी ही समस्याओं के मद्देनजर लोगों में पर्यावरणीय स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए 'इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफएनवायरनमेंटल हैल्थ' (आईएफईएच) द्वारा 26 सितम्बर 2011 को विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस की शुरूआत की गई थी। इसकी शुरुआत 2011 में डेनपास, बाली (इंडोनेशिया) में हुए पर्यावरण स्वास्थ्य शिखर सम्मलेन और आईएफईएच की बैठक के दौरान हुई थी और इस दिन को दुनियाभर में चिन्हित करने का मुख्य उद्देश्य लोगों की भलाई और स्वास्थ्य की तरफ उनका ध्यान आकर्षित करना था। आईएफईएच वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान के आदान-प्रदान पर केन्द्रित है और इसका बड़ा हिस्सा वैज्ञानिक एवं तकनीकी के लिए कार्य करता है। पूर्ण रूप से पर्यावरण और स्वास्थ्य कार्यों को लेकर समर्पित आईएफईएच पर्यावरण स्वास्थ्य विज्ञान और प्रशासन से संबंधित विषयों पर चर्चा करता है और पर्यावरणीय स्वास्थ्य पर सूचना का आदान-प्रदान करता है। पर्यावरण सुरक्षा कार्यबल के समर्थन के साथ आईएफईएच स्वास्थ्य और हरित पुनर्प्राप्ति में सहयोग करता है। यह उन राष्ट्रीय संस्थानों के लिए एक महासंघ है, जो पर्यावरण स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दों पर कार्य करते हैं। 2018 में इस फेडरेशन ने 40 देशों को पूर्ण सदस्यों के तौर पर जगह दी थी। आईएफईएच के अध्यक्ष सुजान पैक्सो के अनुसार दुनिया को यह समझने की आवश्यकता है कि पर्यावरण, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था के बीच एक गहन संबंध है।

बहरहाल, यह समझना बहुत जरूरी है कि आखिर पर्यावरण स्वास्थ्य है क्या? किसी क्षेत्र विशेष के रासायनिक, भौतिक और सांस्कृतिक वातावरण को उसके पर्यावरणीय स्वास्थ्य के रूप में जाना जाता है और किसी क्षेत्र का पर्यावरणीय स्वास्थ्य वहां की वायु की खराब गुणवत्ता, पर्यावरण में विविधता का नुकसान, रासायनिक असमानताएं तथा ऐसे सभी कारक, जो किसी क्षेत्र के पर्यावरणीय स्वास्थ्य को बिगाड़ते हैं, से प्रभावित होता है। किसी क्षेत्र के पर्यावरणीय स्वास्थ्य को मापने में पर्यावरणीय स्वास्थ्य संकेतक, प्रदूषण का स्तर, पारिस्थितिकी में विविधता, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, स्वच्छता की शर्तें, कृषि उत्पादकता इत्यादि प्रमुख भूमिका निभाते हैं। पर्यावरणीय स्वास्थ्य की देखभाल के महत्व को दर्शाता विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस वास्तव में न केवल पारिस्थितिक स्वास्थ्य की सुरक्षा की वकालत करता है बल्कि मानव स्वास्थ्य पर पर्यावरणीय स्वास्थ्य के पड़ने वाले प्रभाव और संबंध को समझने की जरूरत पर भी जोर देता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार, पर्यावरण मामलों के जानकार तथा 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के रचनाकार हैं)

आज का इतिहास

1087 - विलियम द्वितीय इंग्लैड के सम्राट बने। 1777 - अमेरिकी क्रांतिः ब्रिटिश सैनिकों का फिलाडेल्फिया पर क़ब्ज़ा। 1872 - न्यूयॉर्क सिटी में पहला मंदिर बना। 1950 - संयुक्त राष्ट्र सैनिकों ने उत्तर कोरिया के सैनिकों से सोल को अपने कब्जे में लिया। 1950- इंडोनेशिया ने संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता ग्रहण की। 1959 - जापान के इतिहास में सबसे शक्तिशाली तूफान 'वेरा' से 4580 लोगों की मौत और 16 लाख लोग बेघर हुए। 1960 - अमेरिका में राष्ट्रपति पद के दो उम्मीदवारों जॉन एफकेनेडी और रिचर्ड निक्सन के बीच बहस का पहली बार टेलीविज़न पर प्रसारण। 1984 - यूनाइटेड किंगडम हांगकांग को चीन के हवाले करने के लिए सहमत हुआ। 1998 - सचिन तेंदुलकर ने जिम्बाब्वे के खि़लाफ़एक दिवसीय क्रिकेट मैच में 18वां शतक लगाकर डेसमंड हेन्स का विश्व रिकार्ड तोड़ा।

QUIZ TIME

1) हाल ही में अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस कब मनाया गया?

2) चेहरे पर हवाइयाँ उड़ना मुहावरे का अर्थ क्या है?

3) पृथ्वी के तीनों ओर पानी वाला स्थान क्या कहलाता है?

4) चीनी लेखक भारत का उल्लेख किस नाम से करते हैं?

5) कलमकारी चित्रकला क्या निर्दिष्ट करती है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 21 सितंबर (2) डर से घबराना (3) प्रायद्वीप (4) चिन-तु (5) दक्षिणी भारत में सूती वस्त्र पर हाथ से की गई चित्रकारी

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -197

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. ठुड्डी पर के बाल, दुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

ऊपर से नीचे

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 196 का हल

खा	म	खां			इं			
स	ह		ब	र	सा	त		प
	क	हा	नी		न	क	च	ढ़ा
त			स्व			ली		ई
क	या	म	त		क	फ	न	
दी		दां		बा	बू		ह	वा
र	ह	ना		ल	त	खो	र	
	वा		नौ	क	र			सा
भा	ई		का			बा	द	ल

आज का पंचांग (मंगलवार, 26 सितम्बर)

सूर्योदयः06:17, सूर्यास्तः06:25, चन्द्रोदयः 08:45, चन्द्रास्तः 20:04, अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः शरद, शक सम्वतः1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः2080 (पिंगल), मास भाद्रपद, पक्ष शुक्ल, तिथि एकादशी, नक्षत्र श्रवण, योग इन्द्र (04:24 से वैधृति), प्रथम करण गर (12:39 तक), द्वितीय करण वणिज (01:14 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य कन्या, चंद्र तुला, मंगल कन्या (अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध सिंह (उदित, पश्चिम, वक्री), गुरु मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र कर्क (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु मेष, केतु तुला।

शुभ यात्रा दिशा

पश्चिम-दक्षिण (दर्पण देखकर अथवा खीर का सेवन कर यात्रा करें)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरणःआज जन्मे शिशुओ का नाम श्रवण नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थी चरण अनुसार क्रमशः (खी, खू, खा, खो) नामक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष- आज का दिन आपको अधिकांश कार्यो में विजय दिलाने वाला रहेगा। दिन के आरंभिक भाग में आकस्मिक धन लाभ होने से उत्साह बढेगा।

वृष-आप पिछले कुछ दिनों की अपेक्षा मानसिक रूप से हल्कापन अनुभव करेंगे। परिवार के सहयोग से नाम और काम दोनों मिलेगा।

मिथुन-आपकी बुद्धि विवेक जाग्रत होने से प्रत्येक कार्य सोच समझ कर ही करेंगे। कार्यो में बेवजह दखल देने वालो के कारण सही दिशा में जा रहे कार्य गलत होने की संभावना है।

कर्क-आज के दिन आस-पास का वातावरण आपकी सोच के विरुद्ध रहने से आप क्रोध आवेश से भरे रहेंगे। हास्य भरी बातो को भी प्रतिष्ठा से जोड़ने पर टकराव की स्थिति बनेगी।

सिंह-आप अपनी एवं परिवार की महात्त्वकांक्षाओ को पूर्ण करने का पूरा प्रयास करेंगे। धन प्राप्ति की कामना दिन की शुरुआत से ही मन मे बनी रहेगी।

कन्या-आज दिन के आरम्भ में आप प्रत्येक कार्यो से मन चुरायेंगे आलस्य अधिक रहने से दैनिक कार्य भी विलम्ब से पूर्ण होंगे।

तुला-आज के दिन आपके अंदर चंचलता एवं भावुकता अधिक रहेगी। आपसे कोई भी व्यक्ति अपना स्वार्थ आसानी से सिद्ध कर लेगा चाहकर भी किसी को ना नही कर सकेंगे।

वृश्चिक-आपको प्रत्येक कार्य मे अधिक सतर्कता बरतने की सलाह है। आपसी संबंधों को लेकर भी गंभीर रहे आज किस की अनदेखी करने से बने बनाये लाभ से हाथ धो बैठेंगे।

धनु-आपको कही ना कही से अचानक धन की प्राप्ति होगी। नियमित होने वाली आय के साथ ही अतिरिक्त आय लेंगे।

मकर-आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायी है। दिन के आरंभिक भाग में पुरानी योजना पूर्ण होने से अथवा अन्य कार्यो से धन की आमद होगी।

कुंभ-आप भागदौड़ से दूर रहकर शांति से बिताना पसंद करेंगे। महिलाये आपकी पसंद का विशेष ध्यान रखेंगे।

मीन-आज का दिन स्वास्थ्य के लिए हानिकर है दिन के आरम्भ में शरीर मे दर्द, अकड़न की शिकायत रहेगी।

राहुल ने दी 669.69 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

आवास न्याय सम्मेलन में हुए शामिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। लोकसभा सांसद श्री राहुल गांधी तथा मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज 25 सितम्बर को जिले के तखतपुर विकासखण्ड के ग्राम परसदा सकरी में आयोजित 'आवास न्याय सम्मेलन' में क्षेत्रवासियों को 669 करोड़ 69 लाख रूपए की लागत के 414 विकास कार्यों की सौगात दी। जिसमें 195 करोड़ 50 लाख रूपए की लागत के 247 कार्यों का शिलान्यास तथा 474 करोड़ 18 लाख रूपए की लागत के 167 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद श्री राहुल गांधी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा भूमिपूजन किए जाने वाले कार्यों में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत 13.78 करोड़ रूपए की लागत से 21 विभिन्न सड़क निर्माण कार्य, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विकास योजना बिलासपुर अंतर्गत 3.74 करोड़ रूपए की लागत से 2 सड़कों का नवीनीकरण कार्य, जल संसाधन विभाग बिलासपुर अंतर्गत 14.24 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले खारंग जलाशय में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना फास्ट ट्रेक अंतर्गत कमाण्ड क्षेत्र विकास एवं जल प्रबंधन कार्य, स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत 9.32 करोड़ रूपए की लागत से 17 स्वास्थ्य केन्द्रों तथा स्वास्थ्य अधोसंरचनाओं का निर्माण व विस्तार, लोक निर्माण विभाग सेतु विकास निगम अंतर्गत 8 करोड़ 92 लाख रूपए की लागत जिला बिलासपुर के आमागोहन से बगबुड़ा मार्ग पर अरपा नदी पर पुल निर्माण तथा 2 करोड़ 35 लाख रूपए की लागत से बिलासपुर.रतनपुर कटघोरा मार्ग के किलोमीटर 30/2 पर खारून नदी पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण, जल संसाधन संभाग कोटा अंतर्गत 2 करोड़ 31 लाख रूपए की लागत से महुआकापा एनीकट निर्माण तथा 2 करोड़ 34 लाख रूपए की लागत से रानीबचली एनीकट निर्माण कार्य शामिल हैं। इसी प्रकार ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बिलासपुर अंतर्गत 2 करोड़ 20 लाख रूपए की लागत से सामुदायिक सामाजिक भवन, कौशल प्रशिक्षण भवन,सार्वजनिक शौचालय सहित कुल 9 निर्माण कार्य ,जनपद पंचायत मस्तुरी में 98 लाख की लागत से 6, बिल्हा में 01 करोड़ 31 लाख रूपए की लागत से तथा तखतपुर में 01 करोड़ 65 लाख रूपए की लागत से 8 विभिन्न निर्माण कार्य, नगर पालिक निगम बिलासपुर में 36 करोड़ 40 लाख रूपए की लागत से 148 विकास कार्य, विद्युत विभाग बिलासपुर के बिल्हा विकासखण्ड अंतर्गत 01 करोड़ 96 लाख रूपए की लागत से 33/11 केव्ही सब स्टेशन का निर्माण, लोक निर्माण विभाग बिलासपुर ;क्रमांक.02- अंतर्गत 15 करोड़ 14 लाख रूपए की लागत से 03 सड़कों का निर्माण, लोक निर्माण विभाग बिलासपुर ;क्रमांक.01 के अंतर्गत 02 करोड़ 57 लाख रूपए की लागत से 02 स्कूल भवन तथा 01 सामाजिक भवन निर्माण कार्य शामिल है। इसी प्रकार नगर पंचायत तखतपुर में 01 करोड़ 60 लाख रूपए की लागत से 10 भवन तथा नाली निर्माण कार्य, नगर पंचायत बिल्हा अंतर्गत 02 करोड़ 55 लाख रूपए की लागत से 6 विभिन्न विकास कार्य, नगर पंचायत बोदरी में अमृत मिशन के तहत 72 करोड़ 55 लाख रूपए की लागत से 01कार्य का शिलान्यास शामिल है।

सीएम ने किया विभिन्न कार्यो का लोकार्पण

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा लोकार्पित किए जाने वाले कार्यों में विकासखण्ड तखतपुर के गनियारी में 7 करोड़ 04 लाख रूपए की लागत से रीपा में गार्मेंट फैक्ट्री तथा विकासखण्ड बिल्हा अंतर्गत नगोई में 7 करोड़ 04 लाख रूपए की लागत से रीपा में गार्मेंट फैक्ट्री का लोकार्पण कार्य शामिल है। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत 03 करोड़ 25 लाख रूपए की लागत से 11 स्वास्थ्य केन्द्र भवनों, जल संसाधन संभाग कोटा अंतर्गत 18 करोड़ 18 लाख रूपए की लागत से 7 एनीकट एवं 01 जलाशय निर्माण कार्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अंतर्गत 6 करोड़ 02 लाख रूपए की लागत से 16 विभिन्न स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय का उन्नयन कार्य, जनपद पंचायत मस्तुरी अंतर्गत 3 करोड़ 17 लाख रूपए की लागत से 25 कार्य, बिल्हा अंतर्गत 45 लाख रूपए की लागत 03 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। इसी प्रकार नगर पालिक निगम बिलासपुर में 301 करोड़ 59 लाख रूपए की लागत से 75 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया जिसमें मुख्य रूप से 201 करोड़ की लागत से विकासखण्ड बिल्हा अंतर्गत मिशन अमृत पार्ट-01, सतहीय जल प्रदाय योजना तथा 100 करोड़ 45 लाख रूपए की लागत से मिशन अमृत ;पार्ट-.02, डिस्ट्रिब्यूशन कार्य का लोकार्पण शामिल है। इसी प्रकार लोक निर्माण विभाग क्रमांक.02 बिलासपुर अंतर्गत 34 करोड़ 04 लाख रूपए की लागत से 6 तथा लोक निर्माण विभाग क्रमांक.01 अंतर्गत 22 करोड़ 30 लाख रूपए की लागत से 7 विभिन्न कार्य का लोकार्पण किया गया। जनपद पंचायत कोटा अंतर्गत 71 लाख रूपए की लागत से 05 तथा स्मार्ट सिटी बिलासपुर अंतर्गत 49 करोड़ 31 लाख रूपए की लागत से 23 विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया।

न्यूज गैलरी

युवाओं ने की सनातन लाइब्रेरी की शुरुआत

बिलासपुर/नवप्रदेश। यातायात नगर वार्ड क्र. 9 परसदा के युवाओं ने हनुमान मंदिर स्थित सामुदायिक भवन में सनातन लाइब्रेरी की शुरुआत की। लाइब्रेरी में सनातन धर्म के विभिन्न ग्रंथ की पुस्तक रखी गई हैं। इसमें ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद,अथर्ववेद के अलावा अनुष्ठानों, समारोहों, बलिदानों और प्रतीकात्मक-बलिदानों पर पाठ, उपनिषद, रामायण, हनुमान चालीसा, सरल गीत व सूक्तियां की पुस्तक रखी गी हैं। इस अवसर पर दुर्गेश नंदन कौशिक, प्रमोद कौशिक, मनहरण कौशिक, चैतराम कौशिक, जय रजक, सोनू कौशिक, किरण कौशिक, सत्येंद्र राजपूत, संजय कौशिक, शत्रुहन कौशिक, शिवराज कौशिक, आकाश कौशिक आदि मौजूद रहे।

कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। अपराधी, अपराध करने के नए-नए तरकीबें आजमाता है, यहां तक कि भगवान का भी सहारा लेने से गुरेज नहीं करते। कुछ ऐसा ही मामला ग्राम खांडा में देखने को मिला है। यहां के रहने वाले राम प्रसाद गोंड़ उम्र 35 वर्ष ने अपने घर के आंगन ने भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की है। थाना प्रभारी नरेश कुमार चौहान को मुखबिर से सूचना मिली कि राम प्रसाद गोंड़ घर में अवैध रूप से शराब बिक्री करने का कार्य कर रहा है। मामले में संज्ञान लेते हुए पुलिस ने घेराबंदी की। इसके बाद गणेश पंडाल के पीछे दो बड़े-बड़े भट्ठियों में अवैध रूप से महुआ शराब बनाते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस ने भट्ठी की आग बुझाई और आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की।

युवा मितान क्लब ने पहले दिन 11 किमी की यात्रा की

बिलासपुर/नवप्रदेश। राजीव युवा मितान क्लब बेलतरा विधानसभा समन्वयक के नेतृत्व में शनिवार को भरोसे की यात्रा की शुरुआत हुई। राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों के साथ विधानसभा समन्वयक सिद्धांशु मिश्रा रोजाना 10 से 12 किलोमीटर का पद यात्रा करके आप नागरिकों को सरकार के योजना अवगत कराएंगे। पहले दिन रानीगांव मिलन चौक से पदयात्रा शुरू हुई। रानीगांव के अध्यक्ष जयप्रकाश गहवाई व गांव के सदस्य भी इसमें शामिल हुए। रानीगांव से जंजीराडीह, रामपुर, कलमीटार से होते हुए भारदेयाडीह चुमकावा तक पहले दिन 11 किमी की पदयात्रा पूरी हुई।

फार्मासिस्ट दिवस: अंगदान और रक्तदान शिविर कल

बिलासपुर/नवप्रदेश। चौकसे ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेस के अंतर्गत स्कूल आफ फार्मेसी, चौकसे कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी एवं आईपीएस कॉलेज द्वारा संयुक्त रूप से 25 एवं 26 सितंबर को फार्मासिस्ट दिवस मनाया जाएगा। 26 सितंबर को अंगदान व रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय फार्मास्यूटिकल फेडरेशन एवं भारतीय भैषजी परिषद, ने इस बार फार्मासिस्ट दिवस उत्सव का थीम विषय फार्मासिस्ट स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत कर रहे हैं एवं अंगदान महादान रखा है। संस्था के 50 से अधिक कर्मचारी एवं छात्र अंग एवं उत्तक दान के लिए शपथ पत्र जमा करेंगे। अंगदान को प्रोत्साहित करने के लिए डॉ. विजय राठौड़, एम्स रायपुर से अपना वक्तव्य देंगे।

स्टेडियम में महापौर ने किया हाईमस्ट का भूमिपूजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में शनिवार को महापौर रामशरण यादव ने स्पोर्ट्स हाई मास्ट लाइट कार्य का भूमिपूजन किया। इस दौरान महापौर के साथ वार्ड नंबर 32 शहीद विनोद चौबे नगर की पार्षद स्वर्णा शुक्ला के द्वारा भगवान गणेश की पूजा की। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य जुगल किशोर गोयल, निगम अधिकारी सुब्रत दादा, अनुपम तिवारी, इंजीनियर भूषण पैकरा, अरविंद ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन के संचालक आनंद बुधौलिया, पार्षद प्रतिनिधि अहमद खान, वसीम बक्स, पिच क्यूरेटर फाजू खान आदि उपस्थित रहे।

रंग-रंग के नशा में आडियो-वीडियो जारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। एसपी संतोष कुमार सिंह के चलाए जा रहे अभियान निजात के 7 माह पूरे होने पर पुलिस ने शार्ट फिल्म और गाना रिलीज किया। इसमें दिखाया गया है कि नशा के चलते एक हंसता-खेलता और खुशहाल परिवार कैसे बर्बाद हो जाता है। बाद में वही व्यक्ति नशा छोड़कर दोबारा मेहनत करने से फिर से परिवार के मुख्यधारा से शामिल हो जाता है। फिल्म में लीड रोल कोनी टीआई पौरुष पुर्रे व उनकी पत्नी मंजुलता का है। दोनों ने इसमें अच्छा अभिनय किया है। एसपी संतोष कुमार सिंह के अनुसार निजात अभियान के जरिए नशा कारोबार पर नकेल कसा गया।

विकास में महिलाओं का योगदान बढ़ेगा: नूरिता

बिलासपुर/नवप्रदेश। नारी शक्ति वंदन विधेयक 2023 लोकसभा और राज्यसभा में सर्व सम्मति से पारित होना देश और नारी सम्मान की दृष्टि से ऐतिहासिक निर्णय है। अब लोकसभा और राज्य विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा। उक्त बातें महिला जिला भाजपा महिला मोर्चा उपाध्यक्ष नूरीता प्रदीप कौशिक ने कही। उन्होंने आगे कहा कि अब लोकसभा में महिलाओं को आरक्षण का लाभ मिलने से वर्तमान के 82 की जगह 181 महिला सांसदों को प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। इस विधेयक को पेश कर शत-प्रतिशत बहुमत से पास कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सभी सहयोगी सांसद बधाई के पात्र हैं।

डाक विभाग से जुड़ी योजनाओं की लोगो को दी गई जानकारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय डाक विभाग प्रक्षेत्र द्वारा शनिवार को डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम किया गया। इसमें आम जनता को डाक से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। डाक सेवाओं के उपयोगकर्ताओं से डाक की सेवाओं को और बेहतर करने के लिए फीडबैक लिया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल रहे। उन्होंने कहा कि भारतीय डाक के साथ भारत सरकार की विश्वसनीयता जुड़ी है। इसके कारण लोग भारतीय डाक के साथ विशेष जुड़ाव महसूस करते हैं। उत्कृष्ट सेवाओं के कारण ही भारतीय डाक आज हर घर से जुड़ा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा डाक सेवाओं में विस्तार के लिए विविध प्रयासों की सराहना की। पूर्व मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से डाक द्वारा बैंकिंग सेवाओं की शुरूआत की गई। इससे पहले भारतीय डाक की जनसंपर्क अधिकारी सुनीता द्विवेदी ने डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। प्रक्षेत्र के डाक अधीक्षक एचआर साहू ने सभी अतिथियों का स्वागत व स्मृति चिन्ह भेंट किया। खाता खोलने के विशेष अभियान में प्रक्षेत्र जनवरी 2023 देश में दूसरा स्थान प्राप्त कर चुका है। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. मनोज सिन्हा ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस के वॉलंटियर्स भारतीय डाक की जनहितैषी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनके कैंपों में सुकन्या समृद्धि योजना आदि के खाते खुलवाने के लिए विशेष प्रयास किए जाते हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की जिला संयोजिका सीमा पांडेय, सामाजिक कार्यकर्ता जयश्री चौकसे, कुदुदंड की नगर पार्षद श्रद्धा जैन का भी संबोधन हुआ। रामदेव कुमवात भी मौजूद रहे। डाकपाल जीआर साहू, पालेश्वर साहू, एसबीसीओ रजनीश गुप्ता, डिप्टी पोस्ट मास्टर विजय, रमित सिन्हा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

सूने मकानों में चोरी करने वाला पकड़ा गया

बिलासपुर। सरकंडा क्षेत्र के सूने मकान में चोरी करने वाला पकड़ा गया। चोर ने तीजा मनाने गई महिला व किराना दुकान संचालक के मकान में चोरी की थी। आरोपी से सामान बरामद कर लिया गया है। सरकंडा निवासी उमेश्वरी केंवट गृहिणी है। पति हरप्रसाद मोपका के निर्माणाधीन मकान में चौकीदारी हैं। महिला तीज मनाने मायके गई थी। इस दौरान उनके सूने मकान से एलईडी टीवी व जेवर गायब हो गए थे। इसी तरह लगरा आरटीओ ऑफिस के पास रहने वाला किराना दुकान संचालक के घर भी चोरी हुई थी। पुलिस चोरों की पतासाजी में जुटी थी। जांच के दौरान तोरवा स्थित शिव मंदिर के पास रहने वाला नानू सूर्यवंशी का नाम संदेही के रूप में सामने आया। जानकारी मिली कि वह चोरी का सामान बेचने के फिराक में मोपका चौक के पास ग्राहक की तलाश कर रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया।

मन, आत्मा को सरल और शुद्ध करना जरूरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। जैन धर्म के पर्वाधिराज दशलक्षण महापर्व के पांचवें दिन भाद्र पद शुक्ल अष्टमी के दिन भगवान पुष्पदंत के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर पूजा के साथ निर्वाण लाड़ू चढ़ाए गए। आत्म शुद्धि के इस महापर्व पर दोपहर में प्रतिदिन क्रांतिनगर मंदिर जी में श्री चौबीसी विधान का आयोजन किया जा रहा।

जैन धर्म के पर्वाधिराज दशलक्षण महापर्व के पांचवें दिन उत्तम सत्य धर्म के रूप में मनाया गया। धर्म सभा में श्री श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर से पधारे पं. आशीष शास्त्री ने बताया कि उत्तम सत्य धर्म हमें यही सिखाता है कि आत्मा की प्रकृति जानने के लिए सत्य आवश्यक है और इसके आधार पर ही मोक्ष पाना मुमकिन है। अपने मन और आत्मा को सरल और शुद्ध बना लें, तो सत्य अपने आप ही आ जाएगा और यही उत्तम सत्य धर्म है।असत्य भाषण करने का दूसरा कारण भय है। मनुष्य को कोई आपत्ति आती हुई दिखाई देती है तो उस समय वह डरकर झूठ बोल देता है। बच्चों ने भजन, नृत्य, नाटिका प्रस्तुत किए- क्रांतिनगर मंदिर पाठशाला के बच्चों अनोखी, भाविका, लाव्या, अन्वी, भव्य, सिद्ध, वेदार्थ, देव, इवान, अणिमा, श्रेयांश, कुहू, सात्विक, राव्या ने भजनों पर प्रस्तुति दी।

नहीं मिला इलाज, गाय और उसके पेट में पल रहे बच्चे की मौत, जांच

बिलासपुर/नवप्रदेश। पेट में मृत बछड़े को लेकर प्रसव पीड़ा से 40 घंटे तक गाय तड़पती रही। समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण उसकी मौत हो गई। गौपालक ने गाय की मौत पर पशु चिकित्सकों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है और मामले में जांच की मांग की है।

बता दें कि सीपत निवासी गोविंद शुक्ला की गर्भवती गाय को प्रसव पीड़ा हुई। इस दौरान गाय के बछड़े का दो पैर बाहर निकलकर रुक गया। दो घंटे तक चरवाहों के साथ प्रसव कराने की कोशिश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। गाय की हालत बिगड़ते देख गोविंद ने शाम 5 बजे गांव में स्थित पशु चिकित्सालय में यहां के डॉक्टर से मुलाकात करने पहुंचा, तो देखा की अस्पताल में ताला लगा हुआ था। ग्रामीणों ने बताया कि पशु चिकित्सालय सुबह 7 से 11 बजे तक ही खुलता है। अन्य समय बंद रहता है। प्रसव पीड़ा के दर्द से तड़पती गाय को राहत दिलाने पास के ग्राम जांजी के पशु चिकित्सा विभाग के फील्ड अधिकारी को घर बुलवाया गया। उन्होंने गाय के बछड़े का पैर को पकड़कर बाहर निकालने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हुए। गाय की तकलीफ को देखते हुए दर्द का इंजेक्शन लगाकर राहत दिलाने का प्रयास की गई। तीन दिनों तक यही स्थिति रही और गाय ने इलाज के अभाव में दम तोड़ दिया।

सीपत के पशु चिकित्सक प्रभारी डॉ. संजय राज ने कहा कि गाय की हालत बिगड़ने के बाद गौपालक ने मुझे जानकारी दी। मैंने जाकर जांच किया, तो गाय के पेट के अंदर उसका बछड़ा मर चुका था। इसलिए बेहतर इलाज के लिए मैंने बिलासपुर जिला पशु चिकित्सालय रेफर किया, क्योंकि ऑपरेशन के लिए संसाधन व्यवस्था सीपत के अस्पताल में नहीं है।

नशे के अवैध कारोबारी से 1.80 किलो गांजा बरामद

बिलासपुर। तालापारा में नशे के अवैध कारोबारी से पुलिस को 1 किलो 800 ग्राम गांजा मिला। उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। एसपी संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर नशे के विरुद्ध चल रहे अभियान निजात के तहत पुलिस अवैध कारोबारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में टीआई प्रदीप आर्य को मुखबिरों से सूचना मिली कि तालापारा संजय नगर निवासी अब्दुल रहमान गांजा बेचने के फिराक में ग्राहक की तलाश रहा है। तस्दीक करने उन्होंने थाने के एएसआई नरेंद्र डिक्सेना को स्टाफ के साथ रवाना किया। पुलिस टीम मौके पर जाकर घेराबंदी कर संदेही को हिरासत में लिया। उसके पास प्लास्टिक की बोरी में 1 किलो 800 ग्राम गांजा मिला। उसे जब्त कर संदेही को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। यहां से न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

शुक्ल पक्ष अष्टमी में हुआ भजन-कीर्तन

बिलासपुर/नवप्रदेश। भाद्रपद शुक्ल पक्ष अष्टमी कृष्ण वल्लभा राधा रानी का प्राकट्योत्सव शनिवार को सभी कृष्ण मंदिरों में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राधाजी का जन्माभिषेक, षोडशोपचार पूजन, श्रृंगार, आरती, बधाईगान और उछाल के आयोजन हुए। राधा-कृष्ण मंदिर मसानगंज, राधा-कृष्ण मंदिर सरकंडा में सुबह तिथि पूजा के बाद प्रियाजी का पंचामृत से अभिषेक किया गया। पंडितों ने वेद पाठ किया। ठाकुरजी और राधाजी को नवीन पीली पोशाक धारण कराई गई। सिर से लेकर पांव के नाखून तक विशेष अलंकार धारण कराए गए। फूलों से भी मनमोहक श्रृंगार किया गया। 56 भोग लगाया गया। श्रृंगार आरती के बाद राधा रानी जन्मोत्सव मनाया गया। श्रद्धालुओं ने राधा जन्म की बधाइयां गाईं। कपड़े, फल, टॉफी व खिलौने की उछाल लूटी। भजन-कीर्तन हुआ। इसके अलावा व्यंकटेश मंदिर, घोंघा बाबा मंदिर में भी राधाष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाई गई। वहीं इस्कॉन मंदिर में रविवार को राधा-कृष्ण अष्टमी मनाई जाएगी।

माहेश्वरी महिला मंडल की सखियों ने सरोज राठी के निवास पर राधाष्टमी मनाई। महिलाओं ने भी बरसाने की तर्ज पर ध्वजा, पुष्प माला, वस्त्र, पता का तोरण, फलों से माता का श्रृंगार किया गया। भजन कीर्तन हुआ। 56 भोग लगाया गया। महिलाओं ने कहा कि राधा निस्वार्थ प्रेम भक्ति का सर्वोच्च रूप थीं। भजन-कीर्तन हुआ। आरती कर सभी ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सरोज, विनीता, शीला, किरण, सरिता, सुधा, कुसुम, विमला, अंजना, ममता, आरती, सोनाली, चारु, सौम्या, पूनम, मोना, सरिता, नीता, मीणा, पूजा, ख्याति, सरोज, हेमलता सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ें और उनके विकास में सहयोग करें: प्रो. दुबे

बिलासपुर/नवप्रदेश। डॉ. सीवी रमन यूनिवर्सिटी में कृषकों एवं पारंपरिक वैद्यों के सशक्तिकरण, लघु वनोपज एवं प्राकृतिक उत्पादों के प्रसंस्करण विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला हुई। कार्यशाला में किसानों, आदिवासी महिलाओं, पारंपरिक वैद्यों एवं विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में केंद्र सरकार, राज्य सरकार एवं कई राज्यों विषय विशेषज्ञ एवं प्रशिक्षक शामिल हुए। यह उन्नत भारत अभियान कार्यक्रम अंतर्गत नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन एवं विज्ञान व प्रौद्योगिकी मंत्रालय के प्रायोजन में ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. आरपी दुबे ने कहा कि छत्तीसगढ़ में वनोपज की विविधता को देखते हुए यह कार्यशाला ग्रामीणों के आजीविका संवर्धन में महत्वपूर्ण आयाम स्थापित करेगी। ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग में स्थापित इस बहु उद्देशीय प्रसंस्करण मशीन से अध्ययनरत विद्यार्थियों के साथ साथ ग्रामीण किसानों को भी स्वरोजगार स्थापित करने में लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों की जिम्मेदारी है कि वे ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़े और उनके विकास में सहयोग करें। नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन भारत सरकार के साइंटिस्ट राहुल प्रकाश ने कहा कि सीवीआरयू ने आज समावेशी आयोजन कर ज्ञान के धारकों का समावेश किया है। देश की जीडीपी में 18 प्रतिशत योगदान किसानों का है। किसान अपने घर में चुहते पानी में भी खुश रहते है, क्योंकि बारिश से हुई फसल से देश के लोगों को पेट भरता है। उन्होंने किसानों को अपने प्रोडक्ट को बाजार में तैयार रूप में बेचने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर वैद्य शुक्ला प्रसाद ने कहा कि वे 12 साल की उम्र से लोगों का इलाज कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी बीमारियों का इलाज जड़ी बूटी और प्रकृति से संभव है। हम सभी को इस ओर कार्य करना चाहिए। उन्होंने गोबर खाद के उपयोग करने की बात कही।

कृषि विज्ञान केंद्र बिलासपुर के साइंटिस्ट डॉ. अमित शुक्ला ने बताया कि कोटा के आदिवासी अंचल में जैव विविधता है और औषधीय पौधे हैं। इसी पारंपरिक ज्ञान के रूप पहुंचाते हुए सीवीआरयू ने बड़ा मंच दिया है। वनौषधि विकास फाउंडेशन के निर्मल कुमार अवस्थी ने कहा कि वास्तव में परंपरागत ज्ञान विज्ञान है। आज सीवीआरयू ने तीन दिनों तक इसी परंपरागत ज्ञान और विज्ञान का बड़ा बनाया है। हम स्थानीय और पारंपरिक ज्ञान को जीतना अधिक समझेंगे जीवन में उतना अधिक लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में उपस्थित जीटीबी एफपीओ के सह निदेशक मनोज गुप्ता ने कहा कि ऐसे आयोजन से पारंपरिक ज्ञान के साथ सीधा संपर्क होता है। यह हर्ष की बात है कि सीवीआरयू पारंपरिक ज्ञान का डाक्यूमेंटेशन कर रहा है।

परिवर्तन यात्रा : भूपेश सरकार का कामकाज सिर्फ पोस्टर में : संध्या

■ भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में विशाल रैली निकाली गई

कांकेर/नवप्रदेश। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी जिला कांकेर के द्वारा रविवार को मेला भाटा मैदान में आमसभा का आयोजन किया गया। सभा से पहले शहर में सुबह 11 बजे भव्य रैली निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में उपस्थिति जनसमुदाय ने रैली की भव्यता बढ़ाई। दोपहर 1 बजे आमसभा की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन संध्या शुक्ला, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौरभ द्विवेदी, महासचिव आशीष शुक्ला की विशेष उपस्थिति रही। इसके साथ ही जिले भर के साथ प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति हजारों की संख्या में रही।

सभा मे उपस्थित अपार जनसमुदाय को संबोधित करते हुए भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन संध्या शुक्ला ने कहा कि आज समाज में जागृति है। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के लिए पूरे छत्तीसगढ़ में माहौल है। आज हमारी पार्टी ने पूरे छत्तीसगढ़ में लाखों परिवारों को नशा मुक्त कराया है। पिछले 76 सालों में देश का एवं प्रदेश का विकास इन भ्रष्ट राजनेताओं के कारण रुका हुआ है जिस पर लोगों को खुलकर आवाज उठाने की जरूरत है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन संध्या शुक्ला ने भूपेश सरकार को भी आड़े हाथ लेते हुए कहा यह भ्रष्टाचार में डूबी हुई सरकार है। जिस भी काम में यह सरकार हाथ डालती है,वहां भ्रष्टाचार करती है। लोग भाजपा और कांग्रेस के खोखले वादों को नकारकर भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के साथ जुड़ने के लिए तत्पर है। पूरे प्रदेश के सभी क्षेत्रों में लोगो का अपार समर्थन हमे प्राप्त हो रहे है। राष्ट्रीय महासचिव आशीष शुक्ला ने कहा कि अब छत्तीसगढ़ परिवर्तन के मूड में है,यहां नशा बेचने वाली सरकार से लोग परेशान हैं। प्रदेश की कानून व्यवस्था लचर स्थिति में है, और भूपेश सरकार के कामकाज सिर्फ पोस्टर में ही दिखाई दे रहे हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौरभ द्विवेदी ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस दोनों ने मिलकर पूरे प्रदेश को लूटा है। अभी इस प्रदेश को पिछड़ा प्रदेश के नाम से पूरे देश भर में जाना जाता है लेकिन असल मायने में देखें तो कभी इन नेताओं ने छत्तीसगढ़ को ऊंचाइयों तक ले जाने वाली योजना नहीं बनाई। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के माध्यम से स्वच्छ राजनीति एवं भयमुक्त भ्रष्टाचार से मुक्त छत्तीसगढ़ के निर्माण के अभियान को दिन प्रतिदिन बढ़ाया जा रहा है और इस बार के विधानसभा चुनाव में निश्चित रूप से भारतीय शक्ति चेतना पार्टी एक बड़ी बदलाव करेगी यह समीकरण बन रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में जिले के तीनों प्रत्याशियों कांकेर से नमिता नेताम,भानुप्रतापपुर से लतीफ पिड्डा,अंतागढ़ से नरहरदेव गावड़े के द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष संध्या शुक्ला जी एवं अन्य राष्ट्रीय पदाधिकारी को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस पूरे कार्यक्रम में लगभग दस हजार से अधिक लोगों की उपस्थिति रही।

कांग्रेस में आपसी खींचतान

सुकमा/नवप्रदेश। चुनावी सत्र में राजनीतिक दलों की बढ़ती गतिविधियों ने चुनावी बिगुल फूंक दिया है। इस सत्र में छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में कोंटा विधानसभा में 2023 में होने वाले विस चुनाव से ठीक पहले राजनीतिक पार्टियों में आपसी खींच - तान और चुनावी रण में उतरने से पहले ही पार्टियों में आपसी भीतरघात का घमासान सार्वजनिक हो चला है। जबकि रविवार को सुकमा जिला के छिंदगढ़ में सीएम प्रवास के दौरान कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी और सदस्यों के साथ उपेक्षा किए जाने की नाराजगी को लेकर व्हाट्सएप जैसे सोसल मीडिया पर सालों से पार्टी के लिए कार्य कर रहे दर्जन भर से अधिक कांग्रेसी कार्यकर्ता और पदाधिकारी का पार्टी पद से इस्तीफा लिखा जाना,कांग्रेस पार्टी में कोहराम मचा दिया है।

पदाधिकारियों का निकल रहा भड़ास

मुख्यमंत्री के सुकमा जिला में छिंदगढ़ प्रवास के बाद ऐसा लगने लगा था कि कुछ नई ऊर्जा का संचार होगा। लेकिन चुनाव से पहले एक साथ सुकमा कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं का यूं पार्टी पद से त्यागपत्र लिखा जाना कांग्रेस में चल रही आपसी गुटबाजी को सार्वजनिक रूप से मोहर लगा दिया है। रविवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के वापस लौटते ही कांग्रेस में कार्यकर्ताओं के साथ उपेक्षा कर पक्षपात का आरोप लगना शुरू हो गया। कांग्रेस पार्टी के सूत्रों ने बताया है कि सीएम प्रवास में प्रदेश सचिव स्तर के कांग्रेस पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री से मिलने से रोका गया। कारण ये की स्थानीय स्तर पर मंच में स्थान के लिए जिसके हाथ मे सूची थी,उसने हेलीपैड व मंच तक मे पदाधिकारियों को पहचानने से इंकार कर दिया। इतना ही नहीं सीएम प्रवास में छिंदगढ़ के सरपंच का नाम ही लिस्ट से हटा दिया गया था। फिर आनन फानन में छिंदगढ़ सरपंच को पास दिया गया। नतीजन रूप में दो पदाधिकारी ने अपना इस्तीफा भी लिख दिया,वही एक पार्टी पदाधिकारी ने पार्टी की कमान ठेकेदार के हाथ मे होने की बात कह डाली। वैसे मुख्यमंत्री के प्रवास में पार्टी के बड़े जिम्मेदार पदाधिकारी को सीएम के नजदीक न जाने देने का मुख्य कारण सुरक्षा नही बल्कि पार्टी में गुटबाजी और भीतरघात कर एक दूसरे को काटने के लिए किए जाने वाला षड्यंत्र बताया जा रहा है।

भाजपा की पुरानी बीमारी, जिलाध्यक्ष ने काटा कन्नी

वही दूसरी तरफबात करें भाजपा पार्टी की जो हमेशा अपने गुटबाजी की पुरानी बीमारी को लेकर आज भी विवादों में है। यहाँ भी स्थति पहले के मुकाबले बदत्तर हो चुका है। जिसका एक नमूना पिछले दिनों ताड़मेटला मुठभेड़ के विरोध में जाने के लिए पूर्व जिलाध्यक्ष हूँगाराम मरकाम ने सोशल मीडिया में लिखा। लेकिन भाजपा के जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने इस जांच दौरे को व्यक्तिगत बताते हुए कन्नी काट दिया। बावजूद इसके हूँगाराम के साथ कई भाजपाई खड़े नजर आए। इधर छिंदगढ़ में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के पूर्व गिरफ्तार किए गए हूँगाराम मरकाम अकेले ही जूझते नजर आए। हूँगाराम मरकाम ने कहां की इन विषम परिस्थिति में जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे द्वारा फोन तक रिसीव नहीं किए गया। इस सब से एक बात तो स्पष्ट है,की राजनीति की आड़ में समाज कल्याण,उन्नति और विकास करने का ढिंढोरा पीटने वाले नेताओं ने राजनीति को सिर्फराज करने की नीति तक सीमित कर दिया है।

कलेक्टर ने लिया गिरदावरी कार्यों का जायजा

■ त्रुटि रहित गिरदावरी करने के दिये निर्देश

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। उन्होंने इस दौरान फसलों की गिरदावरी कार्यों का परीक्षण करते हुए जिले के विकासखंड बलरामपुर अंतर्गत अलखडीहा, बरदर, भैंसामुंडा, जैसे विभिन्न गांवों का दौरा किया। कलेक्टर ने फसलों की वस्तु स्थिति का जायजा लेने मेड़ों के रास्तों पर पैदल चलते हुए स्वयं खेतों के बीच पहुंचे। उन्होंने राजस्व विभाग की टीम द्वारा तैयार किए गए गिरदावरी रिकॉर्ड का फसल के साथ मिलान किया तथा सबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि रकबे में लगाए गए फसल का सही जानकारी ऑनलाइन प्रविष्टि प्राथमिकता से दर्ज करें।

कलेक्टर श्री एक्का ने गिरदावरी कार्य की जमीनी हकीकत का निरीक्षण करते हुए कहा कि गिरदावरी कार्य में शुद्धता दिखाते हुए शत-प्रतिशत त्रुटि रहित गिरदावरी करें। समय से ऑनलाइन एंट्री करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि पटवारी गांव-गांव में जाकर गिरदावरी कार्य करें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वन अधिकार पट्टे की भी जानकारी ली। तत्पश्चात आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. बरदर में पहुंच प्रबंधक कक्ष, गोदाम एवं अन्य कक्ष का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने धान खरीदी पंजीयन के संबंध में जानकारी लेते हुए पिछले वर्ष में हुई धान खरीदी के संबंध में पूछा तथा समय-सीमा में किसानों का पंजीयन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गौठानों में गोधन न्याय योजना के तहत खरीदे गए गोबर से वर्मी कंपोस्ट व सुपर कंपोस्ट का उत्पादन और विक्रय की भी जानकारी ली। उन्होंने राजस्व संबंधित प्रकरणों जैसे फौती, अविवादित नामांतरण को भी समय के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए साथ ही कहा कि अपने कार्यों में गंभीरता दिखाते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इस दौरान तहसीलदार सुश्री रौशनी तिर्की, राजस्व निरीक्षक, पटवारी सहित क्षेत्र के आम नागरिक उपस्थित थे।

स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्य के लिए शंकरगढ़ सम्मानित

बलरामपुर/नवप्रदेश। स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण के तहत बलरामपुर जिले के ग्राम पंचायत शंकरगढ़ ने स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर जिला का नाम रोशन किया है। स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण के अंतर्गत ग्राम पंचायत शंकरगढ़ में नियमित रूप से डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण, सोखता गड्ढा का निर्माण के साथ सामुदायिक शौचालय का बेहतर संचालन कर अन्य पंचायत के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया है। ग्राम पंचायत शंकरगढ़ ओ.डी.एफ प्लस ग्राम पंचायत है, यहां की सरपंच, सचिव की सक्रियता एवं ग्रामीणजन की जागरूकता एवं सहभागिता के कारण ग्राम पंचायत शंकरगढ़ स्वच्छता के आयामों को नियमित रूप से अंगीकार कर रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय ग्रामीण आवास न्याय सम्मेलन में मिशन डायरेक्टर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण ने ग्राम पंचायत शंकरगढ़ को उत्कर्ष ग्राम पंचायत के रूप में सम्मानित किया गया।

जिले का पहले प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र की हो रही शुरुआत

ग्राम पंचायत शंकरगढ़ के ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) में जिले के प्रथम प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र की शुरुआत भी की जा रही है, जिससे संबंधित समस्त तैयारी पूर्ण कर ली गई है। प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र में जनपद पंचायत शंकरगढ़ के समस्त ग्राम पंचायत से संग्रहित सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्रीकरण कर प्लास्टिक प्रबंधन केंद्र लाया जाएगा, जहां पर प्लास्टिक को रिसाइकल कर अपना प्रयोग में लाया जाएगा। प्लास्टिक अपशिष्ट जो अभी तक एक समस्या के रूप में था उसे रिसोर्स संसाधन के रूप में अतिरिक्त आय सृजन का माध्यम भी बनेगा। अब प्लास्टिक कचरा नहीं बल्कि कंचन के रूप में उपयोगी सिद्ध होगा और आय का स्रोत बनेगा। इसके लिए संबंधित क्षेत्र की सरपंच ने मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

NO.021-10/PUBLICATION/3654 Korba West, dtd. 22.09.2023

e-Bidding TENDER NOTICE No. 1250/2023.

Online tenders are invited from Experienced & Prospective Firms for the following Work/Supply:

S. No	Rfx No.	Particulars	Cost of tender doc.	E.M.D. (Rs.)	Last date of submission & opening
1.	Rfx No. 8100034172	Procurement of Carrying Roller, H-I for CHP: EXT., HTPS, Korba West.	590/-	14,340/-	17.10.2023

NOTE: - 1.Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website **www.cspc.co.in – e-Bidding**. 2. Quantity as per tender schedule.

SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION

S.-38678/2

SUPERINTENDING ENGINEER (P-I)
O / o THE ADDL. CHIEF ENGINEER (S&P)
HTPS, CSPGCL, KORBA WEST

आश्रम शाला और छात्रावासों का सहायक आयुक्त विभाग ने किया निरीक्षण

नारायणपुर/नवप्रदेश। जिले में माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण किया जाना प्रस्तावित है। इसी परिपेक्ष में विगत 24 सितंबर, दिन रविवार को सहायक आयुक्त बद्रीश सुखदेवे, मंडल संयोजक वासुदेव भारद्वाज विकासखण्ड ओरछा, सब इंजीनियर लक्ष्मण कश्यप द्वारा कन्या आश्रम कालेबेड़ा, परलनार, गुमरका तथा धनोरा में नवनिर्मित भवनों का आकस्मिक निरीक्षण किया। सहायक आयुक्त ने निरीक्षण करते हुए हुए ठेकेदारों को प्राक्कलन अनुसार लंबित कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कर आवश्यक साफ-सफाई के निर्देश दिये। उन्होंने विभाग द्वारा संचालित आश्रम छात्रावासों का औचक निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं में आवश्यक नैतिक शिक्षा, सदाचरण, बौद्धिक विकास के उपाय, देश व समाज में छात्र-छात्राओं के महत्वपूर्ण योगदान करने के लिए प्रेरित किया। सहायक आयुक्त ने अधीक्षकों एवं कर्मचारियों को छात्रावासों में गुणवत्ता युक्त पौष्टिक भोजन एवं नाश्ता प्रदाय करने तथा साफ सफाई, स्वास्थ्य तथा मौसमी बीमारी से बचने के उपाय अपनाने के निर्देश दिए।

सरकारी ठेके कार्य में उठ रही उंगलियां

बीजापुर/नवप्रदेश। 18 सितम्बर को बघेल बीजापुर दौरे कर 457 करोड़ 58 लाख की कार्य योजना को लोकर्पण भूमि पूजन किया गया है, विगत सालो से भी करोड़ों रुपया का योजना बजट पेस करते जा रहीं है आदिवासीयों के नाम से राजनीतिक नेता लोग दलाली लोग पैसा लूट रहे है।

बीजापुर जिला 2007 में गठनकर 18 साल हो चुकी है, 11 साल भाजपा नेता विकास के नाम के उपर करोड़ों रूपया लूट लिया था, अभी कांग्रेस लगभग 5 साल का शासनकाल में बीजापुर जिले में पुलिस कैम्प, थाना स्थापित कर जनता को गोली लाठीचार्ज, जेल अत्याचार-हत्या नरसंहार में तब्दील कर रखी है।

स्वास्थ विभाग के ओर से उप स्वास्थ केन्द्र 27 निर्माण किया गया नाम के वास्ते है 2021 अक्टूबर में छत्तीसगढ़ सरकार श्री धनवन्तरी जनरिक मेडिकल स्टोर भी शुरू किया था। 50-70 प्रतिशत कमी किमत में दवाई मिलता है, लेकिन जनता को वो भी नहीं मिल रहा है ना कोई डॉक्टर या नर्स जाके इलाज करती है। गाय, बकरी की कोटर जैसी बन गई एड्समेड्डा, पूसनार जैसे कई केन्द्रों में जिला के जनता, उल्टी, दस्त, मलेरिया, कुपोषित से छोटे बच्चे तड़प कर मर रहे है। जिला पंचायत के द्वारा बोरिंग, बोरप्लेट करोड़ो रूपया की कार्य कर चुके है, लेकिन डोडी तुमनार में 6 लाख 20-20 हजार का 2 बोरप्लेट पिट किये, बोर नहीं खोदे, गम्पुर में 2 बोरप्लेट पिट किये बगैर नहीं खोदे, पिड़िया में 4 बोरप्लेट पिट किये, 2 में पानी की नसीब नहीं है, बोर ही नहीं खोदे, एण्डपम्प 12 खोदे अब तक बाकी पिट नहीं किये, इस तरह जिले बर में देखा जाएं तो कई केश मिल सकते है।

गम्पुर पंचायत में बोर खोदने वाले टेकेदार जनता से 1 लाख रूपया वसुल करके भाग गये है।

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202307140400028
अ-6/2022-23

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष कुमार यादव पिता रामसिंग यादव निवासी आमापारा कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा मोहल्ला जवाहर वार्ड कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 5 ए प्लाट नं. 18 में से क्षेत्रफल 537 व.फु. मकान वार्षिक भू भाटक 805.00 रु. रामसिंग पिता टेटकू, कुमारीबाई पति रामसिंग नजूल अभिलेख में दर्ज है। खातेदार रामसिंग यादव की मृत्यु दिनांक 30.10.2012 एवं कुमारी बाई यादव की मृत्यु दिनांक 02.02.2016 को हो गई है। मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर विधिक वारिस का नाम दर्ज करने इस न्यायालय में भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 केतहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के साथ प्रकरण में सुनवाई दिनांक 4.10.2023 तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त नियत दिनांक के पश्चात दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

सील

नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR

e-Procurement Tender Notice

Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

(2nd Call)

NIT NO:42/ZONE 07/2023 RAIPUR DATED:22/09/2023

Online bids are invited for the following works up to 09/10/2023 at 17:30 hours.

Sr. No.	System Tender No.	Name of work/Description of work	Probable amount of contract (In Lacs)
1	148214	मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत श. मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड 23 अंतर्गत राजपूत क्षत्रिय महासभा छ.ग. छात्रावास भवन के द्वितीय तल में हॉल निर्माण कार्य	20.00

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 22.09.2023, 17.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Deatails and other documents.

NOTE: -

1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

ZONE COMMISSIONR
ZONE 07
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

प्रथम पृष्ठ का शेष...

मोदी-अडानी का ...

सेक्रेटरी और सेक्रेटरी चलाते है। 90 सेक्रेटरी है, वो योजना डिजाइन करते है। रुपया कहां जाएगा, ये डिसाइड करते है।' राहुल बोले- संसद में मैंने जब पूछा कि डिफेंस में, एयरपोर्ट में, किसानों के काले कानून में अडानी को फायदा दिलाने की कोशिश की गई। आखिर ऐसा क्यों हुआ। किस रिश्ते के तहत ये फायदे पहुंचाए गए।

स्कॉर्पियो का एयरबैग...

तो उन्होंने शोरूम के कर्मचारी से शिकायत दर्ज कराई तो पहले बहस की गई, फिर मारपीट पर उतारू हो गए। जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद उन्होंने रायपुर थाने में शिकायत की। सुनवाई नहीं होने पर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने मामले में एफ आईआर दर्ज करने का आदेश दिया।

देश से मानसून की ...

तक पूरे देश से लौट जाता है। इस साल अब तक देश में 796.4 मिमी बारिश हुई है, जो सामान्य बारिश (843.2 मिमी) से 6 प्रतिशत कम है।

1500 रुपए के लिए ...

आरोपी अपने घर में ताला बंद कर फरार है। उसके संभावित ठिकानों पर कार्रवाई की जा रही है। आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा। इस घटना को लेकर दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस मामले में बिहार सरकार और पुलिस को तुरंत महिला को सुरक्षा प्रदान करने अरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

मुजफ्फरनगर थप्पड़ कांड...

(शिक्षा का अधिकार) का सीधा उल्लंघन है।' पीठ ने सरकार की इस दलील खारिज कर दी कि तुषार गांधी द्वारा दायर याचिका पर विचार नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह महात्मा गांधी के परपोते है। शीर्ष अदालत ने मुकदमा दर्ज करने में हुई लंबी देरी और तरीके पर भी गंभीर आपत्ति जताई। सरकार का पक्ष रख रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने जब कहा कि साम्प्रदायिक पहलू को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया। इस पर पीठ ने उनसे पूछा, यह बहुत गंभीर मामला है। शिक्षक ने बच्चे को उसके धर्म के कारण पीटने का आदेश दिया? यह कैसी शिक्षा दी जा रही है?

राज्य सरकार देगी...

2023 के 'परेशान करने वाले वीडियो' की स्वतंत्र और समयबद्ध जांच की मांग की गई है, जिसमें कथित तौर पर मुजफ्फरनगर गांव के नेहा पब्लिक स्कूल में अपनी शिक्षिका/प्रिंसिपल तृप्ति त्यागी के निर्देश पर सहपाठी छात्रों द्वारा एक सात साल के लड़के को थप्पड़ मारते हुए दिखाया गया था।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, (E&M) DIVISION, PUBLIC HEALTH ENGG. DEPTT., BILASPUR (C.G.)

N.I.T. No. 03 /2023-2024/TS/E.E./E&M/ DN./P.H.E.D./ Bilaspur, Dt. 22.09.2023

SHORT NOTICE INVITING TENDER

Sl. No	Brief description of materials	Qty.	Estimated Cost (In Rs) lakh)	Earnest Money (In Rs
1.	Supply of 6"(152m.m.) dia Button Bit suitable for 6"dia (OD142m.m.) Valveless /Digger type or equivalent Hammer.	15 Nos	3.451	10400/-

2. Last date of Receipt of application for Issue of tender documents. : 13.10.2023 Up to 5.00 pm.
3. Last date of sale of tender document. : 16.10.2023 Up to 5.30 pm.
4. Last date of receipt of tender document : 17.10.2023 Up to 3.00 pm.
5. Date of Opening of Financial Bid : 17.10.2023 at 4.00 pm
6. Cost of Tender Document for each group : Rs. 750/-
7. Period of supply : 30 days from date of supply order

"TERMS AND CONDITIONS"

1. Detailed specials terms and conditions can be seen at this office, during office hours. Tender forms will be provided only with the written consent of Acceptance of departmental terms conditions.
2. This short NIT will be a part of the agreement.

G-05639/2

Executive Engineer
(E&M) Division
Public Health Engg. Deptt.
Bilaspur (C.G.)

pnb | Oriental | United | Together for the better

मण्डल कार्यालय, प्लॉट नं. ए.48, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर, फोन : 077752 432710/729

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 8 (1)] के तहत

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **पंजाब नैशनल बैंक**, का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(12) और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था। ऋणी के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम के नियम 8,9 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य (कब्जा) नीचे वर्णित दिनांक को ग्रहण कर लिया है तथा जिसका विवरण अधोवर्णित है।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (ओं) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है।

ऋणी/बंधककर्ता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद्द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त सम्पत्ति का **किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय पंजाब नैशनल बैंक के मूल ब्याज व अन्य व्यय के भार के अधीन होगा** जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

क्र. सं.	खाता/ ऋणी/ गारंटर एवं शाखा का नाम	बंधक संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति का स्वामी	मांग/कब्जा सूचना की तिथि / कब्जे का प्रकार	कब्जा सूचना तिथि को बकाया राशि
1.	ऋणी- केशरी जनरल स्टोर, प्रोपराईटर- श्री धर्मेन्द्र कुमार केशरी. बंधककर्ता- द्वारिका प्रसाद केशरी, धर्मेन्द्र केशरी दोनों का पिता- बंशी केशरी. शाखा- बलरामपुर (छ.ग.)	खसरा नं. 240/10 व 240/11, प.ह.नं. 12, जिला अस्पताल के पास, बलरामपुर, छत्तीसगढ़., क्षेत्रफल- 0.07 हेक्टेयर में स्थित आवासीय सम्पत्ति के समस्त भाग व अंश का ईक्म। **चौहद्दीः ख.नं. 240/10- उत्तर की ओर-** दिलिप सोनी का प्लाट, **दक्षिण की ओर-** विक्रेता का प्लाट, **पूर्व की ओर-** कच्चा सड़क, **पश्चिम की ओर-** विक्रेता का प्लाट। **ख.नं. 240/11- उत्तर-** तेजन का प्लाट, **दक्षिण-** विक्रेता का प्लाट, **पूर्व-** कच्चा सड़क, **पश्चिम-** विक्रेता का प्लाट।	14.03.2023 / 20.09.2023 / सांकेतिक कब्जा	₹ 24,50,607.30 प्लस 01.02.2023 से ब्याज और अन्य शुल्क

दिनांक : 25.09.2023 स्थान : बिलासपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी / पंजाब नैशनल बैंक

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एजोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

सीसी रोड निर्माण में गड़बड़ी, होगी वसूली

कोरबा/नवप्रदेश। जनपद पंचायत पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत पोलमी में तत्कालीन सरपंच एवं दो उप अभियंताओं से 2.60 लाख की वसूली की जाएगी। मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के तहत चार सीसी रोड निर्माण में भुगतान संबंधी बरती गई गड़बड़ी के कारण यह आदेश न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी पाली ने पारित किया है। ग्राम पंचायत पोलमी में वर्ष 2016 में तत्कालीन सरपंच रामकुमार नेटी के द्वारा मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना अंतर्गत सीसी रोड निर्माण में दो लाख 60 हजार 893 रुपये से अधिक भुगतान किए जाने पर वसूली की कार्रवाई के लिए प्राप्त होने पर अनुविभागीय अधिकारी द्वारा छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 92 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। उक्त प्रकरण में विनीता सोनी उप अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप संभाग पाली के द्वारा दो सीसी रोड निर्माण कार्य का ज्यादा मूल्यांकन एवं अधिक भुगतान करने पर उनके विरुद्ध 73,936 रुपये की राशि वसूली के लिए आदेश पारित किया गया है। शाहनवाज खान, उप अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप संभाग पाली के द्वारा दो सीसी रोड निर्माण कार्य में ज्यादा मूल्यांकन करने व ज्यादा भुगतान करने पर उनके विरुद्ध 56,511 रुपये की वसूली का आदेश पारित किया गया है। तत्कालीन सरपंच रामकुमार नेटी के द्वारा चार सीसी रोड निर्माण कार्य में दो लाख 60 हजार 893 रुपये से अधिक भुगतान किए जाने पर नेटी के विरुद्ध एक लाख 30 हजार 447 रुपये की वसूली का आदेश पारित किया गया है।

अखण्ड नवधा रामायण 5 नवंबर तक

जांजगीर-चाम्पा/नवप्रदेश। श्री श्री शिव शक्ति धर्म सेवा समिति अखण्ड नवधा रामायण नैला समिति द्वारा बैठक दिनाक 24/09/2023 दिन रविवार को धर्मशाला भवन नैला में आयोजित किया गया था जिसमे समस्त नैला वासियों शामिल हुए जिसमे सर्व सहमति से इस वर्ष का अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन 27अक्टूबर से 5 नवंबर 2023 तक चलेगा जिसमे अध्यक्ष ब्यास नारायण कश्यप, उपाध्यक्ष अमिताभ शर्मा, चंद टहलानी, धनाराम कश्यप जी ,महेश कश्यप, सचिव नरेन्द्र कश्यप ,सह सचिव फेकू कश्यप, कोषाध्यक्ष बसंत अग्रवाल को सर्व सम्मति से बनाया गया। जिसमे समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण पवन कश्यप,धनीराम श्रीवास,राधेश्याम कश्यप,भगवत कश्यप,रामचरण कश्यप,उमेश कश्यप, भुनेश्वर कश्यप एवं अन्य उपस्थित रहें ।

कुर्सी दौड व बैडमिंटन प्रतियोगिता सम्पन्न

कोरबा/नवप्रदेश। महाराज अग्रसेन जयंती के अवसर पर तीसरे दिन अग्रसेन कन्या महाविद्यालय व अग्रसेन भवन में अग्रसेन जयंती समारोह प्रतियोगिताओं का अयोजन किया गया । महाराज अग्रसेन जयंती समारोह प्रतियोगिता का महाकुंभ में तीसरे दिन अग्रवाल नवयुवक मंच के द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में कुर्सी दौड प्रतियोगिता का अयोजन अग्रसेन भवन कोरबा में किया गया । जिसमें वर्ग अ कक्षा 4 तक के बालक एवं बालिकाओं के लिए अयोजित कि गई जिसमें 39 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया व वर्ग ब कक्षा 5 से 8 तक बालक एवं बालिकाओं के लिए अयोजित किया गया जिसमें 17 प्रतिभागियो ने हिस्सा लिया । बैडमिंटग युगल का अयोजन किया गया यह प्रतियोगिता कक्षा 12 वीं उपर बालको एवं पुरूषों के लिए अयोजित कि गई जिसमें 8 टीम ने हिस्सा लिया।

रक्तदान शिविर का आयोजन

कोरबा/नवप्रदेश। सेवा सुरक्षा संस्कार के ध्येय को पूरा करने के उद्देश्य से दिनांक 23 सितंबर को युवा गणेश उत्सव समिति निहारिका एवं विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन दशहरा मैदान निहारिका में किया गया। विश्व हिंदू परिषद के जिला सेवा प्रमुख रोहित कश्यप ने बताया कि आसपास के सम्मानित नागरिक एवं युवाओं के द्वारा रक्तदान किया गया और यह एक अच्छी पहल है क्योंकि कोरबा जिला मुख्यालय होने के कारण दूरस्थ वनांचल क्षेत्र से आने वाले मरीज ब्लड के लिए इधर-.उधर भटकते रहते हैं। उन्हें रक्त उपलब्ध करा कर समाज सेवा के कार्य से ऊर्जा प्राप्त होती है। इन्होंने गणेश उत्सव समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया कि ऐसे पुनीत कार्य समाज के बीच से होते रहना चाहिए। बजरंगदल के कार्यकर्ता लगातार सेवा को तत्परता से कर रहे हैं।

हत्या मामले में आरोपियों को उम्र कैद

कोरबा/नवप्रदेश। बाल्को में गत वर्ष डांडिया के दौरान विवाद होने पर एक युवक की चाकू व बेल्चा से हत्या कर दी गई थी। मामले में सुनवाई के बाद अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक पीठासीन अधिकारी ने सभी आरोपितों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। बाल्कोनगर थाना अंतर्गत सेक्टर. तीन स्थित डांडिया मैदान में चार अक्टूबर की रात करीब 11.30 बजे बाल्को निवासी अमित किरण की मामूली विवाद होने के बाद हत्या कर दी गई थी। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोपित नागेश उर्फ पप्पू, सतीश दास महंत, रजनीश उर्फबाबी चौहान, जितेंद्र दास महंत को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया था। धारा 147, 148, 149, 302,307 तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट तहत कार्रवाई करते हुए डायरी अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक पीठासीन अधिकारी ज्योति अग्रवाल के न्यायालय में प्रस्तुत की गई थी। सुनवाई के बाद न्यायालय ने सभी आरोपितों को दोषी पाते हुए विभिन्न धाराओं में सजा से दंडित किया गया। नागेश उर्फ पप्पू महंत व सतीश महंत को धारा 149 में एक वर्ष कारावास व 500 रुपये अर्थदंड, 25, 27 आर्म्स एक्ट में तीन माह सश्रम कारावास तथा धारा 302 में सभी आरोपितों को आजीवन कारावास एवं दो-दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया गया है। अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक रामकुमार मौर्य ने पैरवी की। यहां बताना होगा कि जिस वक्त यह घटना हुई उस दौरान मैदान में गरबा-डांडिया हो रहा था और बड़ी संख्या में लोग एकत्र थे। इस दौरान आरोपितों में किसी एक का हाथ युवती से टच हो गया और इसी बात को लेकर युवती के परिचित युवक द्वारा आपत्ति किए जाने पर मारपीट हो गई। घटना के बाद अमित किरण आयोजन स्थल से अपने घर जा रहा था।

युवाओं को मिली पसंद की नौकरी

- भूपेश सरकार ने पौने पांच वर्षों में रोजगार के अनेक अवसर दिए- अम्बिका सिंहदेव
- कोरिया को अपने काम, लगन व जुनून से भी जाना जाए- लंगेह

कोरिया/नवप्रदेश। जिला प्रशासन के समन्वय से जिले के लाइलीहुड कॉलेज में रोजगार मेला व ऋष्ा वितरण का आयोजन किया गया। रोजगार मेले के अवसर पर जिले में जहां एक ओर युवाओं को निजी संस्थानों में नौकरी दिलवाई गई वहीं दूसरी ओर युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिये विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत लोन भी दिया गया।

शासकीय लाइवलीहुड कॉलेज, बैकुण्ठपुर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शासन के विभिन्न योजनाओं के तहत स्वरोजगार हेतु लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ स्वीकृति पत्र वितरित किये गए। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में कौशल विकास प्राधिकरण एवं जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र बैकुंठपुर, जिला कोरिया द्वारा लाइवलीहुड कॉलेज परिसर में रोजगार मेले और लोन मेले आयोजन किया गया था जिसके तहत आठ नियोजक उपस्थित हुए, 509 रिक्तियां प्राप्त हुई जिनके द्वारा प्रारंभिक रूप से 189 बेरोजगारी भत्ता प्राप्त सहित अन्य आवेदकों का चयन किया गया। जानकारी के मुताबिक एक सप्ताह पश्चात नियोजको द्वारा अंतिम चयन सूची जारी की जाएगी।

विदित हो कि शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए समय समय पर जिला प्रशासन द्वारा रोजगार मेला का आयोजन किया जाता है, इसके तहत बैकुंठपुर के लाइवलीहुड कॉलेज परिसर में रोजगार मेला व लोन मेला का आयोजन किया गया था ताकि पात्र हितग्राहियों को रोजगार व स्वरोजगार उपलब्ध हो सके। बता दें राज्य सरकार, युवाओं के हित में अनेक योजनाएं शुरू की है, वहीं प्रदेश के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को प्रति माह 2500 रुपये बेरोजगारी भत्ता भी दिया जा रहा है। इस अवसर पर संसदीय सचिव व बैकुण्ठपुर विधायक श्रीमती 'अम्बिका सिंह देव ने कहा कि' मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने विगत पौने पांच वर्षों में रोजगार के अनेक अवसर दिए हैं। करीब सभी विभागों, मण्डल, आयोग, बोर्ड में सरकारी नौकरी के लिए विज्ञापन प्रकाशित किए और हजारों बेरोजगार युवाओं को इसका लाभ भी हुआ है। 'कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने' 'युवाओं से कहा कि' आप लोग जिस फील्ड में काम करोगे, वहाँ एक अलग पहचान बनाओ ताकि सुदूर अंचल कोरिया को अपने काम, लगन व जुनून से भी जाना जाए। श्री लंगेह ने रोजगार प्राप्त युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा जब तक आपकी मंजिल प्राप्त न हो जाए कड़ी मेहनत और ईमानदारी से परिश्रम करते रहें। सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा' रोजगार मेला आपको चुनौती को स्वीकार करने की सीख देगी, जिस ट्रेड के लिए चयन हुआ है वहाँ अपने स्किल का उपयोग करें और लगन के साथ काम करें। बेरोजगारी भत्ता प्राप्त युवाओं के लिए यह सुनहरा अवसर है कि एक ही छत के नीचे जिला प्रशासन की पहल से उन्हें बिना किसी शुल्क व परिश्रम के जिले में बुलाकर यह अवसर मिल रहा है। रोजगार मेले के अवसर पर बड़ी संख्या में युवाओं सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

आरोपियों पर कार्रवाई नहीं किए जाने से चैंबर नाराज

कोरबा/नवप्रदेश। पुराना बस स्टैंड में एक व्यापारी से हुई मारपीट के बाद भी आरोपितों पर कार्रवाई नहीं किए जाने से व्यवसायिक संगठन चेंबर आफ कामर्स के सदस्य बेहद नाराज हैं। पहले चेंबर आफकामर्स की रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में बैठक हुई। इस दौरान व्यापारियों ने खुलेआम शहर में की जा रही गुंडागर्दी पर नाराजगी जाहिर की। सदस्यों ने पुराना बस स्टैंड से कोतवाली थाना तक रैली निकाल कोतवाली प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान आरोपितों को तत्काल गिरफ्तार कर कार्रवाई की मांग की गई है। सामाजिक कार्यकर्ता और मिशन रोड स्थित व्यावसायिक प्रतिष्ठान के संचालक आनंद रैकवार 17 सितंबर की रात नौ बजे पुराना बस स्टैंड में रायगढ़ के लिए जाने वाली बस का पता करने गए थे। इस दौरान बस स्टैंड में बैठकर शराब पी रहे कुछ युवक शोर मचा रहे थे। इस पर आनंद ने उन्हे समझाइस देते हुए शांत रहने की बात की। इस पर नाराज युवक उससे मारपीट करने लगे।

बिजली कर्मियों को मिलेगा वाहन और महंगाई भत्ता का फायदा

कोरबा/नवप्रदेश। बिजली कर्मियों के लिए आगामी एक अक्टूबर से कैशलेस चिकित्सा सुविधा शुरू हो जाएगी। साथ ही केंद्र के अनुरूप सभी श्रेणी के कर्मचारियों को अब देय वाहन भत्ते पर महंगाई भत्ते का भी लाभ मिलेगा। द्विपक्षीय बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी प्रबंधन ने छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन.एक के प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया। विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन द्वारा प्रबंधन को बिजली कर्मियों की विभिन्न लंबित मांग को लेकर पत्र सौंपा था। इसमें कई मांग पर प्रबंधन ने सकारात्मक पहल भी शुरू कर दी है। शेष मांग को पूरा करने प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। फेडरेशन के महामंत्री आरसी चेट्टी ने बताया कि प्रबंधन के साथ हुई बैठक में कर्मचारीहित में अनेक निर्णय लिए गए।

परीक्षा में फर्जीवाड़ा के विरोध में भाजयुमो का प्रदर्शन

मुंगेली/नवप्रदेश। लोक सेवा आयोग की परीक्षा में फर्जीवाड़े के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने पीएससी की शव यात्रा निकाली। पीएससी में हुई नियुक्ति व गड़बड़ी की सीबीआई से जांच की मांग की है। हाई कोर्ट में पीएससी परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर दायर जनहित याचिका पर के दौरान 18 प्रतिभागियों के नियुक्ति आदेश को लेकर राजनीति फिर से गरमा गई है। इस मुद्दे को लेकर विपक्ष पहले से ही सरकार पर हमलावर रही है। हाई कोर्ट के आदेश के बाद भारतीय जनता पार्टी ने आक्रामक रुख अख्तियार कर ली है। भारतीय जनता युवा मोर्चा ने भाजपा कार्यालय से सिटी कोतवाली चैक तक सीजी पीएससी के पुतले का शवयात्रा निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया गया। हाई कोर्ट में 2021 की सीजीपीएससी परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान 18 प्रतिभागियों के नियुक्ति आदेश पर रोक लगाए जाने के याद प्रदेश की राजनीति फिर से गरमा गई है इस मुद्दे को लेकर विपक्ष पहले से ही सरकार पर हमलावर रही है। हाई कोर्ट के आदेश के बाद भारतीय जनता पार्टी ने आक्रामक रुख अख्तियार कर ली है। रविवार को युवामोर्चा ने भाजपा कार्यालय से सिटी कोतवाली चैक तक सीजी पीएससी के पुतले का शवयात्रा निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष तरुण खांडेकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के भरोसे की सरकार का असली चेहरा सामने आ गया है। राज्य लोकसेवा आयोग परीक्षा में सरकार ने सारे नियम कायदे को त्याग करते हुए अपने ही करीबियों का परीक्षा में चयन कर लिया। युवाओं के लिए इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी। सरकार ने बेरोजगारी भत्ता के नाम पर युवाओं को छला और अब तो भर्ती परीक्षाओं में भी अपनी दुकान चलाने लगी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बाबा रामदेव की निकली शोभायात्रा

मुंगेली/नवप्रदेश। बाबा श्रीरामदेव सा पीर का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर में शोभा यात्रा के पश्चात आरती, ध्वजारोहण किया गया। बाबा रामदेव मंदिर में आरती एवं ध्वजारोहण प्रातरू 09 बजे भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।

शोभा यात्रा में नगर के अलावा आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालुजन पहुंचे थे। यह शोभा यात्रा नगर के मेन रोड गोल बाजार से बड़ा बाजार होते हुए बालानी चैक पहुंची। बालानी चैक से वापस बाबा रामदेव मंदिर में जुलुस का समापन हुआ। नगर भ्रमण पश्चात प्रसादी भंडारे का आयोजन रखा गया था। रात्रि 7 बजे आरती एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया।

मुंगेली...अंधेरे में गणेश पंडाल

मुंगेली/नवप्रदेश। एक तरफ नगर में गणेश उत्वस की धूम चल रही है, वही दुसरी तरफ बंद नगर कें मार्गो में छाया अंधेरा कुछ और ही बया करता है । नगर में सौर्दयी करण के नाम पर जहां करोडो खर्च कर महंगे महंगे लाईट लगाये गये । जो काफी समय से बंद पडे है या कुछ सडको की तो ऐसी स्थिति है जहां खर्च कर लाईट और खंम्भे तो खडे कर दिये गये, पर वो महज शो पीस बन कर रह गये है, और नगर वासियों को उन सडको से अंघेरे में ही गुजरना पडता है, इसे विडंबना कहे या कुछ और इस बारे में जब सवाल उठाया जाता है तो नगर पालिका इसका ठिकरा बिजली विभाग पर फोडता है और बिजली विभाग पालिका प्रशासन का मामला बता अपना पल्ला झाड लेता है।

गौरतलब हो कि 19 सितंबर से नगर में गणेशोत्स की धूम है नगर के मुख्य मार्गो सहित चैक चैराहो में गणेश पंडाल बनाये गये है ऐसे में गणेश देखने निकलने

वाली महिलाएं, बच्चियों को काफी असुविधा का सामना करना पडता है, ज्यातर चैक चैराहो के आस पास लगने वाले असमाजिक तत्वों की भीड भी इसका मुख्य कारण है, पुलिस गस्त की कमी और अंधेरे की वहज से ऐसे लोग आने जाने वाली महिलाओं पर छिंटा कसी करने से भी बाज नही आते है।

किन किन पडालो ने लिया विभाग से बिजली की अनुमती

नगर मे लगभग 20 से 25 पंडाल रखे गये है। जिनके समितियों द्वारा बिजली के लिए विभागिय अनुमती ली गई है कि यह भी एक अहम सवाल है । ज्ञात हो बिते वर्ष दाउपारा स्थिति गणेश में बिजली के खुले तार की चपेट में आने से हादसा भी हुआ था जिसमें एक बच्ची को अपनी जान गवानी पडी थी । अंबेडकर वार्ड वासी ने बताया कि काफी समय से पडाव चैक से सेंट जेविर्यस स्कूल के बीच की स्ट्रिट लाईट बंद है जिससे आवाजाही में दिक्कत होती है। बार बार अवगत करने के बाद भी इस तरफ कोई ध्यान नही दिया जाता है।

> एडीएम मुंगेली विजेन्द्र पाटले ने कहा कि आपके माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है, नगर पालिका अधिकारी एवं बिजली विभाग को निर्देशित किया जायेगा।
> **-विजेन्द्र पाटले,** एडीएम मुंगेली

लोकेश बने कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

जांजगीर -चांपा। विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत की सहमति से छग ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चौलेश्वर चंद्राकर द्वारा लोकेश राठौर को जांजगीर -चांपा ओबीसी प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति से जिला में पार्टी को मजबूती मिलेगी तथा ओबीसी के बीच पार्टी की पैठ गहरी होगी। महाकाली युवा संगठन के अध्यक्ष लोकेश राठौर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता रहे है, जो क्षेत्र में जनहित के कार्य करते रहे है। क्षेत्र के हर वर्ग में इनका प्रबल पकड़ है जिसकी बदौलत पार्टी ने लोकेश राठौर को जिला अध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। इसको लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने खुशी जाहिर करते हुए शुभकामनायें प्रेषित की है। इसपर नवनियुक्त अध्यक्ष लोकेश राठौर ने पार्टी हित में ईमानदारी व निष्ठापूर्वक सदैव कार्य करने की बात कही है।

महाकाली संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं नवनियुक्त ओबीसी कांग्रेस जिला अध्यक्ष लोकेश राठौर का प्रथम नगर आगमन पर कार्यकर्ता समर्थक एवं कांग्रेसियों द्वारा नेताजी चौक से कचहरी चौक तक भव्य स्वागत सत्कार किया गया। इस दौरान श्री राठौर अपने कार्यकर्ताओ सहित देवीदाई मन्दिर जा कर आशिर्वाद लिया। वहीं क्षेत्र के प्रथम विधायक स्वर्गीय रामकृष्ण राठौर, नेता जी सुभाष चंद्र बोस,बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल,संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर,अजाद शत्रु बिसाहू दास महंत कलेक्ट्रेट स्थित छत्तीसगढ़ महतारी,सरदार वल्लभभाई पटेल के तैल चित्र में माल्यार्पण कर नमन करते हुए आशीर्वाद लिया।

बैडमिंटन और टेबल टेनिस खेल का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में प्रांत स्तरीय बैडमिंटन और टेबल टेनिस खेल का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर में किया गया। विद्यालय के सभाकक्ष में उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी विजय वर्मा, भारत विकास परिषद अध्यक्ष देव गोस्वामी, प्रांतीय खेल प्रमुख दीवाकर स्वर्णकार, कार्यक्रम के संयोजक मिहामल शिवनाणी, विवेकानंद बाल कल्याण समिति अध्यक्ष प्रकाश लोढ़ा, दीनानाथ उपाध्याय, जेठमल कोटड़िया, अभय चोपड़ा और मुकेश उपाध्याय उपस्थित रहे।प्राचार्य चन्द्रभान तिवारी ने बताया कि प्रांतीय खेल प्रतियोगिता के 8 संभागों बिलासपुर, रायपुर, राजीम, रायगढ़, सरगुजा, दुर्ग जशपुर, कोरिया संभाग से 62 छात्र और 38 छात्रा प्रतियोगिता में सम्मिलित हो रहे है। यह प्रतियोगिता 3 वर्गो बाल, किशोर, तरूण वर्ग में बालक एवं बालिका में आयोजित किया

गया। चयनित बालक/बालिका क्षेत्रिय प्रतियोगिता में सम्मलित हो सकेंगे। जिसमें बाल वर्ग बालक/बालिका बैडमिंटन में अमन साहू, नीरज सिंह, बिपीन बिंझावार, कान्हा गुप्ता, युवराज सतवार, ऐश्वर्या साहू, अंजना यादव, रेशमी ध्रुव, तान्या डाहिरे, नम्रता नेताम, किशोर वर्ग बालक/बालिका में आदित्य सोनी, तेजश, उत्कर्ष वर्मा, रूद्र पैकरा, जय साहू, स्वाती साहू, निधि सिदार, गरिमा कैवर्त, अर्पिता और वैशाली, तरूण वर्ग बालक/बालिका विक्रम साहू, अमन शर्मा, विशाल शर्मा, लोकेश, टिकेश, न्यूजेला, जान्यू, आकांक्षा, श्रुति साहू और मानसी कुर्रे का चयन क्षेत्रिय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए हुआ। यह प्रतियोगिता 6 अक्टूबर उज्जैन में आयोजित होगी। टेबल टेनिस प्रतियोगिता में बाल वर्ग बालक/बालिका सारोन धुर्वे, सूर्यप्रकाश, योगेश सोनकर, लक्की यादव, वरूण सिंह क्षत्रिय, नंदिता देवांगन, आयुषी साहू, जानवी गायवाड, खुशी नामदेव, सिंड्रेला राय, किशोर वर्ग बालक/बालिका विशु बंजारा, प्रियांशु जयसवाल, गौरव कुमार साहू, ओमेश ओगरे, दिव्य प्रताप सिंह ठाकुर, सिमरैला धुर्वे, हिमानी पटेल, दिलेश्वरी सोनकर, हिमांशी पटेल, जयश्री कारे, तरूण वर्ग बालक/बालिका राजकमल, पीयूष ताम्रकार, पार्थ तिवारी, प्रती मिश्रा, खिलेन्द्र बंजारा, दुर्गेश्वरी जुम्हारे, रोशनी पटेल, दिवयाा नामदेव, प्राची यादव, ईशा ठाकुर का चयन टेबल टेनिस के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता सतना मध्य प्रदेश में आयोजित है। तीनों वर्गो के सभी बालक/बालिका सरस्वती शिशु मंदिर मुंगेली से है।

रविवार ड्यूटी व ओटी में कटौती से नाराज कोल कर्मियों ने किया प्रदर्शन

कोरबा/नवप्रदेश। कोयला कर्मचारियों के रविवार ड्यूटी व ओवहरटाइम ओटी की कटौती किए जाने का विरोध कर कर्मियों ने प्रदर्शन किया। केवल 20 प्रतिशत कर्मियों को रविवार ड्यूटी पर बुलाए जाने पर नाराज होकर कोई भी कर्मी कार्य करने नहीं गया। मानिकपुर व सरईपाली परियोजना में एक भी नियमित कर्मी ड्यूटी पर उपस्थित नहीं हुए। वहीं भूमिगत खदान में फोरमैन व ओवहरमैन ने काम नहीं किया। साऊथ ईस्टर्न कोलफिल्डस लिमिटेड एसईसीएल में कार्यरत कर्मचारियों के वेतन समझौता को लेकर अभी विवाद चल रहा है, इसका समाधान होता, इसके पहले ही कर्मचारियों को मिलने वाले रविवार ड्यूटी व ओवहरटाइम पर भी कटौती शुरू हो गई है। श्रमिक संघ प्रतिनिधियों ने बताया कि प्रबंधन ने बजट की कमी बता कर रविवार को केवल 20 प्रतिशत कर्मचारियों को ड्यूटी पर बुलाने का आदेश दिया है। इसी तरह का आदेश ओवहरटाइम के लिए भी लागू कर दिया है। स्थानीय प्रबंधन द्वारा इस आदेश पर अमल किए जाने से कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ गई है।

मवेशी चोर गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। शातिर मवेशी चोर पुलिस गिरफ्त में आये। आरोपीयों के खिलाफ धारा 457, 380, 511 ,34 के तहत पंजीबद्ध कर आरोपीगणों के कब्जे से दो रास गैस दो रास पडिया एवं एक गाय कीमती 63000/ रूपये बरामद कर आरोपीगणों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। फास्टरपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम खैरा-सेतगंगा निवासी लक्ष्मीनारायण शर्मा रोज की तरह 23 सितम्बर को अपने घर से लगे मवेशी कोठा में मवेशियो को चारा आदि खिलाकर रात्रि करीबन 8-10 बजे अपने परिवार के साथ सोया हुआ था सुबह करीबन 4:00 बजे मवेशी कोठा तरफ मवेशियों का आवाज सुनकर नींद खुलने पर घर से बाहर निकला देखा कि दो व्यक्ति उसके मवेशी कोठा का ताला तोडकर मवेशी कोठा के अंदर बंधे दो रास भैंस, दो रास पडिया तथा एक गाय को चोरी कर बाहर निकाल लिये थे कि लक्ष्मीनारायण शर्मा अपने रिश्तेदारो के साथ-

साथ फास्टरपुर पुलिस को फोन के द्वारा चोरी की सूचना दी। सूचना पर फास्टरपुर पुलिस की गस्ती टीम तुरन्त मौके पर पहुंची और लक्ष्मीनारायण शर्मा तथा उसके पडोसी अंशु शर्मा, योगेन्द्र शर्मा आदि के सहयोग से घेराबंदी कर मवेशी चोर को मवेशी के साथ पकड़कर पुछताछ करने पर अपना नाम जय कुमार दिवाकर पिता जीवन दिवाकर उम्र 20 वर्ष निवासी राजपुर मौहार थाना फास्टरपुर तथा राजेन्द्र घृतलहरे पिता लक्ष्मण घृतलहरे उम्र 28 वर्ष निवासी मुढपार (सम्बलपुर) थाना नांदघाट जिला बेमेतरा का रहने वाला होना बताये।

डायवर्सन के लिए दफ्तर के चक्कर

- **जनदर्शन में लगाई गुहार अब तो सुन लो सरकार**
- **तहसील में परिवर्तित भूमि की 30से अधिक फाइल पेंडिंग मिल रही मात्र तारीख**

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के मुखिया भूपेश बघेल आम जनता को राहत दिलाने सरकारी रिकार्ड से लेकर किसी भी विभागीय कार्य को आम जनता के घर पहुंच सेवा देकर लोगो से अच्छा प्रतिसाद मिलने की आस लगा रही है। छत्तीसगढ़ सरकार के मुखिया भूपेश बघेल ने सबसे ज्यादा राजस्व विभाग को फोकस कर राजस्व के मामलो का निराकरण कर सरकारी रिकार्ड को समय सीमा पर निराकरण कर लोगो को मितान के जरिए घर पहुंच सेवा दे रही है।

लेकिन कांकेर के राजस्व में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है।या यह कहें की प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री के सपने को किस तरह कुचला जा रहा है।

बता दें की शहरीय एवम ग्रामीण इलाको की परिवर्तित भूमि संपत्ति के विक्रय अन्य प्रकार का हस्तांतरण करने पर माननीय न्यायालय कलेक्टर कांकेर से अनुमति प्राप्त करना आवश्यक होता है। अनुमति प्राप्त करने पक्षकारों से वर्ष 1940-41 से वर्तमान तक का रिकार्ड पक्षकारों से मांग किया जाता है।उपरोक्त रिकार्ड को निकालने में पक्षकारों को महीनों कार्यालयों का चक्कर लगाना पड़ता है

इतना ही नहीं महीनो से तहसील कार्यालय का चक्कर लगाकर हताश निराश होकर परिवर्तित भूमि स्वामी कलेक्टर कांकेर से गुहार लगा चुके है लेकिन महीनों बीत जाने के बावजूद भूमि स्वामी का फाइल तहसील कार्यालय में धूल खाते पड़ी है।

30से अधिक भूमि परमिशन की फाइल पेंडिंग अफसर नही ले रहे सुध

बता दे की तहसील में बीते साल भर से परिवर्तित भूमि के लिए सरकारी प्रकिया के अनुसार भूमि के विक्रय अनुमति परमिशन के लिए तहसील में सारे रिकार्ड मौजूद होते है। पटवारी फिर तहसील से फाइल को पूर्ण कर न्यायालय कलेक्टर भेजी जाती है द्य लेकिन तहसील में परिवर्तित भूमि की करीब 30 फाइल बीते 6 महीनो से तहसील कार्यालय में पड़ी हुई है अब सवाल यह उठता है कि आखरि आमजनो को होने वाली तकलीफ को अफसर कब सुध लेंगे?

परमिशन के लिए जनदर्शन लगाई गुहार

राजस्व के लचर सिस्टम को लेकर माटवाड़ा मोदी की अंकिता सोनी ने परिवर्तित भूमि के विक्रय की अनुमति के लिए तहसील कार्यालय में वर्ष 2023 में अनुमति चाही थी लेकिन महीनों दफ्तर के चक्कर लगाकर परेशान महिला ने अंततः 15=05=2023 को कांकेर कलेक्टर जनदर्शन में उपस्थित होकर विक्रय अनुमति लिए कलेक्टर कांकेर से गुहार लगा चुकी है इसी तरह शहर की मंजू खटवानी भी इसी तरह 1=3=2023 को कलेक्टर जनदर्शन पहुंचकर परिवर्तित भूमि के लिए गुहार लगा चुकी है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर भूमि स्वामी सात से आठ महीनों तक दफ्तर के चक्कर लगाकर कलेक्टर से गुहार के बावजूद सुनवाई नहीं होना सिस्टम पर सवालिया निशान लगा रहा है?

आंगनबाड़ी भर्ती में गड़बड़ी की शिकायत

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर जिले के नरहरपुर जनपद पंचायत में आंगनबाड़ी भर्ती में व्यापक रुप से भर्रा शाही का मामला सामने आया है। जी हां आपको बता दे दावा आपत्ति के नाम पर एक नही कई बार अभ्यर्थियों को दावा आपत्ति करवा कर अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए जमकर भर्ती में नियम और शर्तो को दरकिनार करते जमकर भ्रष्टाचार कर भर्ती प्रक्रिया की गई है। तो वही इस मामले में जो आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की भर्ती में अभ्यर्थियों की वरीयता सूची में अनुसूचित जाति वर्ग में सुशीला लोन्हारे 40.39 के साथ 56.39 कुल प्रप्तांक वाले का चयन न कर इसके नीचे के अभ्यर्थी जिनका कुल प्राप्तांक 51.04 वाली का चयन कर लिया गया। इससे साफपाता चलता है की अधिकारी अपने स्वार्थ के चलते कही ना कही गोलमाल करते नजर आ रहे हैं तो वही इस मामले में कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला को पूर्व में भी अभ्यर्थियो द्वारा शिकायत की गई थीं पर मामले में कोई निराकरण नहीं होने पर आज पुनः कलेक्टर जनदर्शन में पहुंच कर शिकायत पर कार्यवाही चाही तो संयुक्त कलेक्टर आस्था राजपूत को जांच कर निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर ने दिया है।

उक्त भर्ती प्रक्रिया में जनपद पंचायत नरहरपुर की भूमिका इस बात पर संदेहास्पद है कि उन्होंने सारे नियम कायदे किनारे कर मनमर्जी तरीके से दावा आपत्ति की नियत समय बीत जाने के बाद भी दावा आपत्ति ले कर अपनी मनमर्जी कर वरीयता सूची को प्रभावित करते अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने का खुला खेल खेला जा रहा है।

गजानन को चढ़ाए गए 56 व्यंजनों के भोग भण्डारा प्रसाद पाने उमड़े भक्त

- **हुडको कालोनी में धुमधाम से गणेश पूजा का आयोजन**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। नगर के हुडको कालोनी में विराजमान प्रथम पूज्य भगवान गजानन को रविवार को गणेश पूजा के 7वें दिन 56 भोग प्रसाद चढ़ाया गया। जहां पूजन के बाद महाआरती की गई। तत्पश्चात भक्तों को 56 भोग का महाप्रसाद वितरित किया गया।

दंतेवाड़ा में 11 दिवसीय गणेश महोत्सव धुमधाम के साथ मनाया जा रहा है। नगर के सभी गणेश पंडालों में प्रतिदिन बप्पा को प्रसन्न करने भक्तों द्वारा अलग अलग तरह भोग प्रसाद के साथ ही हर रोज अलग अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को भादो शुक्ल पक्ष एकादशी पर विघ्नविनाशक गणपति बप्पा को प्रसन्न करने नगर के वार्ड क्रमांक 7 सरदार वल्लभ भाई पटेल हुडको कालोनी के गणोशोत्सव समिति द्वारा बप्पा को 56 व्यंजनों का प्रसाद भोग चढ़ाया गया। इस अवसर पर गजानन महाराज के पंडाल में भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया। पुजारी श्री मिश्र ने बताया कि शुक्ल पक्ष के एकादशी को विष्णु भगवान श्रीगणेश के अवतार में होते हैं। इस लिहाज से आज का दिन काफी महत्वपूर्ण दिन होता है। इसलिए आज भगवान को प्रसन्न करने के लिए 56 व्यंजनों का भोग प्रसाद चढ़ाया गया। गजानन को भोग चढ़ाने के बाद पूजा अर्चना एवं महाआरती की गई तत्पश्चात पंडाल में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को भोग प्रसाद वितरण किया गया। गणेशोत्सव समिति के प्रमुख भाई संजय शर्मा ने बताया कि विगत 4 वर्षो से गणेश चतुर्थी पर मोहल्ले में भगवान गजानन की प्रतिमा बैठाई जा रही है इस कार्य में वार्ड के सभी सनातनी भाईयों, माताओं एवं बहनों का भरपुर सहयोग प्राप्त हो रहा है और आशा करते हैं कि आने वाले वर्षो में भी हम इसी तरह अपने आराध्य प्रथम पूज्य गणेश जी की स्थापना कर उनकी पूजा अचर्ना धुमधाम के साथ करेंगे। श्री शर्मा ने कहा कि आज वार्ड के सभी माताओं बहनों के सहयोग से भगवान को 56 व्यंजनों का भोग प्रसाद चढ़ाया गया।

दाल मिल प्रोसेसिंग यूनिट से महिलाओं की बढ़ी आमदनी

नारायणपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना महात्मा गांधी रूरल इंडस्टियल पार्क (रीपा) योजनांतर्गत नारायणपुर जिले के ग्राम पंचायत कोलियारी (नेतानार) में कमलफूल स्व-सहायता के समूह अध्यक्ष श्रीमति फगनी एवं सचिव श्रीमति झुनकी कुल 10 सदस्य को रीपा से जोड़कर दाल मिल प्रोसेसिंग यूनिट में प्रोसेंसिंग एवं पैकेजिंग संबंधीत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त कर वे अच्छे प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग का कार्य कर रहे हैं। कमलफूल स्व-सहायता के समूह के द्वारा आसपास के किसानों से दलहन फसल खरीद कर उसे प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग कर बड़े बाजार में बिक्री किया जाता है, जिसकी मांग बाजार में अन्य जिले व राज्यों में रहती है। समूह द्वारा अब तक 1 हजार 700 किलोग्राम दाल पैकिंग किया गया है, जिसकी किमत प्रति किलोग्राम 120 रूपये है। समूह के द्वारा अब तक 2 लाख रूपये तक बिक्री किया जा चुका है। पहले समूह के सदस्य माह में एक से 15 सौ रूपये ही कमा पाते थे, लेकिन आज प्रत्येक सदस्य की मासिक आय 6 हजार रूपये तक हो गई है। इस समूह को वर्तमान में लगभग 10 लाख रूपये तक दाल का आर्डर मिल चुका है। कमलफूल समूह का कहना है कि दाल प्रोसेसिंग यूनिट कार्य के साथ-साथ हम अपने घर के कृषि कार्य व मनरेगा का भी काम करते हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्य को करते हुये हमें बहुत खुशी हो रही है, क्योंकि अच्छी आमदनी प्राप्त होने से परिवार के भरण पोशण में सहयोग मिल रहा है।

पितृपक्ष 30 से, देंगे परिजन पूर्वजों को तर्पण

- **30 सितंबर से 14 अक्टूबर तक पितरों की शांति के लिये होगा श्राद्ध**
- **पितरों को तर्पण देने से होगा पितृदोष दूर**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। पितृपक्ष अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने, उनका स्मरण करने और उनके प्रति श्रद्धा अभिव्यक्त करने का महापर्व है। पितृपक्ष पर पितृगण इंतकाल हुए अपने परिजनों को याद करते हैं पितरों को तर्पण देते हैं और मोक्ष की कामना करते हैं।

पितृपक्ष इसी माह के आखरी दिन यानि 30 सितंबर 2023 दिन शनिवार से प्रारंभ हो रहा है जो 14 अक्टूबर दिन शनिवार-पितृ मोक्ष अमावस्या को समाप्त होगा। पितरों की शांति के लिये हर वर्ष भाद्रपद मास की पूर्णिमा से लेकर आश्विन मास की अमावस्या तक के काल को पितृ पक्ष श्राद्ध होते हैं। मान्यता है कि इस दौरान कुछ समय के लिए यमराज पितरों को आजाद कर देते हैं ताकि वह अपने परिजनों से श्राद्ध ग्रहण कर सकें। पूर्वजों के प्रति श्रद्धा का महापर्व पितृपक्ष आज भाद्रपक्ष पूर्णिमा से प्रारंभ हो गया है। आश्विन अमावस्या की प्रतिप्रदा से अमावस्या तक पितरों का श्राद्ध करने की परंपरा है। ब्रम्ह पुराण के अनुसार जो भी वस्तु उचित काल या स्थान पर पितरों के नाम उचित विधि द्वारा ब्राहमणों को श्रद्धापूर्वक दिया जाए वह श्राद्ध कहलाता है। श्राद्ध के माध्यम से पितरों को तृप्ति के लिए भोजन पहुंचाया जाता है। पिण्ड के रूप में पितरों को दिया गया भोजन श्राद्ध का अहम हिस्सा होता है।

पितृपक्ष के दौरान पितरों के निमित्त विधिपूर्वक जो कर्म श्रद्धा से किया जाता है उसे श्राद्ध कहते हैं। 30 सितंबर से श्राद्धपक्ष प्रारंभ होगा जो 14 अक्टूबर तक रहेगा। श्राद्ध पक्ष सोलह दिनों का होता है जिसमें हिन्दूजन अपने पूर्वजों को भोजन अर्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं। इन 15 दिनों में अपने पितरों का विधि अनुसार श्राद्ध करने से पितृ प्रसन्न होकर अनुष्ठाता की आयु बढ़ा देते हैं साथ ही धन, धान्य, पुत्र, पौत्र तथा यश प्रदान करते हैं। पंडितों के अनुसार जिस कर्म विशेष में दुध, घृत, तथा मधु से युक्त सुसंस्कृत उत्तम व्यंजन को श्रद्धापूर्व पितरों को भेंट किया जाए, वही श्राद्ध है। ज्योतिष मान्यताओं के आधार पर सूर्यदेव जब कन्या राशि में गोचर करते हैं तब हमारे पितर अपने पुत्र पौत्रों के यहां विचरण करते हैं। विशेष रूप से वे तर्पण की कामना करते हैं। श्राद्ध से पितृगण प्रसन्न होते हैं। पितरों को तर्पण करने से हर प्रकार के कष्ट और बाधा से भी मुक्ति मिलती है। पितृगण श्राद्ध करने वालों को सुख समृद्धि सफलता आरोग्य और संतान रूपी फल देते हैं। पंडितों के अनुसार कौए को पितरों का रूप माना जाता है। मान्यता है कि श्राद्ध ग्रहण करने के लिये हमारे पितर कौए का रूप धारण कर नियत तिथि पर दोपहर के समय हमारे घर आते हैं। अगर उन्हें श्राद्ध नहीं मिलता तो वह रूष्ट हो जाते हैं। इस कारण श्राद्ध का प्रथम अंश कौवों को दिया जाता है। पितृपक्ष में गरीबों और ब्राम्हणों को भी अपने सार्मथ्यनुसार दान करना चाहिए। इस दौरान शुभ व कोई नए कार्य की शुरूआत नहीं करना चाहिए। पूरे पितृपक्ष के दौरान पितृस्त्रोत का पाठ करना अति उत्तम माना गया है।

गीदम दुष्कर्म मामला: अफवाह फैलाकर स्टोरी में नया मोड़

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। बीते दिनों महिला द्वारा गीदम निवासी शीतल सुराना के ऊपर ब्लैकमेल कर यौन शोषण, मारपीट, घर में तोड़फोड़ का मामला दर्ज करवाया था। जिसके बाद समाज द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी की मांग भी की गई थी। पुलिस द्वारा आश्वाशन दिया गया था की आरोपी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

बता दे की मामले में जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा महिला मोर्चा के साथ गीदम थाना गई एवं आरोपी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग भी की एवं थाना घेराव की चेतावनी भी दी गई थी।

जानकारी के मुताबिक बीते दिन घटना के बाद पीड़िता के भाई रितेश जो की नारायणपुर से आया था दोनो के बीच पारिवारिक बात को लेकर कहासुनी हो गई जिसके बाद पीड़िता ने भाई के खिलाफ मारपीट एवं गाली गलौच देने का लिखित आवेदन थाने में दिया था।

थाना प्रभारी सलीम खाखा गीदम

पीड़िता ने अपने भाई के खिलाफ मारपीट की लिखित शिकायत की थी जिसके बाद 323,294 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी भाई को मुचलके में जमानत पर रिहा किया गया है मामला पारिवारिक है महिला ने किसी भी प्रकार के दबाव बनाने की बात नही कही है दोनो मामले अलग अलग है।

एफआईआर के वक्त पीड़िता पर नही था किसी प्रकार का दबाव

थाना प्रभारी ने जानकारी दी की जिस दिन पीड़ित महिला आरोपी शीतल सुराना के खिलाफ मामला दर्ज करवाने पहुंची थी मामले की गंभीरता को देखते हुए एवं महिला संबंधी मामला होने की वजह से आला अधिकारियों के निर्देश पर डीएसपी आशा रानी ने एफआईआर से पहले अकेले में महिला से अकेले पूछताछ की एवं महिला पर किसी प्रकार का दबाव तो नही है संतुष्टि के बाद ही पीड़िता की लिखित शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पीड़िता पर किसी भी प्रकार का दबाव नही था। पुलिस पूरी निष्पक्षता के साथ जांच कर रही है आरोपी की पतासाजी की जा रही है परंतु कोई सुराग नहीं मिल रहा टीम लगी हुई है जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी।

कलेक्टर जनदर्शन में सुनी गई समस्याएं

नारायणपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत ने जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी मांगो एवं समस्याओं और शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण करने संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। आज जनदर्शन में श्रीमती कारे बाई ग्राम पोस्ट तह. ओरछा द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति, सुखराम मण्डावी द्वारा चौकीदार पद पर भर्ती, ग्राम गोंगला के समस्त ग्रामवासी द्वारा ग्राम सीमा में कब्जा करके जंगल कटाई पर कार्यवाही करने, सरपंच व समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत कुढ़ारगांव द्वारा घोटूल शेड निर्माण कार्य स्वीकृत करने, सरपंच ग्राम पंचायत गरांजी द्वारा नल जल योजना को चालू करने, समस्त ग्रामवाही उड़ीदगांव द्वारा द्वितीय श्रेणी सड़क स्वीकृति करने तथा सामुदायिक भवन के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस प्रकार जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर कलेक्टर अजीत वसंत ने गंभीरतापूर्वक सभी आवेदनों के मांगों और उन पर शीघ्र कार्यवाही करने के लिए ग्रामीणों को भरोसा दिलाया।

गीदम और बारसूर नगर पंचायतों में डोर-टू-डोर सर्वे

- **मतदाताओं को मतदान के प्रति किया जा रहा है जागरूक**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत नंदनवार के निर्देशानुसार और सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी कुमार बिश्वरंजन के मार्गदर्शन में जिले के नगरीय निकायों में घर-घर जाकर डोर टू डोर सर्वे किया जा रहा है। जिससे मतदाताओं को मतदान करने के लिए एक अच्छा संदेश देकर मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है । जिससे जिले की मतदान का प्रतिशत बढ़ सके और मतदाता जागरूक भी हो सके। दंतेवाड़ा जिले के सभी निकायों में डोर टू डोर सर्वे के दौरान हस्ताक्षर अभियान एवं सेल्फी भी लिया जा रहा है। जहां पिछले विधानसभा में जिन नगर निकाय क्षेत्र में जहां मतदान का प्रतिशत कम था वहां-वहां पर डोर टू डोर सर्वे किया जा रहा है। इस क्रम में गीदम और बारसूर नगर पंचायतों के वार्डो डोर टू डोर सर्वे किया गया और नागरिकों को जानकारी दी गई कि भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त मतदान का अधिकार यहां के नागरिकों को प्राप्त अधिकारों में सबसे सशक्त अधिकार है। इसके उचित उपयोग करने हेतु परिवार, गांव तथा शहर के नागरिकों को जागरूक करने में विद्यार्थी तथा शिक्षको की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। इसके साथ ही जिले में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत हाट बाजार में कला जत्था, स्कूल, आश्रम शाला, पोटाकेबिन एवं लाइवलीहुड कॉलेज में विद्यार्थियों के द्वारा रंगोली, क्विज, भाषण, नारा, कविता लेखन, चित्रकला एवं मानव श्रृंखला के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

लाइवलीहुड कॉलेज में स्वच्छता कार्यक्रम के साथ-साथ चलाया गया स्वीप अभियान

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग समस्त निर्वाचनों में समाज के प्रत्येक वर्गो के मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी के लिए दृढ़ संकल्पित है इस भागीदारी को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लाइवलीहुड कॉलेज में शनिवार 23 सितंबर को स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया था, साथ ही इसी कार्यक्रम में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत स्लोगन एवं भाषण प्रतियोगिता भी रखी गई थी। स्लोगन एवं भाषण प्रतियोगिता में युवा शक्ति, मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदाताओं को सशक्त बनाने, छात्रों को अपने मतदान अधिकारों का प्रयोग करने के लिए शिक्षित और प्रेरित करने, माता पिता और को मतदाता के रूप में पंजीकृत करने सम्बंधी स्लोगन छात्रों द्वारा प्रस्तुत किये गये। इसके अलावा लाइवलीहुड कॉलेज के लैब एवं प्रांगण की साफ-सफाई की गई।

महार समाज जिला इकाई बीजापुर का नये सिरे से गठन

- **जयहिंद लाटकर बने अध्यक्ष, अजय दुर्गम कार्यकारी अध्यक्ष, कमल झाड़ी सचिव, कैलाश रामटेके कोषाध्यक्ष, डी सुबैया वा बसंत मामड़ीकर बने संयोजक**

बीजापुर/नवप्रदेश। 24 सितंबर को डॉ. भीमराव अंबेडकर मंगल भवन मे महार समाज जिला बीजापुर की बैठक संपन्न हुई। जिसमे समाज के वयोवृद्ध लोगों की उपस्थिति मे सर्व सम्मति से नये सिरे से समाज का पुर्नगठन किया गया। सर्व प्रथम समाज के वरिष्ठ लोगो ने महान समाज सुधारक एवं समाज के भगवान संविधान निर्माता डॉ.बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की छाया चित्र पर पुष्प अर्पित एवं माल्यार्पण कर बैठक की शुरुआत की। जिले के चारों विकास खण्डों से सैकड़ों की संख्या मे महार समाज के लोग उपस्थित थे। समाज के नवनियुक्त सचिव कमल झाड़ी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नव नियुक्त पदाधिकारियों की जानकारी दी।

अध्यक्ष-जयहिंद लाटकर, कार्यकारी अध्यक्ष-अजय दुर्गम, सचिव -कमल दास झाड़ी, कोषाध्यक्ष-कैलाश चन्द्र रामटेके, संरक्षक-डी एस राम, लक्ष्मण झाड़ी, जुमार चिन्नना,मोरला चामंत्री,दुर्गम दुर्गैया, वाय बी दुर्गम व इसके आलावा समाज मे कोई भी निर्णय लेने के लिए कोर कमेटी के सदस्यों का भी गठन किया गया है। जिसमें चारों विकास खण्ड के समाज के लोग रहेंगे। कोर कमेटी मे डी नागेश्वर, आर डी झाड़ी, थानेश्वर तोगर, बैरण्डम झाड़ी, लक्षमण झाड़ी, गोवर्धन झाड़ी, सुनारकर किस्टैया, मोरला किस्टैया, हनुमंत बोरे, रामचंद्रम दुर्गम, मोरला सम्मैया, ललित गाँधरला होंगे।

चारों विकास खण्डों मे जिला उपाध्यक्ष का पद भी दिया गया है जिसमें के जी लिंगैया, हेमंत दुर्गम, नागेश्वर झाड़ी, रामकुमार दुर्गम। सहसचिव- संतोष झाड़ी,कृष्ण कुमार झाड़ी, विकास मोरला, जगदीश दुर्गम। उपकोषाध्यक्ष-अजय झाड़ी, दुर्गेश तोगर,संतोष झाड़ी,उमेश कुमार। संयोजक वा सहसंयोजक-बाबुलाल गाँधरला ,सहदेव कावरे,बसंत मामड़ीकर डी सुब्बैया,कुम्मर सत्यम,राजेश झाड़ी,अशोक ओडेट, लक्षमण दुर्गम। मीडिया प्रभारी- राजेश झाड़ी, नवीन लाटकर ,बसंत मामड़ीकर। प्रवक्ता-के जी यशवंत, पुरुषोत्तम चंद्रकार।

समाज की बैठक को डी एस राम,डी नागेश्वर, आरडी झाड़ी,जय हिंद लाटकर, केडी झाड़ी,प्रवीण झाड़ी, के जी सत्यम, कुमार स्वामी झाड़ी, कैलाश रामटेके आदि ने संबोधित करते हुये समाज की एकता अखण्डता पर बल देते हुये समाज की उन्नति के लिए काम करने हेतु प्रेरित किया।बैठक मे महार समाज दंतेवाड़ा के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। समाज के सभी लोगों ने नव नियुक्ति पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी वा जाति का काम कराने के लिए सरहना की गई।

हमने चुनाव में आपसे जो वादे किए उन सभी वायदों को पूरा किया : राहुल

बिलासपुर/नवप्रदेश। लोकसभा सांसद राहुल गांधी और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोमवार 25 सितम्बर को जिले के तखतपुर विकासखण्ड के ग्राम परसदा सकरी में आयोजित 'आवास न्याय सम्मेलन' में क्षेत्रवासियों को 669 करोड़ 69 लाख रूपए की लागत के 414 विकास कार्यों की सौगात दी। जिसमें 195 करोड़ 50 लाख रूपए की लागत के 247 कार्यों का शिलान्यास तथा 474 करोड़ 18 लाख रूपए की लागत के 167 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। साथ ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा सम्मेलन में हितग्राहियों को विभिन्न विभागीय योजनाओं के अंतर्गत सामग्री और चेक का वितरण किया। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद राहुल गांधी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिलासपुर पहुंच कर आज मुझे बहुत खुशी हो रही है।

मुझे यह रिमोट कंट्रोल दिया गया और कहा गया कि देखिये इसका बटन दबाइये और जैसे ही हमने बटन दबाया तो करोड़ों रुपए छत्तीसगढ़ के गरीबों के बैंक एकाउंट में गये। एक दो सेकेंड में बैंक एकाउंट में पैसा मिला। हमने चुनाव में आपसे जो वादे किए थे। उन सभी वायदों को हमने पूरा किया। बिजली बिल हाफ धान का उचित दाम, हमने सभी वायदों को पूरा किया। छत्तीसगढ़ की सरकार आज गरीबों के आवास बनवाने के लिए पैसे दे रही है। आज 12 सौ करोड़ रुपए रिमोट कंट्रोल से आपके खाते में आए हैं, आने वाले सालों में भी आपके खाते में इसी तरह पैसे आएंगे।

जहां भी अन्याय होता है वहां खड़े होते हैं राहुल

राहुल जी जहां भी अन्याय होता है वहां खड़े होते हैं। कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक उन्होंने पदयात्रा की। उन्होंने नारा दिया कि नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलनी है। आज राहुल जी ने गरीब लोगों के खाते में पैसा डाल है। इसके बाद खड़गे जी 28 तारीख को आयेंगे और किसानों के खाते में तीसरा किश्त आयेगा। बेरोजगारी भत्ता भी 28 तारीख को हम देंगे। भूमिहीन न्याय योजना और गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों की किश्त हम 28 तारीख को देंगे। हम हर महीने बटन दबा रहे हैं और किसानों के खाते में पैसे डाल रहे हैं।

चुनाव के समय हमने आपसे छत्तीसगढ़ की नींव को मजबूत करने वाले वायदे किए थे। किसानो का कर्जा माफ, बिजली बिल हाफ और 2500 रुपए प्रति क्विंटल धान की खरीदी का वायदा हमने किया था, हमने यह वायदा पूरा किया। भूमिहीन मजदूरों को 7000 हजार रुपए प्रतिमाह हमने देना शुरू किया। स्वास्थ्य के लिए 70 लाख परिवारों को हमने 5 लाख रुपए तक इलाज की सुविधा दी। 42 हजार भर्तियां की। युवाओं को प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता 2500 रुपए दे रहे हैं। किसान न्याय योजना में हमने 21 हजार करोड़ रुपए इनपुट सब्सिडी के माध्यम से दिये। जिन किसानों के पास जमीन नहीं थी उन्हें भी हम नहीं भूले, उन्हें 7 हजार रुपए दिये। आदिवासियों को लघु वनोपजों के लिए समर्थन मूल्य दिया। वनाधिकार दिये गये। स्वास्थ्य में पांच लाख रुपए के इलाज की सुविधा दिये गये, 70 लाख परिवारों को लाभ मिला। 42 हजार वैकेंसी भरी। एक लाख 30 हजार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया गया। आप सभी

राहुल जी गरीब, किसान, आदिवासी हितैषी : भूपेश

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने सम्बोधन में कहा आवास न्याय योजना सम्मेलन में आए हितग्राही साथियों को बहुत-बहुत बधाई। आवास योजना किस सरकार ने कब शुरू की, 1985 में जब राजीव जी प्रधानमंत्री थे तब शुरू हुई, इस योजना का नाम उस समय इंदिरा आवास योजना था। आज यह प्रधानमंत्री आवास योजना है। जनगणना नहीं हुई है, आर्थिक सर्वेक्षण नहीं हुआ। आज जिन्हें योजना का लाभ मिल रहा है वह 2011 के जनगणना के आधार पर मिल रहा है। आज राहुल जी ने एक बटन दबाया और 7 लाख लोगों के खाते में पैसे पहुंच गए हैं। राहुल जी, सदैव से किसान, मजदूर, युवा, महिला, आदिवासी भाई-बहनों और मजदूरों की बात करते हैं। उनके हित की सोचते हैं। पिछले बार जब राहुल गांधी जी आए थे, राजीव युवा सम्मेलन में आए थे, वहां लाखो युवा आए थे। पहली किश्त आज राहुल गांधी जी ने जारी किया है, दूसरी किश्त भी हम देंगे। आज हमने पहली किश्त जारी की है शेष किश्त भी समय समय पर जारी करते रहेंगे।

यहां दूर दूर से आये हैं आपने कीमती समय दिया इसके लिए बहुत बहुत धन्यवाद। छत्तीसगढ़ में हमने जो वायदा किया वो पहले कैबिनेट में पूरा किया। हमारी सरकार गरीबों की, आदिवासियों, पिछड़ों वर्ग की सरकार है। उनके लिए कार्य करती है।

भूपेश सरकार की आवास योजना सिर्फ एक छलावा : सरोज पांडेय

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में राहुल गांधी के दौरे को लेकर बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे ने बड़े बयान दिए हैं। रायपुर में प्रदेश बीजेपी कार्यालय में उन्होंने कांग्रेस सरकार की नई आवास योजना को भी छलावा बताया।

रायपुर/नवप्रदेश। सरोज पांडे ने कहा कि राहुल गांधी भारतीय राजनीति को कम समझते हैं, भारत की राजनीति को सीख रहे हैं। वो फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता की तरह कभी कुली बन जाते हैं कभी मैकेनिक बन जाते हैं। राहुल गांधी पिछले दिनों कुलियों के बीच थे। सरोज पांडेय ने उन्हें फैंसी ड्रेस प्रतियोगी बताया। सरोज ने कहा कि कुछ समझ में नहीं आता कि राहुल बनना क्या चाहते हैं। उम्र के इस दौर में भी वो तय नहीं कर पाए हैं कि क्या बनना है। अब तो अधेड़ उम्र के बाद परिपक्वता दिखाई देनी चाहिए, राहुल गांधी मुख्यमंत्री आवास योजना की शुरुआत करने आए हैं, ये छत्तीसगढ़ के लिए दुर्भाग्यजनक है। सरोज पांडे ने डिप्टी सीएम सिंहदेव के पंचायत मंत्री पद से इस्तीफे का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सिंहदेव ने जब पंचायत विभाग के मंत्री का पद छोड़ा तो पत्र में लिखा था कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल रहा। तब कांग्रेस के लोगों ने ये कहा था कि उसमें प्रधानमंत्री शब्द है इसलिए पूरा पैसा केंद्र सरकार को देना चाहिए और ये कहकर योजना का लाभ लेने से छत्तीसगढ़ की गरीब जनता को कांग्रेस ने जानबूझकर वंचित रखा। राज्यसभा सांसद सरोज पांडे ने राज्य सरकार पर प्रदेश के लोगों को पीएम आवास योजना का लाभ नहीं दिलाने के लिए विश्वासघात का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राज्य की आवास योजना मुख्यमंत्री के नाम पर है। लेकिन प्रधानमंत्री पद नाम की वजह से प्रदेश के 16 लाख से ज्यादा लोगों को केंद्र की योजना का फ ायदा नहीं मिल सका। मुख्यमंत्री आवास योजना लाने के पीछे की सरोज पांडे ने सियासी वजह बताई।

उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना में राज्य के हिस्से का पैसा नहीं दिए जाने से जब योजना वापस हुई और इस मुद्दे को लेकर बीजेपी जनता के बीच जाने लगी तो कांग्रेस सरकार घबराकर गई। सरोज ने कहा कि 2 महीने बाद चुनाव है इसलिए ये योजना छलावा और झूठ साबित होगी।

केंद्र हुआ फेल इसलिए छग सरकार आवास योजना लेकर आई : बैज

रायपुर/नवप्रदेश। आवास न्याय योजना का विरोध भाजपा की गरीब विरोधी सोच को उजागर करता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के 7 लाख आवासहीनों को जबरिया रोक रखा है। उनको स्वीकृति नहीं दी जा रही थी, भाजपा की उसी गरीब विरोधी सोच के कारण भूपेश सरकार ने आवास न्याय योजना शुरू किया है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से बार-बार आग्रह किया कि छत्तीसगढ़ के लोगों के आवास की स्वीकृति दिया जाये लेकिन प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के लोगों की मांग को नही माना तब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने दम पर गरीबों के लिये योजना शुरू किया।

इस योजना में 2011 की सर्वे सूची के अलावा 47000 नये लोगों को भी आर्थिक गणना करवा कर जोड़ा गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के हाथों आवास न्याय योजना की 1700 करोड़ की पहली किश्त 7 लाख आवासहीनों के खातों में पहुंच गयी। दीपक बैज ने कहा कि अभी प्रधानमंत्री आवास योजना का आवंटन 2011 के सर्वे सूची के आधार पर हो रहा है 10 साल में होने वाले जनगणना के कार्यक्रम होते तो

अब तक प्रदेश के कई गरीबों का नाम आर्थिक सर्वेक्षण सूची में जुड़ता और उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलता लेकिन भाजपा गरीब विरोधी है इसीलिए जनगणना नहीं करवाई है और गरीबों को आवास की योजना से वंचित रखा है। इसीलिये भूपेश सरकार ने आर्थिक गणना करवाया और 47000 से अधिक नये आवासहीनों को ओर जोड़ा गया। श्री बैज ने कहा कि 7 लाख से अधिक गरीबों को मकान दिया गया तो भाजपा के पेट मे दर्द क्यो हो रहा है?

भाजपा के 9 सांसदों ने पीएम आवास के शेष हितग्राहियों को आवास दिलाने में रुचि क्यो नही दिखाई? मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार में पौने 5 साल में ग्रामीण एवं शहरी मिलाकर 14 लाख 38 हजार 823 मकान स्वीकृत हुये जबकि रमन सरकार के दौरान पौने चार साल में ग्रामीण एवं शहरी मिलाकर मात्र 2 लाख 37 हजार मकान स्वीकृत हुआ था। प्रतिवर्ष के अनुसार देखा जाए तो भूपेश सरकार के पौने 5 साल में प्रति वर्ष 2 लाख 80 हजार मकान बने जबकि रमन सरकार के पौने चार साल में प्रति वर्ष मात्र 59 हजार मकान ही बने थे। भूपेश सरकार ने गरीबो के मकान बनाने अब ग्रामीण एवं शहरी मिलाकर 8489 करोड़ रुपया से अधिक की राशि जा रही कर चुके है। जबकि रमन सरकार के पौने चार साल में मात्र 272 करोड़ राज्यांश दिया गया था। बताये जब प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत हुई तब भारत सरकार के सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना 2011 के अनुसार 1875585 ग्रामीण हितग्राही थे लेकिन उस दौरान रमन सरकार ने मात्र 2 लाख 34 हजार ग्रामीण मकान स्वीकृत क्यो किया? प्रदेश के 16 लाख57 हजार 585 गरीबो को पीएम ग्रामीण आवास योजना से वंचित क्यो रखा? भूपेश सरकार में 1176146 ग्रामीण हितग्रहियों का आवास का सपना पूरा हुआ। इसमें 7 लाख और नये नाम जुड़ गये अब 18 लाख से अधिक लोगों को आवास मिल गया।

भूपेश को काम नहीं, सिर्फ नाम चाहिए : सुभाष सरकार

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार ने भाजपा कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मेरा सवाल है कि भूपेश बघेल को काम चाहिए या नाम चाहिए? जब मैं यहां आया तो यह खबर पढ़ कर आश्चर्य हुआ कि भूपेश बघेल सरकार ने 7 लाख मकान बनाने की घोषणा की है। यह घोषणा ही है जो चुनाव के समय की गई है। जब हमारी केंद्र सरकार ने 16 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए, निर्माण के लिए पैसा दिया, तब यह आवास क्यों नहीं बनाए? गरीब जनता को आवास से वंचित करके क्यों रखा? चुनाव से पहले यह मकान बनाने की घोषणा क्यों कर रहे हैं? भूपेश बघेल केवल नाम चाहते हैं। पौने पांच साल में न तो उन्होंने कोई काम किया है और न कोई काम करना चाहते हैं। उन्हें चुनाव के वक्त गरीबों के आवास याद आ रहे हैं तो क्या वजह है कि इसके पहले उन्होंने गरीबों के आवास में तरह-तरह के अड़ंगे लगाए और गरीबों के आवास नहीं बनने दिए। चुनाव आ गया तो कह रहे हैं कि 7 लाख आवास बनायेंगे। अब उनके पास समय है कहां, जो वे गरीबों के लिए यह आवास बनायेंगे? केंद्रीय राज्यमंत्री सरकार ने कहा कि सवाल यह है कि आखिर यह नौबत क्यों आई? इसके लिए भूपेश बघेल जिम्मेदार हैं। क्योंकि केंद्र की मोदी सरकार ने तो उन्हें गरीबों के मकान बनाने के लिए पैसा भेजा था, उन्होंने ही 10 हजार करोड़ ठुकरा दिए। वे नहीं चाहते थे कि छत्तीसगढ़ के सभी आवासहीन गरीबों को पक्का मकान मिले। जब तक राज्य में भाजपा की सरकार रही, तब तक लक्ष्य के अनुरूप प्रधानमंत्री आवास योजना में छत्तीसगढ़ की रफ्तार

बहुत तेज रही। कांग्रेस ने आते ही गरीब का हक छीन लिया। केंद्रीय राज्यमंत्री सरकार ने कहा कि भाजपा की सरकार ने जिस गति से विकास किया, वह एक मिसाल है। हमारी केंद्र सरकार ने जनता के कल्याण के लिए जो योजनाएं लागू कीं, उनका लाभ छत्तीसगढ़ की गरीब जनता को कांग्रेस की सरकार ने लगभग 5 साल से मिलने नहीं दिया। भाजपा की राज्य सरकार ने 2018 तक छत्तीसगढ़ की जनता को मोदी सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ उपलब्ध कराया लेकिन जब से कांग्रेस की सरकार बनी तब से छत्तीसगढ़ की जनता मोदी जी की योजनाओं के लाभ से वंचित है। आयुष्मान योजना का लाभ यहां के लोगों को नहीं मिलने दिया गया। उन्होंने छत्तीसगढ़ में महिलाओं पर बढ़ते अपराध और महिलाओं की चिंतनीय स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि महिला सुरक्षा के मामले में भूपेश सरकार पूरी तरह विफ ल है। न महिलाओं को सुरक्षा मिल रही न बेटियों को। सभी असुरक्षित हैं। कांग्रेस के राज में छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था की स्थिति बद से बदतर है। हमारी केंद्र सरकार महिलाओं की सुरक्षा, उनके सम्मान और महिलाओं की मजबूती के लिए काम करती है। अब महिला आरक्षण बिल संसद के दोनों सदनों में पारित कराकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में अभूतपूर्व कदम उठाया है। दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार में महिलाएं उत्पीड़न का शिकार हो रही हैं।

बसपा को झटका, 200 लोगों ने किया कांग्रेस प्रवेश

जांजगीर/नवप्रदेश। जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र में बसपा और अन्य पार्टी को फिर एक बड़ा झटका लगा है,,क्षेत्र के विभिन्न ग्राम के लगभग 200 बसपा एवँ अन्य कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रवेश किया है। जैजैपुर के सेमरिया ग्राम में आयोजित प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में कपिसदा,बंसूला, सेमरिया,पोड़ीशंकर,गतवा सहित सात गांवों के कार्यकर्ताओं ने आज कांग्रेस प्रवेश किया है।

प्रदेश महामंत्री विधिक प्रकोष्ठ कमल पटेल ने सभी को कांग्रेस का गमछा पहनाकर पार्टी में प्रवेश कराया है। ग्रामीणों का कहना है की क्षेत्र में पिछले दो पंचवर्षीय से बसपा के विधायक हैं,पर मूलभूत सुविधाओं एवम मांग को लेकर उनको काफी जद्दोजहद करना पड़ता है,कई बार विधायक झूठे आश्वासन मिलते रहे पर क्षेत्र में विकास कार्य अधूरा ही रहा है,इससे नाराज सेमरिया क्षेत्र के 200 लोगों ने कांग्रेस की रीति नीति से प्रभावित होकर प्रदेश महामंत्री कमल पटेल के नेतृत्व में कांग्रेस प्रवेश किया है।इस दौरान सामाज सेवी व विधि कांग्रेस प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार हमेशा किसान हितैषी काम कर रही है , चाहे धान खरीदी , गोधन न्याय योजना , कर्मचारियों के हित के लिए हो हमारी सरकार पूरी घोषणा के हर वादे को पूरी कर रही है।इस बार भी हमारी सरकार बनेगी।

मेरी विचारधारा सबको साथ लेकर सबकी उन्नति की है: खड़गराज सिंह

सहसपुर लोहारा/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी के कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार एवं सहसपुर लोहारा राजपरिवार के राजा खड़ग राज सिंह कवर्धा जिले के अंतिम छोर में स्थिति ग्राम रानीदहरा पहुंचकर ग्राम में आयोजित प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में अपनी उपस्थिति दी इस अवसर ग्राम के अधिकांश महिला पुरुष एवं बच्चो ने राजा खड़गराज सिंह का बड़ी आत्मीयता से अभूतपूर्व स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित आमजनों को सम्बोधित करते हुए। आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी राजा खड़ग राजा सिंह ने कहा की वो जब अपने काम से दिल्ली गये थे तब वहां के स्कुल, अस्पताल एवं अन्य जनता से जुड़ी व्यवस्था को बहुत पास से देखने का मौका मिला मुझे ये देखकर आश्चर्य हुआ की वहां के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल और उनकी टीम ने वहां की व्यवस्था को विश्व स्तरीय बना दिया है। यही बात मुझे प्रभावित कर गई और मैंने आम आदमी पार्टी में शामिल होने का फैसला कर लिया क्योंकि मेरी भी ईच्छा है की हमारे गांवो के लोगो के बच्चो को उच्च स्तर की शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा मिले यहां भी सरकारी काम कराने के लिए लोगो को घुस ना देना पड़े, लोगो को सरकारी आफिसो के चक्कर ना लगाने पड़े। राजा खड़ग राजा सिंह ने आगे कहाँ की आज हम किसानो को बटवारा, नक्सा सुधार, सीमांकन और अपनी जमीन से जुड़े हर काम के लिए राजस्व अमला को पैसा देना पड़ता है तभी हमारा काम बड़ी मुश्किलों से हो पाता है। राजस्व विभाग के लोग ये सब राजनितिक संरक्षण की वजह से ही कर पाते है। और अगर आप का जनप्रतिनिधि ईमानदार होगा तों किसी सरकारी विभाग के अधिकारी कर्मचारी की ये हिम्मत नहीं होंगी की वो आपसे कुछ मांग सके या आपको घुमा सके। मै पांच साल सहसपुर लोहारा का नगर पंचायत का अध्यक्ष रहा मैंने कांग्रेस के उम्मीदवार की जमानत जप्त कर जीत हासिल की और पुरे पांच साल बगैर भ्रष्टाचार के सबको लेकर कार्य किया क्योंकि मेरी विचारधारा सबको साथ लेकर सबकी उन्नति की है।

गौठानों की दुदर्शा और गौ वंश की मौत पर चुप्पी तोड़े भूपेश : डॉ रमन

रायपुर/नवप्रदेश। नरवा, गरुवा, घुरवा, बाड़ी योजना के तहत गोवंश की रक्षा का ढिढ़ोरा पिटने वाली प्रदेश की भूपेश सरकार गौठान की व्यवस्था और गोवंश की रक्षा के मामले में कसडोल के मल्दा गौठान में दर्जनभर गोवंश की मौत और उसे नदी में बहा देने की घटना के बाद एक बार फिर बेनकाब हो गई है।

यह आरोप लगाते हुए भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा है राजधानी के नया रायपुर में बीते 4 सितंबर को एक सरकारी आयोजन के बचे सड़े हुए खाना खाने से सौ से अधिक मवेशियों की मौत हो गई थी और सैकड़ों मवेशी बीमार पड़ गए थे। इस मामले को अभी महीना बीता नहीं कि कसडोल ब्लाक के मल्दा गौठान में भूख-प्यास से दस मवेशियों की मौत हो गई और कई बीमार हो गए। भूपेश सरकार की गऊ माता के प्रति क्रूरता का शर्मनाक उदाहरण है कि मामला दबाने के उद्देश्य से मृत और गंभीर रूप से घायल करीब दर्जनभर मवेशियों को ट्रैक्टर में भरकर महानदी में बहा दिया गया। जिस गोवंश की हम पूजा करते हैं, उसके साथ ऐसा बर्ताव आस्था को ठेस पहुंचाने वाला तो है ही, इंसानियत को झकझोरने वाला भी है। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि भाजपा ने प्रदेशभर में गौठानों की स्थिति को उजागर कर भूपेश सरकार के झूठ को पहले ही उजागर कर दिया है। ज्यादातर गौठानों में मवेशी ही नहीं मिले। जहां कुछ मवेशी थे तो वहां उनके लिए चारा-पानी की व्यवस्था नहीं थी। यही कारण है कि प्रदेशभर से

गौठानों में गोवंश की भूख और बीमारी से मौत की खबरें लगातार आ रही हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इस मामले में कब तक चुप्पी साधे रहेंगे। उन्हें प्रदेश की जनता को इस मामले में जवाब देना ही होगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भूपेश सरकार के राज में गोवंश की हत्या नया रायपुर, कसडोल में ही हुई है ऐसा नहीं है। इसके पहले तखतपुर के मेड़पार में एक कमरे में ठूंसकर भरे 47 गायों की मौत, तिल्दा के चांपा, महासमुंद के लभराखुर्द, धरसीवां के कूंरा, बिलासपुर के पचपेड़ी, बलौदाबाजार के जारा और प्रदेश के कई जगहों पर भूख और प्यास से गोवंश की मौत हो चुकी है। गरुवा की रक्षा के नाम पर वाहवाही बटोरने का प्रयास करने वाले भूपेश बघेल की सरकार ने गौ माता के नाम पर भी केवल घोटाला किया है। कांग्रेस की सरकार से विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता जरूर जवाब मांगेगी और प्रदेश से कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकेगी।

पांच साल तक भूपेश सरकार जिस नरवा गरवा घुरवा बारी के नाम पर भोली भाली जनता को सपने दिखाती रही, हजारों करोड़ रुपए फूं क दिए जिसमें से ज्यादातर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और अधिकारियों की जेब में चले गए। मवेशी लगातार सड़कों पर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। रोका छेका के नाम पर कुछ नहीं किया, किसान खेत की फसल नहीं बचा पा रहे। गोठनों में गाय को रखना चाहिए लेकिन वहैं न तो पानी है और न ही चारा। ऐसे में सैकड़ों करोड़ रुपए कहां जा रहे हैं? डॉ रमन सिंह ने कहा कि गौठान घोटाला, गोबर घोटाला, धान घोटाला, कोयला घोटाला, शराब घोटाला, पीएससी घोटाला, खाद घोटाला सहित कई घोटालों से घिरी प्रदेश की कांग्रेस सरकार में नैतिकता नाम की कोई चीज बची नहीं है। डॉ. सिंह ने कहा, केंद्र की भाजपा सरकार की योजनाओं और पैसे के दम पर ढींगे हांकने वाली प्रदेश की भूपेश सरकार की झूठ को जनता अब जान चुकी है। भाजपा की परिवर्तन यात्रा में यह अब स्पष्ट दिखने लगा है कि प्रदेश के किसान, मजदूर, महिला, अधिकारी, कर्मचारी, बेरोजगार और सभी वर्ग के लोग भूपेश सरकार के झूठ और भ्रष्टाचार से तंग आ गए हैं और कांग्रेस मुक्त छत्तीसगढ़ का संकल्प ले चुके हैं।

।। श्री राधारमणो विजयते ।।

।। श्री राधारमणो विजयते ।।

हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे
हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे

श्रीमद् भागवत कथा

24 सितंबर से 30 सितंबर 2023

दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक

30 सितंबर (प्रातः 9 से 12 बजे तक)

इस्कॉन मंदिर, टाटीबंध, रायपुर (छ.ग.)

आचार्य
श्री पुण्डरीक गोस्वामी जी महाराज

स्नेही स्वजन,
महोदय आप सभी महानुभावों को सादर वंदन करते हुए सूचित कर रहे हैं कि
ज्ञान एवं भक्तिरूपी कथा गंगा **श्रीमद्भागवत कथा** का आयोजन
आचार्य श्री पुण्डरीक गोस्वामी जी महाराज के सानिध्य में किया जा रहा है।
इस पावन अवसर पर आप सपरिवार, इष्टमित्रों सहित सादर साग्रह आमंत्रित हैं।
आपसे अनुरोध है कि स्वजनों सहित कथा अमृतपान कर अपना दुर्लभ मानव जीवन सार्थक बनाएं।

कार्यक्रम विवरण

रविवार, 24 सितंबर 2023
कलश यात्रा (प्रातः 9 बजे)
(राममंदिर से इस्कॉन मंदिर तक)
श्रीमद् भागवत कथा महात्म्य

सोमवार, 25 सितंबर 2023
विराट स्वरूप वर्णन,
ध्रुवचरित्र

मंगलवार, 26 सितंबर 2023
भक्त श्री प्रहलाद चरित्र
भक्त श्री गजेन्द्र मोक्ष

बुधवार, 27 सितंबर 2023
श्री वामन भगवान, श्रीराम जन्मोत्सव,
श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं नन्दोत्सव

गुरुवार, 28 सितंबर 2023
बाललीला, माखन लीला,
श्री गोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग

शुक्रवार, 29 सितंबर 2023
रास पंचाध्यायी,
श्री रुक्मणी विवाह महोत्सव

शनिवार, 30 सितंबर 2023
नवयोगेश्वर संवाद, 24 गुरु कथा
द्वादश स्कन्ध कथा, कथा विश्राम
(कथा समय प्रातः 9 से 12)
प्रसादम् दोप. 1 बजे

24 से 30 सितंबर 2023
चेतन्य महाप्रभु लीला
सायं 7 बजे से 9 बजे तक
स्पतदिवसीय अष्टप्रहर संकीर्तन

इस्कॉन परिवार की ओर से चलाए जा रहे अभियान, जिसमें 11 हजार परिवारों को जोड़ने का संकल्प लिया गया है।

इस महाअभियान से जुड़कर आप सभी इस्कॉन परिवार का हिस्सा बनें।

कार्यक्रम स्थल :
श्री श्री राधा रासबिहारी जी मंदिर, इस्कॉन
हरे कृष्ण धाम, आलोपी नगर, टाटीबंध, रायपुर (छ.ग.)

प्रभु चरण अनुरागी आयोजक : **शुभम सिंघल, अध्यक्ष**
श्री कृष्णा जन्माष्टमी महामहोत्सव एवं आयोजन समिति

विमेंस फाइनल में श्रीलंका को 19 रन से दी शिकस्त; तितास ने लिए 3 विकेट

भारत ने एशियाड क्रिकेट में पहली बार जीता स्वर्ण

हांगझोऊ। भारत ने एशियन गेम्स के विमेंस क्रिकेट इवेंट में गोल्ड मेडल जीत लिया है। सोमवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने श्रीलंका को 19 रन से हराया। यह भारत का एशियन गेम्स के क्रिकेट इवेंट में पहला मेडल है। इससे पहले भारतीय क्रिकेट टीम ने किसी एशियन गेम्स में हिस्सा नहीं लिया था। भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 116 रन बनाए और श्रीलंका को 117 रन का टारगेट दिया। श्रीलंका की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 97 रन ही बना सकी। भारत के लिए तितास साधु ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए।

चेज करने उतरी श्रीलंका की ओर से हसिनी परेरा ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 22 बॉल पर 25 रन की पारी खेली। उनके अलावा नीलाक्षी डी सिल्वा ने 34 गेंद पर 23 रन बनाए। भारत की ओर से तितास साधु ने 4 ओवर में केवल 6 रन देकर सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। राजेश्वरी गायकवाड़ ने 20 रन देकर 2 विकेट लिए। वहीं दिप्ती शर्मा, पूजा वस्त्रकार और देविका वैद्य को 1-1 विकेट मिला।

स्मृति मंधाना ने सबसे ज्यादा रन बनाए

भारत के लिए सबसे ज्यादा रन स्मृति मंधाना ने बनाए। उन्होंने 45 बॉल पर 46 रन की पारी खेली। मंधाना के अलावा जेमिमा रोड्रिग्स ने 40 बॉल पर 42 रन की पारी खेली। श्रीलंका की ओर से इनोका रणवीरा, सुगंधिका कुमारी और उदेशिका प्रबोधनी ने 2-2 विकेट लिए।

अच्छी शुरूआत के बाद लड़खड़ाई भारतीय टीम

भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी रही। 14 ओवर तक भारतीय टीम ने एक विकेट खोकर 86 रन बना लिए थे, लेकिन टीम अगले 6 ओवर में 6 विकेट गंवाकर 30 रन ही बना सकी। मंधाना और जेमिमा के अलावा कोई खिलाड़ी क्रीज पर लंबे समय तक नहीं टिक पाया।

मंधाना-रोड्रिग्स की अर्धशतकीय साझेदारी

16 रन पर शेफाली का विकेट गंवाने के बाद मंधाना और रोड्रिग्स ने 73 रनों की साझेदारी की। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 67 बॉल पर 73 रन जोड़े। इस साझेदारी को इनोका रणवीरा ने तोड़ा।

पावरप्ले- भारत की मजबूत शुरुआत

पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को मंधाना और रोड्रिगेज ने शानदार शुरुआत दिलाई। 16 पर शेफाली का विकेट गंवाने के बाद मंधाना ने रोड्रिगेज के साथ अर्धशतकीय साझेदारी की। शुरुआती 6 ओवर में टीम इंडिया ने एक विकेट पर 35 रन बनाए।

रेहान अहमद और विल जैक से पार नहीं पा सकी आयरलैंड, इंग्लैंड ने 48 रन से दी मात

नई दिल्ली। इंग्लैंड और आयरलैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला ट्रेंट ब्रिज में खेला गया। पहला वनडे बारिश की भेंट चढ़ने के बाद इंग्लैंड ने दूसरे वनडे में आयरलैंड को 48 रन से मात देकर 1-0 की बढ़त बना ली है। इंग्लिश टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 334 रन बनाए थे।

वहीं, आयरलैंड की टीम 46.4 ओवर में 286 रन बनाकर सिमट गई। आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ठोस शुरुआत की। सॉल्ट और विल जैक्स ने पहले विकेट के लिए 55 रन जोड़े। सॉल्ट 28 रन बनाकर पवेलियन लौटे। विल जैक्स ने 94 रन की पारी खेली। वहीं, कप्तान जैक क्रॉली बिना खाता खोले आउट हो गए। डॉकरेल ने झटके तीन विकेट बेन डकेट ने 48 रन की पारी खेली। सैम हैन ने 89 रन का योगदान दिया। ब्रायडन कारसे ने 32 रन बनाए। आयरलैंड के लिए डॉकरेल ने तीन विकेट लिए। वहीं, क्रेग यंग ने दो विकेट चटकाए। मार्क अडायर, जोशुआ लिटिल और बैरी मैक्कार्थी को एक-एक विकेट मिले।

रेहान अहमद ने लिए चार विकेट

लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड के एंड्रयू बालबर्नी और कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने तेज शुरुआत दी। पहले विकेट के लिए 3.6 ओवर में 46 रन जोड़े। एंड्रयू बालबर्नी 14 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान ने 25 रन का योगदान दिया। हैरी टेक्टर ने 39 रन बनाए।

इन बल्लेबाजों ने किया संघर्ष

जॉर्ज डॉकरेल (43), बैरी मैक्कार्थी (41) क्रेग यंग (नाबाद 40) जोशुआ लिटिल (29) ने अंत में टीम को जीत दिलाने के संघर्ष करते हुए दिखे, लेकिन जीत नहीं दिला सके। इंग्लैंड की तरफ से रेहान अहमद ने चार विकेट लिए। जॉर्ज स्क्रिमशॉ ने 3 विकेट चटकाए।

एशियन गेम्स के दूसरे दिन भारत को 6 मेडल

19वें एशियन गेम्स के दूसरे दिन सोमवार को भारतीय एथलीट्स ने दो गोल्ड समेत 6 मेडल जीते। चीन के हांगझोउ में शूटिंग के 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट में ऐश्वर्य प्रताप सिंह, दिव्यांश सिंह और रुद्रांक्ष पाटिल ने देश को पहला गोल्ड मेडल दिलाया। तीनों ने 1893.7 स्कोर कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले यह रिकॉर्ड 1893.3 स्कोर के साथ चीन के नाम था। वहीं भारतीय विमेंस क्रिकेट टीम ने फाइनल में श्रीलंका को हराकर दूसरा गोल्ड दिलाया। भारत ने श्रीलंका को 19 रन से हराया। पूरी खबर पढ़ने के लिए यहां क्लिक करें। इसके अलावा, ऐश्वर्य प्रताप सिंह ने इंडिविजुअल 10 मीटर

एयर राइफल में ब्रॉन्ज अपने नाम किया। रोइंग में भी आज भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया और दो ब्रॉन्ज मेडल जीते। भारत को अब तक 2 गोल्ड, 3 सिल्वर, 6 ब्रॉन्ज पदक मिल चुके हैं।

शूटिंग- एक गोल्ड, 2 ब्रॉन्ज- सुबह सबसे पहले 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट हुआ। इसमें दिव्यांश सिंह पंवार, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और रुद्राक्ष पाटिल ने शूटिंग टीम इवेंट में भारत के लिए गोल्ड जीता है। 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट में भारतीय तिकड़ी ने 1893.7 पॉइंट स्कोर किए। कोरिया गणराज्य 1890.1 स्कोर के साथ दूसरे और चीन 1888.2 स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहा।इसके बाद ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत इवेंट में भारत के लिए ब्रॉन्ज मेडल जीता। फाइनल में रुद्रांश पाटिल चौथे नंबर पर रहे और मेडल जीतने से चूक गए। इस इवेंट में चीन को गोल्ड और साउथ कोरिया को सिल्वर मेडल मिला।25 मीटर एयर पिस्टल रैफिड फायर इवेंट में आदर्श सिंह, अनीश सिधु और विजयवीर की तिकड़ी ने 1718 स्कोर कर ब्रॉन्ज मेडल जीता।

गदर 2 के बाद सनी के पास ऑफर्स की लाइन

आमिर खान के बैनर तले कर सकते हैं काम

फिल्म 'गदर 2' की सक्सेस एंजॉय करने के बाद सनी देओल इन दिनों अमेरिका में हैं। वे वहां फैमिली वेकेशन मना रहे हैं। इसी बीच एक्टर के अगले प्रोजेक्ट को लेकर कई तरह की रिपोर्ट्स सामने आ रही हैं।

चर्चा है कि गदर-2 की सक्सेस के बाद सनी को बॉलीवुड के कई जाने-माने डायरेक्टर्स ने अप्रोच किया है। हालांकि, 65 की उम्र में हिंदी सिनेमा के इतिहास की तीसरी सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्म देने वाले सनी अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर काफी सोच-विचार कर रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो सनी देओल अपनी अगली फिल्म के लिए डायरेक्टर राजकुमार संतोषी से बात कर रहे हैं। चर्चा यह भी है कि इस फिल्म को आमिर खान अपने बैनर तले प्रोड्यूस करेंगे।

अब्बास-मस्तान के साथ एक्शन-थ्रिलर

इसके अलावा चर्चा यह भी है कि सनी ने डायरेक्टर जोड़ी अब्बास-मस्तान के साथ एक फिल्म को लेकर मीटिंग की है। यह एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म है जिसका सनी ने अब तक सिर्फ आइडिया ही लिया है। वे जल्द ही इसका नेरेशन भी लेंगे। डायरेक्टर डुओ अब्बास-मस्तान 'बाजीगर', 'सोल्जर' और 'खिलाड़ी' जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। इसके अलावा सनी बॉर्डर फेम डायरेक्टर जे पी दत्ता के साथ भी किसी फिल्म को लेकर चर्चा कर रहे हैं। चर्चा थी कि यह बॉर्डर 2 पर इस पर अभी तक कोई कन्फर्मेशन नहीं आया है।

अगले साल तक शुरू हो सकती है 'अपने'

दूसरी तरफ गदर फेम डायरेक्टर अनिल शर्मा भी गदर 2 की सक्सेस देखने के बाद इसका तीसरा पार्ट बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं। इसके अलावा वे और सनी फिल्म 'अपने' के सीक्वल पर भी काम कर रहे है। चर्चा है कि यह अगले साल तक शुरू हो सकती है। फिलहाल सनी परिवार के साथ महीने भर की वैकेशन पर अमेरिका गए हैं। वे वहां से लौटने के बाद ही अपनी अगली फिल्म पर विचार करेंगे। खबर यह भी है कि सनी ङ्कत्र्स्न और रोहित शेट्?टी के साथ भी किसी प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा कर रहे हैं।

बिजनेस

एसबीआई की रिसर्च रिपोर्ट में दावा

आरबीआई: अक्टूबर में भी स्थिर रह सकता है रेपो रेट!

नई दिल्ली। भारत के केंद्रीय बैंक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की मौद्रिक नीति समिति की बैठक अक्तूबर के पहले सप्ताह में होगी। एसबीआई की एक रिसर्च रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अक्तूबर में होने वाली बैठक में भी रिजर्व बैंक रेपो रेट को स्थिर रख सकता है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक 4-6 अक्तूबर को होनी प्रस्तावित है। रिजर्व बैंक आमतौर पर एक वित्तीय वर्ष में छह द्विमासिक बैठकें करता है। इन बैठकों में ही रिजर्व बैंक ब्याज दर, धन के प्रवाह, महंगाई और विभिन्न आर्थिक संकेतकों पर फैसले करता है।

पिछली बैठकों में भी नहीं हुए थे रेपो रेट में बदलाव

बता दें कि रिजर्व बैंक की अप्रैल, जून और अगस्त में हुई बैठकों में भी रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किए गए और यह 6.5 प्रतिशत पर बनी रही। रेपो रेट, वो ब्याज दर है, जिस पर रिजर्व बैंक अन्य बैंकों को लोन देता है। रेपो रेट बढ़ने का मतलब है कि बैंकों की ब्याज दर बढ़ेगी और फिर बैंक भी अपने ग्राहकों की ब्याज दर बढ़ाएंगे। इस तरह रेपो दर में बदलाव का सीधा असर आम जनता पर पड़ता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बढ़ती महंगाई पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है लेकिन भारत ने इस मामले में अच्छा प्रदर्शन किया है और महंगाई को काबू में रखा है। अब महंगाई दर में कमी आ रही है और आने वाले दिनों में इसके और कम होने की उम्मीद है। ऐसे में रेपो रेट स्थिर रह सकती हैं। इससे पहले मई 2022 में रिजर्व बैंक ने महंगाई को काबू में रखने के लिए रेपो रेट में 250 पॉइंट की बढ़ोतरी की थी।

क्या है एसबीआई रिसर्च रिपोर्ट में

एसबीआई की रिसर्च रिपोर्ट में कहा गया है कि घरेलू स्तर पर हम उम्मीद कर रहे हैं कि रेपो रेट 6.50 प्रतिशत पर स्थिर रह सकती है और यहां इसके लंबे समय तक स्थिर रहने की उम्मीद है क्योंकि महंगाई पहले के मुकाबले कम हो रही है। यह रिसर्च रिपोर्ट एसबीआई के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष ने तैयार की है। इस रिपोर्ट में सौम्य कांति घोष ने कहा है कि हमारा मानना है कि रिजर्व बैंक अभी यथास्थिति को बरकरार रखेगा क्योंकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में महंगाई दर 5 प्रतिशत से कम रह सकती है। रिपोर्ट में विकास दर के भी मजबूत रहने की उम्मीद जताई गई है।

नई गाड़ी के इंश्योरेंस पर भी कर सकते हैं पैसे की बचत

नई दिल्ली। अगर आप नई गाड़ी लेने का विचार कर रहे हैं तो उसके इंश्योरेंस पर आप पुरानी गाड़ी के नो क्लेम बोनस का फायदा ले सकते हैं। इसके जरिए आप नई गाड़ी के इंश्योरेंस पर भी काफी पैसे बचा सकते हैं।

इंश्योरेंस नियामक वेबसाइट के मुताबिक, अगर इंश्योरेंस कराने वाली पार्टी के पास नो क्लेम बोनस का सर्टिफिकेट है और गाड़ी नहीं है तो वह नई कार के इंश्योरेंस पर पहले से मौजूद एनसीबी का फायदा ले सकते हैं। जब भी कोई व्यक्ति अपनी गाड़ी का इंश्योरेंस खरीदता है और उस वर्ष कोई क्लेम नहीं फाइल करता है तो उसे एनसीबी यानी नो क्लेम बोनस का फायदा मिलता है। वहीं, अगर क्लेम फाइल कर देता है तो उसे नो क्लेम बोनस का फायदा नहीं मिलता है। नियमों के मुताबिक, ये इंश्योरेंस के प्रीमियम का 20 प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत तक हो सकता है।

अगर आप पॉलिसी रिन्यूएबल के समय अपनी इंश्योरेंस कंपनी को बदलना चाहते हैं तो भी आप आसानी से एनसीबी को ट्रांसफर कर सकते हैं। इसके लिए आपको मौजूदा इंश्योरेंस कंपनी से एनवीनीकरण नोटिस के रूप में प्राप्त एनसीबी का प्रमाण प्रदान करना आवश्यक होगा। एनसीबी का फायदा लेने के लिए आपको समय पर इंश्योरेंस पॉलिसी को रिन्यू कराते रहना चाहिए।

त्योहारी सीजन: लग्जरी कारों की बिक्री में हो सकता है इजाफा

नई दिल्ली। लग्जरी कार कंपनियों मर्सिडीज बेंज, लेक्सस व ऑडी को चालू त्योहारी सीजन में बेहतर बिक्री की उम्मीद है। उनका कहना है कि त्योहारी सीजन में महंगी गाड़ियों की मांग काफी अच्छी है। मर्सिडीज बेंज इंडिया के एमडी व सीईओ संतोष अय्यर ने कहा, पिछले साल के मुकाबले यह त्योहारी सीजन ज्यादा अच्छा रहेगा। यह त्योहारी सीजन चार माह तक चलेगा व हम इसे लेकर आशान्वित हैं, लेक्सस इंडिया के अध्यक्ष नवीन सोनी ने कहा, देश में लग्जरी कार बाजार लगातार बढ़ रहा है।?इस साल महंगी कारों की मांग से उद्योग उत्साहित है। ज्यादा अमीर (एचएनआई), युवा आबादी, खर्च योग्य कमाई बढ़ने व स्थिर आर्थिक वृद्धि के साथ यात्रा करने वाले लोगों की बढ़ती संख्या इस वृद्धि को बढ़ावा दे रही है।

होगी 10 लाख यात्री कार की व्यय बिक्री

ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा, कंपनी 2023 की पहली छमाही में 3,474 गाड़ियां बेच चुकी है। यह 97 फीसदी वृद्धि है। इस त्योहारी सीजन घरेलू यात्री कारों की बिक्री 10 लाख के पार पहुंच सकती है।? उपकरण व उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को त्योहारी सीजन में बिक्री 18-20 फीसदी बढ़ने की उम्मीद है। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के आयोजन से भी कारोबार को बढ़ावा मिलेगा।

विदेशी निवेशकों की बिकवाली का दौर अब तक निकाले 10 हजार करोड़

नई दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने सितंबर के पहले तीन हफ्तों में लगातार शेयरों को बेचा है। एफपीआई ने सितंबर महीने में अभी तक भारतीय इक्विटी से 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की है। इसका मुख्य कारण बढ़ती अमेरिकी ब्याज दरें, मंदी की आशंकाएं और अधिक मूल्यवान घरेलू स्टॉक हैं।

इस आउटफ्लो से पहले एफपीआई मार्च से अगस्त तक लगातार 6 महीनों से भारतीय इक्विटी खरीद रहे थे। इस अवधि में उन्होंने 1.74 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया है। क्रेविंग अल्फा के स्मॉलकेस, मैनेजर और प्रिंसिपल पार्टनर मयंक मेहरा का मानना है कि अगले महीने से एफपीआई शेयर बाजार में निवेश करना शुरू कर सकती है।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार सितंबर में अब तक 15 कारोबारी दिनों में एफपीआई 11 दिनों में 10,164 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है। इस आंकड़े में प्राथमिक बाजार के माध्यम से थोक सौदे और निवेश शामिल हैं।इस महीने अब तक यानी 22 सितंबर तक कुल 10,164 करोड़ रुपये की निकासी हुई है। वहीं पिछले कारोबारी हफ्ते में एफपीआई ने 4,700 करोड़ रुपये से अधिक निकाले थे। एफपीआई द्वारा की गई निकासी के बाद अगस्त महीने में भारत की इक्विटी चार महीने के निचले स्तर 12,262 करोड़ रुपये पर पहुंच गई।वहीं, समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने देश के डेट मार्केट में 295 करोड़ रुपये का निवेश किया। इसके साथ ही इस साल अब तक इक्विटी में एफपीआई का कुल निवेश 1.25 लाख करोड़ रुपये और डेट बाजार में 28,476 करोड़ रुपये के करीब पहुंच गया है।

फौलादी इरादा, वादे से ज्यादा

उच्च शिक्षा की नई उड़ान

71 सरकारी कॉलेज, 4 मेडिकल कॉलेज, 4 संगीत, 19 कृषि-उद्यानिकी वानिकी, खाद्य प्रौद्योगिकी एवं 10 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम कॉलेज, महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, सांकरा पाटन एवं शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़

भरोसे की सरकार

सेवा-जतन-सरोकार

छत्तीसगढ़ महतारी

कदम-दर-कदम

- राज्यव्यापी भाषाई सर्वे करने वाला देश का पहला राज्य छत्तीसगढ़
- प्रारंभिक कक्षा के लिए 20 भाषा-बोलियों में पुस्तकें
- आंगनवाड़ियों में बालवाड़ियों की संख्या 9,491
- नि:शक्त बच्चों को डिजिटल शिक्षा के अंतर्गत आई.सी.टी. से जोड़ने का अभिनव प्रयास
- नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत 3 लाख 80 हजार 122 विद्यार्थियों को निजी विद्यालयों में प्रवेश
- सरकारी स्कूलों में नामांकन के मामले में छत्तीसगढ़ राज्य देश में सातवें स्थान पर
- बस्तर जिले के 200 प्राथमिक स्कूलों में मातृ भाषा में शिक्षा के लिए कहानी उत्सव
- छत्तीसगढ़ महतारी दुलार योजना के तहत, ऐसे बच्चे जिनके परिवार से कमाने वाले माता या पिता अथवा दोनों की मृत्यु कोविड-19 से हुई हो, वर्ष 2022-23 में 6 हजार 592 विद्यार्थियों को 900 करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति
- मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना के तहत एससी/एसटी वर्ग के मेधावी छात्रों को 15 हजार एकमुश्त प्रोत्साहन राशि
- नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक योजना के तहत वर्ष 2022-23 में 53.58 लाख छात्र-छात्राओं को पुस्तकें
- 2022-23 में 31.12 लाख छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क यूनीफॉर्म
- पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना का लाभ

> मैंने कहा था कि सीमेंट, कांक्रीट के निर्माण की अपेक्षा बच्चों के भविष्य निर्माण पर जोर दूंगा। मुझे संतोष है कि सबकी कल्पना का नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने में सफलता मिली है और हमारा यह अभियान लगातार जारी रहेगा।
>
> **-भूपेश बघेल,**
> मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ मॉडल: शिक्षा की नई मिसाल

726 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय

4.21 लाख विद्यार्थी नए स्कूल में अध्ययनरत

1200 से अधिक शिक्षकों की भर्ती की मंजूरी

जनमन रिपोर्ट । रायपुर. छत्तीसगढ़ में गुणवत्तायुक्त और नि:शुल्क शिक्षा की नई मिसाल बन गई है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने शिक्षा की तस्वीर बदलने शुरू की है स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना। प्रदेश में 726 स्कूलो खुल गए है। जिनमें 4 लाख 21 हजार विद्यार्थी अध्ययनरत है और अनुभवी शिक्षिको के माध्यम से बच्चों की शिक्षा में गजब का आत्मविश्वास दिखता है। परिजन गुणवत्तायुक्त शिक्षा और स्कूलो की संरचना से काफी आकर्षित हो रहे है और अपने बच्चो को सरकारी स्कूल में पढ़ाने के लिए खूब दिलचस्पी दिखा रहे है। स्कूल में प्रयोगशाला, लाइब्रेरी, खेल परिसर और कक्षाओं में हाईटेक संसाधनों के जरिए पढ़ाई हो रही है। साथ ही स्थानीय बोलियों में भी पढ़ाई शुरू हो गई है। इससे हमारी संस्कृति, परंपराओं का गौरव बढ़ रहा है। स्कूल में हजारो युवाओं को नौकरियां भी मिल गई है। जिससे उनका जीवन भी आगे बढ़ने लगा है।

बेटी की नि:शुल्क पढ़ाई और मां को मिला काम

> बेटी माही साहू को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में दाखिला मिला है। वह कक्षा तीसरी में पढ़ाई कर रही है। मेरे तीन बच्चे हैं। पति की मृत्यु के बाद बच्चों की पढ़ाई की चिंता सताने लगी। कुछ समय तक रिश्तेदारों ने बच्चों को पढ़ाने में मदद की। तभी गांव में ही स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल का निर्माण शुरू हुआ। आकर्षक भवन को देखकर बेटी को इसी स्कूल में पढ़ाने का मन बनाया और बेटी का दाखिला भी हो गया। इससे बेटी की पढ़ाई की चिंता दूर हो गई, क्योंकि यहां नि:शुल्क पढ़ाई है। बेटी को इस अंग्रेजी माध्यम स्कूल में दाखिला मिलने से गर्व महसूस हो रहा है। स्कूल प्रबंधन ने मेरी जरूरतों को देखते हुए स्कूल में काम दे दिया है। स्कूल खुलने से दो फायदे हुए, एक तो बेटी को अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाने का मौका मिला और दूसरा मुझे रोजगार भी मिल गया। अब किसी भी प्रकार की चिंता नहीं रह गई है।
>
> **-देवकुमारी साहू,** डोंगरगांव

> मैं सब्जी बेचकर घर चलाता हूं। मेरे दोनों बेटे तरुण और करण को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पढ़ने का मौका मिला है। निजी स्कूल की फीस भरते हुए मैं थक चुका था और वहां की पढ़ाई भी कुछ खास नहीं थी। क्षेत्र में पहली बार ऐसा स्कूल, ऐसे अनुभवी शिक्षक और ऐसी सुविधाएं मिली हैं, जिन्हें देखकर हमें गर्व होता है। इससे माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की सोच, संवेदनशीलता और भविष्य की दृष्टि पर भरोसा मजबूत हुआ है।
>
> **-धनराज जैन,** मानपुर

राज्य गठन के बाद पहली बार हजारों नियमित शिक्षकों की भर्ती

स्कूल शिक्षा
10834 नियुक्त
12,489 प्रक्रिया में

उच्च शिक्षा
1553 नियुक्त
1194 प्रक्रिया में

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने अलग-अलग श्रेणियों और अलग-अलग व्यवस्थाओं से शिक्षकों की भर्ती से होने वाली समस्याओं के हल के लिए राज्य गठन के बाद प्रदेश मे पहली बार नियमित शिक्षकों की सीधी भर्ती प्रारंभ की। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मार्च 2019 में व्याख्याता, शिक्षक एवं सहायक शिक्षक के 14,580 पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। जिसमें से 10,834 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया जा चुका है। सत्र 2023-24 में बस्तर एवं सरगुजा संभाग हेतु 12,489 शिक्षकों की भर्ती की कार्रवाई प्रचलन में है।

महाविद्यालयों के लिए भी सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल, क्रीड़ा अधिकारी के पदों पर 1553 नियुक्तियां की गई थी। इस वर्ष पुन: 1194 शैक्षणिक तथा अशैक्षणिक पदों पर भर्ती के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है।

'गहरी समझ और बड़ी सोच से बदला शिक्षा का परिवेश'

> छत्तीसगढ़ राज्य गठन के समय से अर्थात सन् 2000 से प्रदेश के युवा और नौनिहाल यह सपना देख रहे थे कि स्कूल और कॉलेज की शिक्षा को लेकर गंभीरता से कौन सोचेगा और ऐसे ठोस निर्णय लेगा जिससे तदर्थवाद समाप्त हो। स्कूल-कॉलेज में ऐसे शिक्षक आएं जो अपने और प्रदेश के सुरक्षित भविष्य के बारे में सोचें और काम करें। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के रूप में वास्तव में शिक्षा जगत को एक ऐसा मसीहा मिला है जो क्रांतिकारी और बुनियादी बदलाव पर विश्वास करता है। हजारों की संख्या में स्थायी शिक्षकों की भर्ती श्री बघेल की इसी सोच की परिचायक है।
>
> **-आकाश शर्मा,** नवनियुक्त नियमित शिक्षक, मिडिल स्कूल, बारकेला, जिला-मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर

शाला-मरम्मत के लिए इतिहास का सबसे बड़ा अभियान

4500 करोड़ रुपए की परियोजनाएं

रायपुर। स्कूलों के अच्छे भवन, खेल मैदान तथा अन्य सुविधाओं के बिना सुखद शैक्षणिक वातावरण की कल्पना भी नहीं की जा सकती इसलिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने 4 हजार 500 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 2 परियोजनाएं शुरू की है।

पहली परियोजना 'मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना' के नाम से जानी जाती है। इस योजना हेतु मुख्य बजट 2023-24 में 500 करोड़ राशि एवं प्रथम अनुपूरक बजट 2023-24 में 475 करोड़ राशि का प्रावधान किया गया है। 2133.6 करोड़ लागत के 29 हजार से अधिक विद्यालय चिन्हांकित किए गए हैं। इनमें से 14 हजार से अधिक विद्यालयों में मरम्मत व अतिरिक्त कक्षो के निर्माण का कार्य प्रगति पर है जबकि लगभग 2000 शालाओं में कार्य पूर्ण करा लिये गये हैं।

दूसरी परियोजना है चाक परियोजना। कोरोना काल में वैकल्पिक तरीकों से पढ़ाई जारी रखने से छत्तीसगढ़ अन्य राज्यों की तुलना में तो बेहतर रहा लेकिन नियमित कक्षाओं के न होने से जो नुकसान हुआ उसकी भरपाई के लिए यह परियोजना प्रारंभ की गई है। विज्ञान और वाणिज्य की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए समुचित अधोसंरचना का विकास करने हेतु 'छत्तीसगढ़ एक्सीलेटरेड लर्निंग फार नॉलेज एकॉनॉमी ऑपरेशन (चाक परियोजना) शुरू की गई है, जिसके लिए विश्व बैंक से 2 हजार 460 करोड़ रुपए की सहायता स्वीकृत कराई गई है। इससे 600 मॉडल स्कूलों को सर्वसक्षम बनाया जाएगा।

बस्तर में नक्सली हिंसा के कारण ध्वस्त 300 स्कूल फिर बने, फिर खुले

जनमन रिपोर्ट । बस्तर. बस्तर में नक्सलियों के आतंक, बम विस्फोट की वजह से सैकड़ो स्कूल बंद हो गए थे। बच्चो की पढ़ाई पूरी तरह ठप हो गई थी। चारों ओर आतंक का साया था। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कमान संभालते ही विश्वास और सुरक्षा बहाली पर जोर दिया। इस तरह जनजीवन सामान्य हुआ और नागरिक सुविधाएं भी बहाल होने लगी। धीरे-धीरे 300 स्कूलो का पुनर्निर्माण हो गया और स्कूलों का संचालन भी शुरू हो गया।

स्कूलो में बच्चो की किलकारियां गूंजना किसी अंचल में शांति बहाली का सबसे बड़ा पैमाना होता है। बस्तर मे सघन नक्सल प्रभावित अंचलों में 600 से अधिक गांवों का फिर से बसना और 300 से अधिक स्कूलों में पढ़ाई शुरू होना श्री बघेल के गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के संकल्प के पूरा होने की बानगी है।

विध्वंस से टूटा स्कूल बन गया तो उम्मीदें भी जिंदा

> मैं जगरगुंडा से 3 किलोमीटर दूर मिलमपल्ली गांव की निवासी हूं। जगरगुंडा के शासकीय स्कूल में 12 वीं पढ़ रही हूं। डॉक्टर बनना चाहती हूं। जब हमारा स्कूल टूटा तो अंदाजा नहीं था कि यहीं फिर से पढ़ पाऊंगी। दोरनापाल या सुकमा जाना होता तो आगे पढ़ ही नहीं पाती। शुक्र है कि भूपेश बघेल की सरकार की वजह से हमारा स्कूल बन गया। अब मैं नीट की तैयारी में जुट गई हूं।
>
> **-नूतन कवासी,** ग्राम-मिलमपल्ली, जिला-सुकमा

स्कूल खुला तो गांव लौट आई

> अपने गांव में 12वीं की पढ़ाई कर रही हूं। स्कूल टूटने के बाद सुकमा चली गई थी, लेकिन जब उसे पता चला कि जगरगुंडा गांव में ही अच्छे ढंग से पढ़ाई हो रही है, तो वह वापस अपने गांव लौट आई और अब वह यहीं रहकर नर्सिंग की तैयारी भी कर रही हूं।
>
> **-सोनाक्षी,**
> ग्राम-जगरगुंडा, जिला-सुकमा

नि:शुल्क सरस्वती साइकिल योजना

रायपुर। शासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 9वीं की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं बी.पी.एल. परिवार की वर्ष 2022-23 में 1.58 लाख छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई।

मध्याह्न भोजन में मिलेट फूड योजना

रायपुर। मिलेट से बने पकवानों को भी मिड-डे मील मेनू में शामिल किया गया है। कई निजी सर्वेक्षण में छत्तीसगढ़ के मध्याह्न भोजन को पूरे देश में सर्वोच्च स्थान मिला जो कि अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय है।

संवाद-38664